✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 11 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 7 जून 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



राष्ट्रमंडल यूथ चेस चैम्पियनशिप के विजेता मो. रेयान को चेक प्रदान कर सम्मानित करते सीएम सम्राट चौधरी

### मुख्यमंत्री ने संकल्प सभागार में की खेल विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

# अन्तर्राष्ट्रीय खेलों को बिहार में दी जायेंगी ओलम्पिक स्तर की सुविधाएं : सम्राट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को खेल विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय खेलों को बिहार में ओलम्पिक स्तर की सुविधाएं दी जायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में खेल को बढ़ावा देने के लिये कई कदम उठायें गये हैं। राज्य में विश्वस्तरीय खेल अवसंरचनाओं का निर्माण चरणबद्ध ढंग से किया जा रहा है। युवा एवं प्रतिभावान खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल करने पर उन्हें सम्मानित किया जा रहा है। बेहतर खेल प्रदर्शन के लिये खिलाड़ियों को सुविधायें देने के साथ-साथ उन्हें 'मेडल लाओ नौकरी पाओ' योजना के तहत प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजगीर में निर्माणाधीन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण 31 दिसंबर 2026 तक पूर्ण करें। पटना के डुमरी खेल परिसर में सभी खेलों के लिये अलग-अलग अन्तर्राष्ट्रीय



स्तर के स्टेडियम का निर्माण कराया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य के कुल 8053 ग्राम पंचायतों में से 4700 ग्राम पंचायतों में कुल 5266 में खेल मैदान का निर्माण पूर्ण हो गया है। शेष खेल मैदानों का निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करायें। ग्राम पंचायतों में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन, ग्रामीण के माध्यम से खेल मैदानों का निर्माण कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना स्थित मोइनुल हक स्टेडियम के पुनर्विकास कार्य में तेजी लाने हेतु बीसीसीआई एवं बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के साथ समन्वय स्थापित करें। मोइनुल हक स्टेडियम तक बेहतर सड़क एवं परिवहन कनेक्टिविटी सुनिश्चित करें ताकि खेल के आयोजन के दौरान भीड़ की स्थिति न बने। उन्होंने कहा कि बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर में ऐसे पाठ्यक्रमों को प्राथमिकता दी जाए जिनमें नवाचार, देशस्तर पर उपयोगिता एवं रोजगार की अधिक संभावनाएं हों। जिला स्तरीय खेल भवन-सह-व्यायामशालाओं के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए तथा इनके संचालन एवं रख-रखाव के लिए पीपीपी मॉडल की संभावनाओं का आकलन किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रखंड स्तरीय आउटडोर स्टेडियमों के निर्माण कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए तथा इनके संचालन एवं रख-रखाव की व्यवस्था पीपीपी मॉडल के माध्यम से सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने (शेष पृष्ठ 10 पर)

## झामुमो ने बैद्यनाथ राम को बनाया राज्यसभा उम्मीदवार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**रांची।** झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए होने वाले चुनाव को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने अपने उम्मीदवार के नाम की आधिकारिक घोषणा कर दी है। पार्टी ने अपने केंद्रीय उपाध्यक्ष बैद्यनाथ राम को राज्यसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी बनाया है। शनिवार को रांची स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान झामुमो के केंद्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने इसकी औपचारिक घोषणा की। उन्होंने कहा कि पार्टी पूरी ताकत के साथ बैद्यनाथ राम की जीत सुनिश्चित करेगी। उन्होंने यह भी बताया कि बैद्यनाथ राम आगामी 8 जून को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित राज्य सरकार के कई मंत्री और वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। बता दें कि बैद्यनाथ राम झारखंड की राजनीति का एक अनुभवी चेहरा माने जाते हैं। वे राज्य सरकार में कई महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। वे पूर्व में हेमंत सोरेन सरकार में शिक्षा मंत्री रह चुके हैं। इससे पहले वे भारतीय जनता पार्टी में भी सक्रिय रहे हैं और भाजपा शासनकाल में अर्जुन मुंडा सरकार के दौरान शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसे अहम विभागों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। झामुमो द्वारा बैद्यनाथ राम को उम्मीदवार बनाए जाने के बाद राज्यसभा चुनाव का राजनीतिक समीकरण और अधिक दिलचस्प हो गया है। अब सभी की नजरें नामांकन प्रक्रिया और आगामी चुनावी रणनीतियों पर टिकी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### लोजपा (रा.) ने अशरफ अंसारी को बनाया एमएलसी उम्मीदवार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रा.) ने बिहार विधान परिषद् की एक सीट पर उम्मीदवार ने नाम की घोषणा कर दी है। 19 विधायक वाली पार्टी ने अशरफ अंसारी को उम्मीदवार बनाया है। अशरफ अंसारी पार्टी के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। लोजपा (राम) के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल खालिक ने जानकारी दी है कि केंद्रीय पालियामेंट्री बोर्ड ने बिहार प्रदेश में प्रस्तावित द्विवार्षिक चुनाव 2026 के संदर्भ में विचार विमर्श के बाद कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी को उम्मीदवार बनाया जाता है।

### 10वीं पास मेधावी छात्रों को मिलेगी 75 हजार तक की छात्रवृत्ति

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार शिक्षा परियोजना परिषद ने 10वीं पास मेधावी छात्रों के लिए सरोजिनी दामोदरन फाउंडेशन (एसडीएफ) के बिहार इंटरमीडिएट विद्याधन छात्रवृत्ति कार्यक्रम की जानकारी प्रचारित करने का निर्देश दिया है। राज्य परियोजना निदेशक नवीन कुमार ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के मेधावी छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से यह छात्रवृत्ति योजना चलाई जा रही है। इसके तहत उन छात्रों को लाभ मिलेगा जिन्होंने 10वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। चयनित छात्र-छात्राओं को 10वीं कक्षा के बाद दो वर्ष के लिए 10 हजार रुपये प्रतिवर्ष दो साल तक और उच्च शिक्षा के लिए प्रति वर्ष 20 हजार रुपये से 75 हजार रुपये तक की छात्रवृत्ति दी जाएगी।

### स्पर्श योजना के विजेताओं का सम्मान

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** डाक विभाग 'दीन दयाल स्पर्श योजना के तहत वर्ष 2025-26 के छात्रवृत्ति विजेताओं के लिए शनिवार को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। चीफ पोस्टमास्टर रंजय कुमार सिंह ने सफल विजेताओं को डाक विभाग की ओर से पुरस्कार और छात्रवृत्ति राशि प्रदान की। कहा कि डाक टिकट केवल कागज का टिकट मात्र नहीं बल्कि इतिहास, संस्कृति और ज्ञान का अनमोल जीवंत दस्तावेज हैं। 'स्पर्श' योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों में इस ज्ञानवर्धक शौक को बढ़ावा देना है जिससे उनकी रचनात्मकता और सामान्य ज्ञान का विकास हो सके।

### नालंदा खुला विवि में दूसरे सप्ताह से शुरू होगा नामांकन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** नालंदा खुला विवि (एनओयू) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नामांकन प्रक्रिया जून के दूसरे सप्ताह से शुरू होने की संभावना है। विवि प्रशासन ऑनलाइन आवेदन लेने की तैयारी में जुटा है। इस बार स्नातक के 11 व स्नातकोत्तर के 24 पाठ्यक्रमों में दाखिला लिया जाएगा। विश्वविद्यालय में अधिकतर पाठ्यक्रमों में दाखिला होगा। यहां पर महिलाओं को फीस में छूट दी जाती है। स्नातक के चार वर्षीय कोर्स में दाखिला होगा। पिछले वर्ष विवि में लगभग साढ़े आठ हजार छात्रों ने नामांकन कराया था।

## गैर-इरादतन हत्या और आर्म्स एक्ट में भाजपा विधायक दोषी करार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने मुजफ्फरपुर के साहिबगंज से बीजेपी विधायक राजू कुमार सिंह को गैर-इरादतन हत्या और आर्म्स एक्ट के मामले में दोषी करार दिया है। कोर्ट ने उन्हें हिरासत में लेने का आदेश देने के साथ उनकी पत्नी पत्नी रेनू सिंह, राणा राजेश सिंह और रामेंद्र सिंह को सभी आरोपों से बरी कर दिया है। भारतीय दंड संहिता की धारा 304 (भाग 2) और आर्म्स एक्ट की धारा-30 के तहत उन्हें दोषी ठहराया गया है। यह मामला 31 दिसंबर 2018 को न्यू ईयर पार्टी के दौरान हुई फायरिंग से जुड़ा है। दिल्ली के फतेहपुर बेरी स्थित एक फार्म हाउस में जश्न के दौरान हर्ष फायरिंग से डॉ. अर्चना गुप्ता के सिर में गोली लग गई थी। घटना के बाद फतेहपुर बेरी पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। गंभीर रूप से घायल डॉ. अर्चना गुप्ता का इलाज चल रहा था लेकिन 3 जनवरी 2019 को अस्पताल में उनकी मौत हो गई थी। बता दें कि 9.15 करोड़ रुपए की सालाना आय घोषित करने वाले राजू कुमार सिंह 26 फरवरी 2025 को बिहार सरकार में मंत्री थे। उनका परिवार दवा कारोबार से जुड़ा हुआ है। उनके पिता आनंदपुर खरौनी पंचायत के कई बार मुखिया रह चुके हैं। वहीं भाजपा विधायक राजू कुमार स्वयं चार बार अलग-अलग राजनीतिक दलों के टिकट पर विधायक चुने जा चुके हैं। उनकी पत्नी रेणु सिंह भी पूर्वी चंपारण से एमएलसी रह चुकी हैं।

## दिल्ली से पटना होकर सिलीगुड़ी तक दौड़ेगी बुलेट ट्रेन : वैष्णव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंगाल में बुलेट ट्रेन लाने का वादा किया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्य सचिवालय 'नबन्ना' में मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के साथ बैठक के दौरान यह जानकारी दी। रेल मंत्री ने बताया कि 42 वर्षों में कोलकाता मेट्रो नेटवर्क का केवल 28 किलोमीटर हिस्सा ही पूरा हो पाया था जबकि 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से 45 किलोमीटर मेट्रो लाइनें जोड़ी गई हैं। रेल मंत्री ने शनिवार को कहा कि राज्य के लिए बुलेट ट्रेन शुरू करने का फैसला किया गया है। यह ट्रेन दिल्ली, लखनऊ, वाराणसी और पटना होते हुए सिलीगुड़ी को जोड़ेगी। इस सफर में सिर्फ छह घंटे लगेंगे और यह आरामदायक होगा। अगले पांच सालों में कोलकाता मेट्रो के लिए 60 नई पीढ़ी की ट्रेनें शुरू की जाएंगी और उम्मीद है कि 'डबल-इंजन' सरकार के तहत पश्चिम बंगाल में रेलवे प्रोजेक्ट्स को नई रफ्तार मिलेगी। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अगले पांच सालों में कोलकाता मेट्रो के लिए 60 नई पीढ़ी की ट्रेनें शुरू की जाएंगी। आज मैंने कोलकाता मेट्रो में सफर किया। हम कोलकाता मेट्रो को नया रूप देंगे। मंत्री ने यह भी कहा कि दिल्ली-वाराणसी और वाराणसी-सिलीगुड़ी के बीच प्रस्तावित बुलेट ट्रेन सेवाओं का उद्देश्य यात्रा के समय को तेजी से कम करना है। उन्होंने कहा ि ये हाई-स्पीड कॉरिडोर छह घंटे में सिलीगुड़ी को नई दिल्ली से जोड़ देंगे। बैठक में शामिल होने के लिए



वह शनिवार सुबह दमदम हवाई अड्डे पर पहुंचे। हवाई अड्डे से निकलने के तुरंत बाद रेल मंत्री मेट्रो में चढ़े और यात्रियों से बातचीत की। उन्होंने ऑटो रिक्शा में भी सवारी की। उनके साथ राज्य के मंत्री जगन्नाथ चट्टोपाध्याय और पुरुलिया के सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो भी थे। इसके बाद मुख्यमंत्री और रेल मंत्री ने मीडिया को संबोधित किया और राज्य के लिए कई रेल परियोजनाओं को शुरू करने की घोषणा की। बुलेट ट्रेन के बारे में बात करते हुए रेल मंत्री ने कहा कि इस पर काम जल्द ही शुरू होगा। रेल परियोजना का रास्ता साफ हो गया है और सभी विधायकों ने सहयोग का भरोसा दिया है। उन्होंने नए स्टेशनों और अतिरिक्त ट्रेनों को शुरू करने का भी वादा किया। साथ ही मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने केंद्रीय मंत्री से राज्य में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र पर ध्यान देने का आग्रह किया।

## भारतीय टीम में समस्तीपुर के वैभव सूर्यवंशी का चयन

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के वैभव सूर्यवंशी का सिलेक्शन इंडियन टीम में हो गया है। 15 साल 71 दिन के वैभव को जून-जुलाई में आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के साथ-साथ सितंबर में होने वाले एशियन गेम्स के लिए चुना गया है। वैभव भारतीय क्रिकेट टीम में चुने गए अब तक के सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है। वैभव की कामयाबी पर उनके घर समस्तीपुर के ताजपुर में जश्न का माहौल है। महिलाएं गीत गा कर खुशियां मना रही हैं। वहीं, परिवार और आसपास के लोग एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाए और खुशी में आतिशबाजी की। वैभव सूर्यवंशी के चाचा राजीव सूर्यवंशी ने कहा कि इतनी कम उम्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करना गर्व की बात है। टी-20 मैच के लिए भारतीय टीम में वैभव का सिलेक्शन हो गया है। वैभव ने आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन किया। इससे उसका भारतीय टीम में चयन होना तय था। वैभव के दादा उपेंद्र ने कहा कि मैंने पहले ही भविष्यवाणी कर दी थी, वैभव बहुत आगे जाएगा। आज तक जो भी सिलेक्शन हुआ है वो 16 साल से कम उम्र में नहीं हुआ, पर वैभव का सिलेक्शन 15 साल 71 दिन में हुआ है।

## रेल ओवरब्रिज धंसने के मामले में तीन अभियंता निलंबित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के बक्सर-बरौनी रेलखंड पर स्थित एलसी-70ए रेलवे ओवरब्रिज के धंसने की खबर के बाद सरकार एक्शन मोड में आ गई है। इस मामले पर मंत्री ई। कुमार शैलेंद्र ने बयान जारी किया है। मंत्री ई। कुमार शैलेंद्र ने बताया कि इस पूरे मामले में लापरवाही सामने आने के बाद तीन इंजीनियरों को सस्पेंड कर दिया गया है। इसके साथ ही इस प्रोजेक्ट से जुड़े अन्य बड़े अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने कहा कि हमारा पथ निर्माण विभाग आम लोगों की जान-माल की सुरक्षा को सबसे ऊपर रखता है। काम की क्वालिटी और पुल की मजबूती से किसी भी कीमत पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

## विश्वविद्यालयों में लागू होगा एनएसएस का नया पाठ्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के सभी विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का नया पाठ्यक्रम लागू किया जाएगा। यह पाठ्यक्रम नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप तैयार किया गया है। राज्यपाल एवं कुलाधिपति सैयद अता हसनैन ने चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के चौथे सेमेस्टर के लिए तैयार सिलेबस और कोर्स स्ट्रक्चर को मंजूरी प्रदान कर दी है। इस संबंध में राज्यपाल सचिवालय की ओर से शनिवार को अधिसूचना जारी की गई। अधिसूचना के अनुसार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक द्वारा भेजे गए प्रस्ताव तथा पाठ्यक्रम समिति की अनुशंसाओं पर विचार करने के बाद यह स्वीकृति दी गई है। राष्ट्रीय सेवा योजना का नया सिलेबस चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के चौथे सेमेस्टर में एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स (क्षमता संवर्धन पाठ्यक्रम) के तहत लागू होगा। इसका उद्देश्य छात्रों को अकादमिक शिक्षा के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति भी जागरूक बनाना है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत तैयार इस पाठ्यक्रम से विद्यार्थियों को सामुदायिक सेवा, स्वयंसेवी गतिविधियों और सामाजिक विकास कार्यक्रमों में भागीदारी का अवसर मिलेगा। इससे छात्रों के व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व क्षमता को भी बढ़ावा मिलेगा। एनएसएस को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाए जाने से छात्र-छात्राओं को केवल पुस्तक आधारित ज्ञान तक सीमित नहीं रहना पड़ेगा। वे समाज की जरूरतों को समझते हुए सामुदायिक विकास और जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा सकेंगे।

## सूबे के 27 जिलों में लगेंगे ट्रैफिक सिग्नल

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में लगातार सड़कों का विस्तार हो रहा है। ऐसे में लोगों के गाड़ियों की रफ्तार भी बढ़ी है। सड़कों पर दुर्घटनांए भी बढ़ी है। इन्हीं दुर्घटनाओं को रोकने के लिए 27 जिलों में ट्रैफिक सिग्नल और 40 ट्रैफिक पोस्ट बनेंगे ताकि रोड एक्सीडेंट में कमी आए। विभाग का मानना है कि सिग्नल रहने से गाड़ियों की गति पर अंकुश लगा रहता है। इस कारण से उन सभी जगहों पर सिग्नल लगाए जायेंगे। जहां सड़क दुर्घटनाएं अधिक होती है उन जगहों पर ट्रैफिक पोस्ट बनाने के पीछे विभाग का मकसद है कि हिट एंड रन मामले में वाहन चालकों को पकड़ने में सुविधा हो सकें। विभाग के मुताबिक अब एनएच और एचएच पर भी वैसे जगहों पर ट्रैफिक सिग्नल और पोस्ट की संख्या बढ़ेगी। शहरों के आस-पास के इलाकों में यातायात व्यवस्था बेहतर करने के लिए सभी जगहों 500 से अधिक कैमरा भी लगाये जायेंगे ताकि यातायात नियम तोड़ने वालों पर सख्ती हो सकें। विभाग के मुताबिक 27 जिलों में ट्रफिक सिंग्नल सिस्टम की स्थापना की जायेगी।




# बिहार में तीन नए रिवरफ्रंट एक्सप्रेस-वे की टेंडर प्रक्रिया शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में सड़क कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार ने एक बड़ी योजना पर काम शुरू कर दिया है। गंगा और गंडक नदी के किनारे करीब 220 किलोमीटर लंबे तीन नए फोरलेन रिवरफ्रंट एक्सप्रेस-वे बनाए जाएंगे। माना जा रहा है कि इन सड़कों के बनने से राज्य में यातायात, व्यापार और निवेश को नई रफ्तार मिलेगी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को बिहार राज्य पथ विकास निगम विकसित करेगा। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। पथ निर्माण विभाग के अनुसार परियोजना के लिए विशेषज्ञ एजेंसियों का चयन किया जाएगा। ये एजेंसियां सड़क का डिजाइन, भूमि अधिग्रहण, पर्यावरणीय मंजूरी और अन्य तकनीकी पहलुओं का अध्ययन करेंगी। अगले 12 महीनों में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार होने के बाद निर्माण



लागत तय की जाएगी और फिर निर्माण कार्य शुरू होगा। सरकार इन तीनों एक्सप्रेस-वे को पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर विकसित करेगी। इससे सरकार पर वित्तीय बोझ कम पड़ेगा और निजी निवेश भी आकर्षित होगा। इन तीनों परियोजनाओं का नाम विश्वामित्र पथ, अंबिका पथ और नारायणी पथ रखा गया है। विश्वामित्र पथ करीब 90 किलोमीटर लंबा होगा। यह मनेर से शुरू होकर आरा होते हुए बक्सर तक जाएगा। बक्सर में इस सड़क को उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे और जनेश्वर मिश्र पुल से जोड़ा जाएगा। इससे बिहार से लखनऊ और दिल्ली तक की यात्रा आसान और तेज हो जाएगी। अंबिका पथ लगभग 56 किलोमीटर लंबा होगा। यह बिदुपुर, सोनपुर और दिघवारा को जोड़ेगा। यह सड़क जेपी सेतु, महात्मा गांधी सेतु और कच्ची दरगाह-बिदुपुर पुल से भी जुड़ेगी। इसके बनने से पटना में ट्रैफिक का दबाव कम होगा और प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक पहुंचना आसान हो जाएगा। नारायणी पथ 74 किलोमीटर लंबा फोरलेन एक्सप्रेस-वे होगा। यह सोनपुर के दरिहारा से गोपालगंज के डुमरिया तक गंडक नदी के किनारे बनाया जाएगा। यह मार्ग पटना को ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर से जोड़ेगा। साथ ही माल ढुलाई, व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगा। सारण और गोपालगंज के दियारा क्षेत्रों के विकास में भी यह सड़क महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। पथ निर्माण मंत्री ई. शैलेन्द्र ने कहा कि विकसित बिहार के लक्ष्य (शेष पृष्ठ 10 पर)

C M Y K

# एलसी-70ए आरओबी की संरचना पूर्णतः सुरक्षित

## तकनीकी जांच एवं मरम्मत कार्य जारी : इं. कुमार शैलेन्द्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्य के पथ निर्माण मंत्री ई. कुमार शैलेन्द्र ने बताया कि बक्सर-बरौनी रेलखंड स्थित एलसी-70ए पर रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) अभी निर्माणाधीन है। परियोजना का निर्माण कार्य एवं कमीशनिंग अभी पूर्ण नहीं हुई थी। निर्माण के दौरान एक्सपेंशन जॉइंट के समीप आंशिक क्षति एवं धंसाव की स्थिति उत्पन्न हुई है जिसका कोई प्रतिकूल प्रभाव आरओबी की मुख्य संरचना पर नहीं है। संरचना पूर्णतः सुरक्षित है। मंत्री ई. शैलेन्द्र ने कहा कि निर्माण कार्य के दौरान एक्सपेंशन जॉइंट के समीप कंक्रीट के एक भाग में क्षति उत्पन्न हो गई थी जिसके कारण उस स्थान पर आंशिक धंसाव की स्थिति बनी। तकनीकी विशेषज्ञों के परीक्षण एवं निरीक्षण में पाया गया है कि उक्त घटना का आरओबी की मुख्य संरचना पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा है और संरचना पूर्णतः सुरक्षित है। समयपूर्व यातायात संचालन के परिणामस्वरूप एक्सपेंशन जॉइंट के समीप अतिरिक्त धंसाव उत्पन्न हो गया। घटना की जानकारी प्राप्त होते ही तकनीकी विशेषज्ञों एवं संबंधित अभियंताओं ने तत्काल स्थल निरीक्षण किया और सुरक्षा के दृष्टि से आवश्यक कदम उठाए गए। तकनीकी मानकों के अनुसार क्षतिग्रस्त भाग की मरम्मत एवं उपचार के उपरांत संरचना को आवश्यक मजबूती प्रदान करने के लिए पर्याप्त सेटिंग एवं क्योरिंग अवधि देना आवश्यक था, लेकिन उक्त अवधि पूर्ण होने से पूर्व ही रेलवे प्रशासन ने लेवल क्रॉसिंग पर यातायात बंद कर निर्माणाधीन आरओबी से यातायात संचालन प्रारंभ कर दिया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में रेलवे प्रशासन की ओर से निर्माणाधीन आरओबी पर यातायात संचालन स्थगित कर दिया गया है। आमजन की सुविधा एवं सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुनः लेवल क्रॉसिंग (एलसी) को यातायात के लिए खोल दिया गया है। क्षतिग्रस्त भाग की विस्तृत तकनीकी जांच और आवश्यक मरम्मत कार्य संबंधित एजेंसियां युद्धस्तर पर कार्य कर रही है। संरचना की पूर्ण सुरक्षा एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप संतोषजनक स्थिति सुनिश्चित होने के उपरांत ही आगे की कार्रवाई और यातायात संचालन के संबंध में निर्णय लिया जाएगा। इं. शैलेन्द्र ने बताया कि उक्त परियोजना से जुड़े तीन अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया है और अन्य संबंधित पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण की मांग की गई है। पथ निर्माण विभाग आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। साथ ही परियोजना की गुणवत्ता एवं संरचनात्मक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने किया गुरपा-गझंडी घाट सेक्शन का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने आज गया-कोडरमा-हजारीबाग टाउन-अरगडा-पतरातू-गढ़वा रोड रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने रेलखंड के विभिन्न स्टेशनों, पुल-पुलियों, ओएचई प्रणाली, पथ-रचना तथा ट्रैक की संरक्षा एवं मजबूती का अवलोकन किया। इसी क्रम में महाप्रबंधक द्वारा ग्रैंड कॉर्ड (जीसी) लाइन के गुरपा-गझंडी घाट सेक्शन के मध्य टनल संख्या 01 का विशेष रूप से गहन निरीक्षण किया गया। इस घाट सेक्शन में बीओबीआर रेक के परिचालन प्रारंभ करने के उद्देश्य से इस टनल का रीडिजाइन और डाइमेंशन बढ़ाने का चुनौतीपूर्ण कार्य किया जा रहा है। पिछले महीने ही महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा गुरपा-गझंडी घाट सेक्शन में डाउन लाइन में खाली बीओबीआर रेक के परिचालन के ट्रायल का निरीक्षण किया गया था। अब इस सेक्शन के अप लाइन में भी बीओबीआर रेक के परिचालन के उद्देश्य से इस टनल के डाइमेंशन बढ़ाने के कार्य चल रहा है जिसका महाप्रबंधक द्वारा गहन निरीक्षण किया गया। गुरपा-गझंडी घाट सेक्शन में बीओबीआर रेक ऑपरेशन शुरू करने से बाढ़, बरौनी एन.टी.पी.सी प्लांट्स के लिए वैगन टर्नराउंड में सुधार होगा। इससे वैगन टर्न राउंड में काफी कमी आएगी और रेक की उपलब्धता बढ़ जाने से ज्यादा लोडिंग संभव हो पाएगा। इस अवसर पर धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र तथा मुख्यालय एवं मंडल के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर डॉ मुकेश कुमार ओझा ने की एक पौधा लगाने की अपील



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भारत तिब्बत सहयोग मंच दक्षिण बिहार प्रांत के महामंत्री डॉ मुकेश कुमार ओझा के संयोजकत्व में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शिवाजी पार्क कंकड़बाग में 16 नये गमला में मिट्टी भरकर वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। उक्त अवसर पर मंच के वरिष्ठ कार्यकर्ता शिवाकांत तिवारी की उपस्थिति मुख्य रूप से रही। कार्यक्रम में प्रो. संतोष कुमार शर्मा, शिव भवानी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष लव कुमार सिंह, रुद्र जी, राजीव कुमार सिंह, रंजन कुमार ओझा, संजय कुमार, अनिल कुमार सहित अन्य सहयोगी भी उपस्थित रहे। डॉ मुकेश कुमार ओझा ने भारत के सभी लोगों से एक पौधा लगाने की अपील की।

## सारा हॉस्पिटल पहुंचे मंत्री निशांत कुमार ने स्वास्थ्य सुविधाओं की जमकर की सराहना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राजधानी के हनुमाननगर स्थित सारा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में शनिवार को बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार पहुंचे। इस अवसर पर हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. हर्षवर्धन ने उन्हें अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन करते हुए अस्पताल प्रबंधन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि स्वास्थ्य सेवाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और सारा हॉस्पिटल जैसी संस्थाएं इस लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने हॉस्पिटल द्वारा आयुष्मान भारत के तहत



12 विशेष विभागों की शुरुआत पर खुशी जताई। वहीं हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री का हमारे अस्पताल में आना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। उनके आने से हमारा हौसला और भी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र परिवारों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य कवर मिलता है। इसी के तहत 12 विशेष विभागों की सेवाएं शुरू की गई है जिससे मरीजों को कैशलेश और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सारा हॉस्पिटल में कार्डियोलॉजी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जरी, प्रसूति एवं स्त्री रोग, सामान्य चिकित्सा, ईएनटी, न्यूरोसर्जरी, ऑर्थोपेडिक एवं पॉलीट्रॉमा, यूरोलॉजी, नियोनेटल केयर पैकेज, प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न तथा आपातकालीन डे-केयर जैसी सुविधाएं शामिल है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य बिहार के आयुष्मान कार्डधारक मरीजों को एक ही स्थान पर गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और प्रभावी उपचार उपलब्ध कराना है।

## जेपी ने गांधी मैदान में ही किया था संपूर्ण क्रांति का आगाज



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** सम्पूर्ण क्रान्ति दिवस के अवसर पर पटना के गांधी मैदान में जेपी सेनानियों के स्तर से जेपी गोलम्बर के पास विशाल सभा का आयोजन हुआ। इसमें जेपी सेनानी के नेता राम प्रवेश सिंह की अध्यक्षता में आठ सूत्री मांग को रखा गया। विशाल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर ग्रामीण विकास विभाग, सूचना एवं जन संपर्क मंत्री सह नेता विधायक दल जनता दल (यू) श्रवण कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 5 जून 1974 को लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने पटना के गांधी मैदान में ''सम्पूर्ण क्रान्ति'' का आहवान किया था। यह आन्दोलन सिर्फ सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन का आन्दोलन था। इस समय देश में बढ़ते भ्रष्टाचार, कुशासन और तानाशाही प्रवृतियों के विरुद्ध जेपी सेनानियों ने संघर्ष का विगुल फूंका था। मंत्री ने कहा कि इंदिरा गांधी के तानाशाही और दमनकारी नीतियों के खिलाफ लाखों युवाओं, छात्रों और समाजवादियों ने खून-पसीना बहाकर लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण एवं गौरैया संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** हमारी गौरैया और एनवायरमेंट वॉरियर्स के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पटना में विलुप्त होते देशी फलदार पौधों का पौधारोपण एवं गौरैया संरक्षण जन जागरूकता अभियान चलाया गया। टीम के द्वारा आज पटना कॉलेज, कॉलेज ऑफ कॉमर्स आर्ट्स एंड साइंस कैंपस और पटना विश्वविद्यालय कैंपस में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा पटना के गांधी घाट पर गौरैया संरक्षण जागरूकता अभियान के तहत राजकीय पक्षी गौरैया के संरक्षण हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। संस्था के निदेशक निशांत रंजन ने कहा कि आज के समय में देसी फलदार वृक्ष



तेजी से कम होते जा रहे हैं शहतूत, बड़हर जलेबी जैसे फल आज पूरे पटना के बाजार से गायब हो चुके हैं। इसे वापस लाने के लिए टीम के द्वारा इस वर्ष 1000 शहतूत, जलेबी, बड़हर और इमली जैसे देशी फलदार पौधों लगने का आज से मुहिम शुरू किया गया है। इसके अलावे टीम द्वारा राजकीय पक्षी गौरैया संरक्षण के लिए लगातार मुहिम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में शानू कुमार राज, अदिति रॉय, भूमिका, निश्चल, मासूम, रजनीश, संजन, राजकुमार, निधि, रोजी, विनीता आदि उपस्थित थे।

## प्रतिभा सम्मान में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे डॉ. आनन्द रंजन झा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जंदाहा/वैशाली।** निर्मल इंडिया न्यूज द्वारा आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित 'प्रतिभा सम्मान 2026' समारोह में शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले डॉ. आनन्द रंजन झा मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। यह जानकारी कार्यक्रम के आयोजक द्वारा जारी आमंत्रण पत्र के माध्यम से दी गई है। 7 जून (रविवार) को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य सीबीएसई, आईसीएसई एवं बिहार बोर्ड के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित करना है। साथ ही इन विद्यार्थियों के संस्थान प्रमुखों एवं विद्यालय प्रबंधकों को भी शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित



किया जाएगा। कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा के निदेशक एवं शिक्षा तथा कौशल विकास के क्षेत्र में सक्रिय योगदान देने वाले डॉ. आनन्द रंजन झा जो इस कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक हैं जो समारोह को संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा, समर्पण और कठिन परिश्रम के माध्यम से उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेंगे। उनकी उपस्थिति युवा प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करेगी तथा कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाएगी।

## स्कूलनेट टीम ने कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जंदाहा/वैशाली।** कुशल युवा कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण संस्थान कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा का स्कूलनेट टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने संस्थान की कम्प्यूटर प्रयोगशालाओं, प्रशिक्षण सुविधाओं, विद्यार्थियों की उपस्थिति तथा संस्थान के समग्र संचालन की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान संस्थान प्रबंधन ने प्रशिक्षण गतिविधियों के सुचारु संचालन में आ रही विभिन्न व्यावहारिक एवं संचालन संबंधी समस्याओं को टीम के समक्ष रखा। स्कूलनेट टीम ने सभी समस्याओं को गंभीरता एवं धैर्यपूर्वक सुना तथा आश्वासन दिया कि इन समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और यथाशीघ्र उनका निराकरण किया जाएगा। टीम ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों से भी संवाद किया तथा युवाओं को गुणवत्तापूर्ण




कौशल आधारित शिक्षा उपलब्ध कराने के महत्व पर बल दिया। संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए टीम ने स्वीकार किया कि विभिन्न चुनौतियों के बावजूद कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी निरंतर कौशल विकास के माध्यम से विद्यार्थियों को सशक्त बनाने का कार्य कर रही है। कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के निदेशक डॉ. आनन्द रंजन झा ने स्कूलनेट टीम के सहयोगात्मक दृष्टिकोण एवं संस्थान की समस्याओं को गंभीरता से सुनने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इन व्यावहारिक समस्याओं का शीघ्र समाधान प्रशिक्षण व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करेगा तथा विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण एवं प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने पुनः अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने तथा कुशल, आत्मविश्वासी एवं आत्मनिर्भर युवाओं के निर्माण में अपना योगदान निरंतर देती रहेगी।

## संगठन सृजन अभियान को लेकर कृष्णा अल्लावरु और अध्यक्ष राजेश राम ने की समीक्षा बैठक




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में शनिवार को संगठन सृजन अभियान को लेकर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के साथ जिलाध्यक्षों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक के बाबत प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के माध्यम से संगठन को प्रखंड से लेकर प्रदेश स्तर तक मजबूती देने की प्रक्रिया के तहत यह समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें जिलाध्यक्षों के प्रदर्शन को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई और संगठन सृजन अभियान में कार्यक्रम के समन्वयन को लेकर भी सुझाव और समस्याओं के निवारण को लेकर जिलाध्यक्षों के विचार भी सुने गए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने बताया कि विस्तृत तौर पर प्रत्येक जिले की समीक्षा की गई और जिला अध्यक्षों से संगठन सृजन अभियान को गति देने में आवश्यक सुझाव लिया गया। इस दौरान सभी के वक्तव्यों को सुना भी गया और इस अभियान को जल्द से जल्द पूरा कर सांगठनिक पदों की घोषणा करने को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने बताया कि संगठन के मजबूती के लिए संगठन सृजन अभियान को लेकर जिलाध्यक्षों के साथ इस बैठक में आपूर्ति की आगामी कार्यक्रमों और राजनीतिक गतिविधियों पर भी चर्चा हुई। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व विधान परिषद में दल के नेता डॉ. मदन मोहन झा ने बैठक को संबोधित करते हुए सभी जिलाध्यक्षों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें मजबूती से जिलों में कांग्रेस से आम जनों को जोड़ने की बात को दोहराया।

## पटना में आरोग्यम वेलनेस सेंटर का उद्घाटन

### निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राजधानी पटना के उमा सिनेमा के समीप स्थित आरोग्यम वेलनेस सेंटर का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जदयू के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) संजय सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। वहीं रोहित त्रिवेदी (डायरेक्टर) और गोलोक नाथ बिस्वास विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के आयोजक एवं आरोग्यम वेलनेस सेंटर के संचालक संदीप नारायण लाल भी मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान अनुभवी चिकित्सकों द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने शिविर का लाभ उठाया और विशेषज्ञ डॉक्टरों से स्वास्थ्य संबंधी सलाह प्राप्त की। इस अवसर पर एमएलसी संजय सिंह ने कहा कि समाज के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है। आरोग्यम वेलनेस सेंटर का यह प्रयास लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



उन्होंने केंद्र की टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे संस्थान समाज के स्वास्थ्य स्तर को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। वहीं डायरेक्टर रोहित त्रिवेदी ने कहा कि आरोग्यम वेलनेस सेंटर का उद्देश्य लोगों को आधुनिक एवं समग्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि केंद्र के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ बेहतर उपचार एवं परामर्श की सुविधा भी दी जाएगी। कार्यक्रम के अंत में आयोजक एवं सेंटर के संचालक संदीप नारायण लाल ने सभी अतिथियों, चिकित्सकों एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी जनहित में स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

## एनसीसी भवन में रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम ने किया मेगा हेल्थ चेक-अप कैंप का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** समाज में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने और कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की समय रहते पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम द्वारा महावीर कैंसर संस्थान, पटना के सहयोग से एक कैंसर स्क्रीनिंग कैंप एवं मेगा हेल्थ चेक-अप कैंप का आयोजन किया गया। यह शिविर राजेंद्र नगर स्थित एनसीसी भवन में आयोजित हुआ जहां बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम द्वारा दी गई महावीर कैंसर संस्थान की अत्याधुनिक मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग वैन के माध्यम से कैंसर जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। संस्थान के अनुभवी चिकित्सकों एवं तकनीशियनों की टीम ने उपस्थित




लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा कैंसर की रोकथाम, प्रारंभिक पहचान और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श प्रदान किए। रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम की पूर्व अध्यक्ष सोनल जैन ने बताया कि कैंसर जैसी बीमारियों के प्रति जागरूकता और नियमित स्वास्थ्य जांच समय पर उपचार सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसी उद्देश्य को लेकर इस विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, ताकि अधिक से अधिक लोग निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सके। क्लब के पूर्व अध्यक्ष चिंतन जैन ने इस अवसर पर एनसीसी के सभी बच्चों, चिकित्सकों, सहयोगी संस्थाओं और एनसीसी के अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था भविष्य में भी समाजहित में ऐसे जनकल्याणकारी स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। महावीर कैंसर संस्थान की सीनियर कंसलटेंट डॉ. अंजिली कुमारी ने लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित जांच कराने तथा बीमारी के लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करने की सलाह दी।

## किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने किया दो हजार पौधारोपण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने देशभर में अपने सभी शोरूम्स के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए एक ही दिन में 2000 से अधिक पौधों का रोपण किया। इस विशेष अभियान के तहत कंपनी ने अपने ग्राहकों को भी पौधे उपहार स्वरूप भेंट किए, ताकि अधिक से अधिक लोग हरियाली बढ़ाने और प्रकृति संरक्षण के इस अभियान से जुड़ सकें। इस अवसर पर किसना के सभी शोरूम्स में ग्राहकों के लिए निःशुल्क ज्वेलरी क्लीनिंग सेवा तथा पुराने सोने की शुद्धता जांच और सही मूल्यांकन की विशेष सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।




ग्राहकों ने इस पहल का उत्साहपूर्वक स्वागत किया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर घनश्याम ढोलकिया, संस्थापक, हरि कृष्णा ग्रुप ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारा कर्तव्य है। किसना हमेशा व्यापार के साथ-साथ सामाजिक और पर्यावरणीय दायित्वों को भी प्राथमिकता देता रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस पर देशभर में 2000 से अधिक पौधों का रोपण और ग्राहकों को पौधे वितरित करने का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना तथा हरित भारत के निर्माण में योगदान देना है।

## पटना में 13 जून को जुटेगा नाई समाज, अधिकार और भागीदारी को लेकर होगा शक्ति प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नाई (ठाकुर) समाज की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक भागीदारी सुनिश्चित कराने की मांग को लेकर आगामी 13 जून 2026 को पटना के कृष्ण मेमोरियल हॉल में राज्यस्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन का समय पूर्वाहन 11 बजे निर्धारित किया गया है जिसमें बिहार के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में नाई समाज के लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य नाई (ठाकुर) समाज को एकजुट कर केंद्र एवं राज्य सरकार के समक्ष अपनी भागीदारी और सामाजिक शक्ति का प्रदर्शन करना है। आयोजकों ने बताया कि समाज लंबे समय से राष्ट्रीय केश कला बोर्ड तथा आयोग के गठन की मांग कर रहा है। इसके लिए भारत सरकार से कानून बनाकर इस व्यवस्था को लागू करने की मांग उठाई जाएगी। आयोजकों का कहना है कि सम्मेलन में पारित प्रस्तावों और मांगों को बिहार सरकार के माध्यम से केंद्र सरकार तक पहुंचाया जाएगा, ताकि समाज के हितों से जुड़े मुद्दों पर ठोस पहल हो सके। बैठक में कर्पूरी विकास मंच एवं नाई समाज के अध्यक्ष रामप्रवेश ठाकुर ने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर कर्पूरी विकास मंच के कोषाध्यक्ष उदय ठाकुर, प्रीति शर्मा, विजय ठाकुर, मंटू ठाकुर, दयानंद ठाकुर, चंद्रदीप ठाकुर तथा नंदवंशी सेवा संगठन के अध्यक्ष चंदन भाई नंदवंशी सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद ने पैनल अधिवक्ताओं के सूचीबद्धीकरण को दी स्वीकृति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद ने उच्च न्यायालय, पटना में पर्षद के वैध हितों की प्रभावी पैरवी एवं न्यायालयी कार्यों के सुचारू संचालन को ध्यान में रखते हुए अधिकृत पैनल अधिवक्ताओं के सूचीबद्धीकरण को स्वीकृति प्रदान की है। पर्षद द्वारा जारी आदेश के अनुसार उच्च न्यायालय में लंबित एवं भावी मामलों में प्रतिशपथ-पत्र, बयान तहरीर, तथ्य विवरणी तैयार करने तथा विधिक परामर्श उपलब्ध कराने के लिए पर्षद द्वारा निर्धारित शुल्क पर अधिवक्ता अशोक कुमार और अधिवक्ता राजन दिव्यांशु को पैनल में सूचीबद्ध किया गया है। यह स्वीकृति बिहार राज्य धार्मिक न्यास



पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणवीर नन्दन द्वारा प्रदान की गई है। पर्षद का मानना है कि अधिकृत पैनल अधिवक्ताओं की नियुक्ति से न्यायालयी मामलों के निष्पादन में गति आएगी तथा पर्षद के विधिक हितों की प्रभावी ढंग से रक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

# ग्लोबल ऑपरेशन इन्वेस्टर्स कॉन्क्लेव में निर्यात एवं औद्योगिक विकास पर बल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिला उद्योग केंद्र, सासाराम द्वारा एचओपीटी के सहयोग से शनिवार को ग्लोबल ऑपरेशन इन्वेस्टर्स कॉन्क्लेव 2026 का सफल आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में उद्योग, निर्यात, बैंकिंग एवं निवेश क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों, उद्यमियों, शिल्पकारों, बुनकरों तथा विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य बिहार के शिल्पकारों, हस्तशिल्प उत्पादकों, वस्त्र उद्योग से जुड़े उद्यमियों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों को वैश्विक बाजारों से जोड़ना तथा उन्हें निर्यात के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों से अवगत कराना था। कार्यक्रम का आयोजन चैंबर ऑफ कॉमर्स, बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण एवं एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर




हैंडीक्राफ्ट्स के सहयोग से किया गया। वहीं सरोज इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक एवं पंजाब नेशनल बैंक ने चैनल पार्टनर के रूप में कार्यक्रम को सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरेंद्र कुमार मांझी, राज्य कर संयुक्त आयुक्त ने अपने संबोधन में निर्यात क्षेत्र की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में निर्यात ऐसा क्षेत्र है जो उद्यमियों को सर्वाधिक प्रतिफल प्रदान करने की क्षमता रखता है। उन्होंने स्थानीय उद्योगों एवं उद्यमियों से वैश्विक बाजारों में अपनी भागीदारी बढ़ाने का आहवान किया। विशिष्ट अतिथि बबल कश्यप, प्रतिनिधि चैंबर ऑफ कॉमर्स ने प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय व्यापार के उभरते अवसरों की जानकारी देते हुए कहा कि चीन के प्रसिद्ध कैंटन फेयर के समकक्ष विश्व के सबसे बड़े निर्यात मेलों में से एक का आयोजन आगामी अगस्त माह में भारत में होने जा रहा है जिसमें बिहार के विभिन्न निर्यात उपक्रमों से जुड़े 70 से अधिक प्रतिनिधियों का चयन राज्य का प्रतिनिधित्व करने हेतु किया गया है। उन्होंने इसे बिहार के उद्यमियों एवं निर्यातकों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। इस अवसर पर जिला उद्योग केंद्र, सासाराम के महाप्रबंधक आशीष रंजन ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि एचओपीटी द्वारा आयोजित यह वैश्विक कॉन्क्लेव उन उद्यमियों, शिल्पकारों एवं उद्योगों तक निर्यात के अवसरों को पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है जिन्हें अब तक इस क्षेत्र में अपेक्षित अवसर प्राप्त नहीं हो सके थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अभय आनंद ने बिहार की औद्योगिक क्षमता एवं मानव संसाधन पर विचार व्यक्त करते हुए कहा देश में निर्मित अधिकांश उत्पादों में बिहार के श्रमिकों का योगदान निहित है। किंतु जब अपने राज्य में उद्योग एवं विनिर्माण की संभावनाएं विकसित होती हैं, तब हमारी भागीदारी अपेक्षाकृत कम दिखाई देती है। हमें यह विचार करना होगा कि हम श्रम देने के लिए तो तत्पर हैं, परंतु विनिर्माण और उद्यमिता के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने से क्यों पीछे रह जाते हैं। उनके इस विचारोत्तेजक वक्तव्य ने उपस्थित प्रतिभागियों को आत्मनिर्भर औद्योगिक विकास की दिशा में गंभीरता से सोचने के लिए प्रेरित किया। कॉन्क्लेव के दौरान निर्यात प्रक्रिया, वैश्विक बाजारों की मांग, गुणवत्ता मानकों, अंतरराष्ट्रीय व्यापार नियमों, सरकारी योजनाओं, निवेश अवसरों एवं वित्तीय सहायता से संबंधित विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बैंकिंग संस्थानों के प्रतिनिधियों ने निर्यात वित्तपोषण, ऋण सुविधाओं एवं एमएसएमई क्षेत्र के लिए उपलब्ध विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों को निवेशकों, निर्यातकों, उद्योग विशेषज्ञों एवं वित्तीय संस्थानों के साथ संवाद स्थापित करने का अवसर प्राप्त हुआ जिससे स्थानीय उद्योगों एवं शिल्पकारों के लिए नए व्यावसायिक एवं निर्यात अवसरों के द्वार खुलने की संभावना व्यक्त की गई। यह कॉन्क्लेव बिहार के शिल्प, हस्तशिल्प, वस्त्र उद्योग एवं एमएसएमई क्षेत्र को वैश्विक मंच पर स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ। कार्यक्रम ने राज्य में उद्यमिता, निवेश, विनिर्माण एवं निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान किया तथा आत्मनिर्भर एवं विकसित बिहार के निर्माण के संकल्प को और मजबूत किया।

## डीएम ने फरियादियों की समस्याओं के समाधान हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह के द्वारा शनिवार को जिला पदाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ठ में दैनिक साक्षात्कार किया गया। उक्त दैनिक साक्षात्कार के क्रम में 5 व्यक्तियों के द्वारा आवेदन पत्र/शिकायत पत्र दिया गया जिसमें आवेदक सूर्यनाथ साह, ग्राम नावाडीह, पो. मेयारी, थाना- नोखा के द्वारा मकान निर्माण में बाधा उत्पन्न करने एवं गाली गलौज करने के संबंध में आवेदन पत्र दिया गया जिसे जांच कर उचित कार्रवाई करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सासाराम को निदेशित किया गया। आवेदक दीनानाथ शर्मा, पिता भोला शर्मा, मुहल्ला - टाइगर फिल्ड, गोपालगंज, वार्ड नं.-15, सासाराम के द्वारा रास्ता अतिक्रमण कर के बंद करने के संबंध में आवेदन दिया गया जिसे जांच कर कार्रवाई हेतु अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सासाराम को अग्रसारित किया गया। आवेदक पंकज कुमार, ग्राम धौडाढ़ सासाराम के द्वारा खाद्य मिलावट रोकथाम एवं जनजागरूकता अभियान हेतु सहयोग प्रदान करने के संबंध में आवेदन दिया गया जिसे जांच कर अग्रेतर कार्रवाई हेतु जिला सहकारिता पदाधिकारी रोहतास को निदेशित किया गया। इसी प्रकार शेष एक आवेदन पत्र को संबंधित कार्यालय /पदाधिकारी को शीघ्र निष्पादन हेतु अग्रसारित किया गया।

# सोन नदी में बिना लाइसेंस नावों पर ब्रेक, रजिस्ट्रेशन और लाइफ जैकेट अनिवार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** सोन नदी में अवैध रूप से संचालित हो रही नावों पर प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। सुरक्षा मानकों की अनदेखी और लगातार मिल रही शिकायतों के बाद प्रशासन ने फिलहाल नौका संचालन पर रोक लगा दी है। अब बिना वैध रजिस्ट्रेशन, लाइसेंस और आवश्यक सुरक्षा उपकरणों के किसी भी नाव का परिचालन नहीं हो सकेगा। परिवहन विभाग की टीम ने डिहरी स्थित एनिकट क्षेत्र में सोन नदी का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई नावें बिना आवश्यक दस्तावेजों और सुरक्षा मानकों के संचालित होती पाई गईं। कई नावों पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए लाइफ जैकेट जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं थीं। स्थानीय लोगों और पर्यटकों द्वारा लगातार मिल रही शिकायतों के बाद प्रशासन ने



कार्रवाई का निर्णय लिया। डिहरी अनुमंडल पदाधिकारी निलेश कुमार के निर्देश पर तत्काल प्रभाव से नौका संचालन पर रोक लगाई गई। इसके बाद मोटरयान निरीक्षक गुड्डू कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और नावों की जांच शुरू की। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अब प्रत्येक नाव का विभागीय पंजीकरण अनिवार्य होगा। नाविकों को वैध लाइसेंस रखना होगा तथा नावों पर यात्रियों की संख्या के अनुसार पर्याप्त लाइफ जैकेट उपलब्ध कराना जरूरी होगा। इसके अलावा नावों की तकनीकी स्थिति और वहन क्षमता की भी जांच की जाएगी। एमवीआई गुड्डू कुमार ने बताया कि जांच अभियान दो चरणों में संचालित किया जाएगा। पहले चरण में नाव संचालकों को नियमों की जानकारी देकर आवश्यक दस्तावेज एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की चेतावनी दी जा रही है। दूसरे चरण में दस्तावेजों, सुरक्षा उपकरणों और तकनीकी मानकों की गहन जांच की जाएगी। निर्धारित मानकों का पालन नहीं करने वाले संचालकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से नाव संचालकों में हड़कंप की स्थिति है। कई संचालक अपने दस्तावेज दुरुस्त कराने और नावों का पंजीकरण कराने में जुट गए हैं। वहीं स्थानीय लोगों ने प्रशासन की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और नदी में होने वाले हादसों की संभावना कम होगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सोन नदी में नौका परिचालन केवल निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप ही किया जा सकेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# डीएम ने ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** भारत निर्वाचन आयोग के आदेश के आलोक में जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी उदिता सिंह द्वारा शनिवार को ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का त्रिमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय पुलिस अधीक्षक, निर्वाची पदाधिकारी कारगहर विधानसभा सह भूमिसुधार उपसमाहर्ता सासाराम परमहंस तिवारी एवं कारगहर विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि धर्मेन्द्र कुमार, अग्निशमान पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन, कार्यपालक अभियंता विद्युत एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी रोहतास द्वारा बताया गया कि वाद में सम्मिलित कारगहर विधानसभा का ईवीएम को उच्च न्यायलय पटना द्वारा निर्वाचन वाद से मुक्त कर दिया



गया है जिससे उक्त विधानसभा कि ईवीएम को वीवीपैट वेयरहाउस में सील किया गया था को प्रयोग में लाने के लिए उपलब्ध कर दिया गया है। साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा वेयरहाउस में कार्यरत सीसीटीवी, विद्युत व्यवस्था, हाईडरेंट एवं अग्निशमन यंत्र के सम्बन्ध में उप निर्वाचन पदाधिकारी से प्राप्त की गई। पुलिस अधीक्षक रोहतास द्वारा वेयरहाउस के सुरक्षा हेतु प्रतिनियुक्त पुलिस कर्मियों को उपस्थित, ड्यूटी रोस्टर, सीसीटीवी की क्रियाशीलता एवं सुरक्षा संबंधी एवं अन्य प्रबंधों की जानकारी लीं गईं। निरीक्षण के समय आम आदमी पार्टी के तेज प्रताप सिंह, बीएसपी के जिलाध्यक्ष उपेंद्र कुमार, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रतिनिधि हीरा राम, जदयू के प्रतिनिधि अलख निरंजन, एलजेपीआर के प्रतिनिधि अरुण कुमार सिंह, राजद के जिलाध्यक्ष रामचंद्र ठाकुर, आर एल एम के प्रतिनिधि फारूक अहमद एवं सीपीआई एमएल के प्रतिनिधि रविशंकर उपस्थित थे।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से साइकिल सवार किशोर की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित कैनाल रोड पाली सर्विस लेन पर शुक्रवार की देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल सवार किशोर की मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यू एरिया निवासी 13 वर्षीय आयुष कुमार साइकिल से कोचिंग पढ़ने जा रहा था। इसी दौरान शंकर अस्पताल के समीप तेज रफ्तार से आ रही बीआर 24 एएल 2617 नंबर की क्रेटा कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि किशोर और उसकी साइकिल कार में फंस गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार चालक कुछ दूरी तक किशोर को घसीटते हुए कब्रिस्तान के पास तक ले गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल आयुष को तत्काल डिहरी अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता राजेश कुमार बेटे की मौत से गहरे सदमे में हैं। परिवार का इकलौता पुत्र होने के कारण उसकी असमय मौत ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है। मोहल्ले में भी मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

# शहादत दिवस पर बाबू निशान सिंह को दी जाएगी श्रद्धांजलि, कई मंत्री, विधायक होंगे शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्वतंत्रता संग्राम 1857 के महानायक बाबू निशान सिंह के वीरगति दिवस के अवसर पर 7 जून को डिहरी में भव्य श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर इंजीनियर ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब, डिहरी में कुंवर राणा सामाजिक कल्याण संस्था द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित की गई। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल सिंह, राज्य अध्यक्ष पंकज सिंह एवं राजन राज ने बताया कि बाबू निशान सिंह की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में राज्य सरकार के कई मंत्री, सांसद, पूर्व सांसद, विधायक एवं विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियां शामिल




होंगी। साथ ही बड़ी संख्या में आम लोग भी कार्यक्रम में भाग लेकर महान स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। गोपाल सिंह ने बताया कि बाबू निशान सिंह को 7 जून 1858 को सासाराम में अंग्रेजों ने तोप से बांधकर शहीद कर दिया था। उनकी वीरता और देशभक्ति को स्मरण करते हुए प्रत्येक वर्ष वीरगति दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम नई पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम के नायकों के योगदान से अवगत कराने का भी माध्यम बनेगा। आयोजकों के अनुसार समारोह में मंत्री संजय सिंह, संजय सिंह टाइगर, श्रेयसी सिंह, विधायक आलोक सिंह, विधान परिषद सदस्य संतोष सिंह, निवेदिता सिंह, विशाल सिंह, डिहरी विधायक राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह, औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, विधायक विशाल प्रशांत उर्फ सुशील पांडेय, चेतन आनंद, पूर्व सांसद सुशील सिंह, डुमरांव विधायक राहुल सिंह समेत कई गणमान्य अतिथियों के शामिल होने की संभावना है। प्रेस वार्ता के दौरान अंबुज सिंह, सुशांत सिंह, रवि सिंह, शुभम सिंह, सोनू सिंह सिकरीवाल सहित संस्था के कई सदस्य उपस्थित रहे। आयोजकों ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर बाबू निशान सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की।

## जदयू के बिक्रमगंज नगर अध्यक्ष बने रवि प्रकाश चंद्रवंशी, लोगों में हर्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**बिक्रमगंज (रोहतास)।** जिला मुख्यालय सासाराम के सर्किट हाउस के सभागार में शुक्रवार को जनता दल यूनाइटेड रोहतास जिला इकाई की बैठक में नव मनोनीत जदयू सदस्यों को सम्मानित किया गया जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बिंदा चंद्रवंशी और संचालन जिला प्रवक्ता अलख निरंजन ने की। बैठक में प्रदेश कार्यालय के पत्रांक 99/26 के आलोक में रोहतास जिले के छह प्रखंड व नगर अध्यक्षों के मनोनयन का अनुमोदन प्राप्त होने पर उन्हें प्रमाणपत्र सौंपा गया। इस अवसर पर रवि प्रकाश चंद्रवंशी को बिक्रमगंज नगर अध्यक्ष और बिक्रमगंज प्रखंड अध्यक्ष सद्दाम हुसैन उर्फ कल्लू खां को मनोनयन प्रमाणपत्र सौंप जिलाध्यक्ष बिंदा चंद्रवंशी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर नगर अध्यक्ष रवि प्रकाश चंद्रवंशी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा प्रदेश अध्यक्ष सहित जिलाध्यक्ष बिंदा चंद्रवंशी के प्रति तहेदिल से हार्दिक आभार व्यक्त किया जबकि पार्टी की वरीय कर्मनिष्ठ ईमानदार राज्य परिषद सदस्य सह प्रभारी तरारी विधानसभा अरुणा सिंह का तहेदिल से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज मार्गदर्शन में मुझे यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस पद उपरांत मैं पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता की भूमिका निभाते हुए बिक्रमगंज नगर के जनहित में कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदारी पूर्वक अपने कार्यों का निर्वहन करते हुए पार्टी को मजूबती प्रदान करूंगा।

# गुमनाम रह गए तोप से उड़ाए गए 1857 की क्रांति के शहीद निशान सिंह

**पुण्यतिथि विशेष : 1857 की क्रांति के वीर सेनानी निशान सिंह की शहादत आज भी इतिहास के पन्नों में उपेक्षित**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम/रोहतास।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में अनेक ऐसे वीर क्रांतिकारी हुए जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया, लेकिन उन्हें वह पहचान नहीं मिल सकी जिसके वे वास्तविक हकदार थे। ऐसे ही एक वीर योद्धा थे रोहतास जिले के बड्डी गांव निवासी शहीद निशान सिंह, जिन्होंने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में बाबू वीर कुंवर सिंह के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष किया और अंततः 7 जून 1858 को सासाराम में तोप से उड़ाकर शहीद कर दिए गए। कैमूर पहाड़ी की तराई में स्थित बड्डी गांव के प्रतिष्ठित जमींदार बाबू रघुवर दयाल सिंह के पुत्र निशान सिंह का जीवन वैभव और संपन्नता के बीच बीता, लेकिन देश की गुलामी उन्हें स्वीकार नहीं थी। अंग्रेजी शासन के



अधीन उनके पिता की अच्छी-खासी तहसीलदारी थी और परिवार सुख-सुविधाओं से परिपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहा था। इसके बावजूद निशान सिंह के मन में देश को स्वतंत्र कराने की तीव्र भावना थी। वर्ष 1857 में जब जगदीशपुर के जमींदार बाबू वीर कुंवर सिंह ने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंका, तब निशान सिंह उनके साथ जुड़ गए। बताया जाता है कि आरा जेल का द्वार तोड़कर बंदी क्रांतिकारियों को मुक्त कराने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके अदम्य साहस और पराक्रम से प्रभावित होकर बाबू वीर कुंवर सिंह ने उन्हें कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपीं। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान निशान सिंह ने बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अंग्रेजी सेना के विरुद्ध संघर्ष किया। जगदीशपुर से शुरू हुआ यह विद्रोह बांदा, कालपी, कानपुर, लखनऊ, अयोध्या, आजमगढ़, गोरखपुर और बलिया तक पहुंचा। इस पूरे अभियान में निशान सिंह बाबू वीर कुंवर सिंह के विश्वस्त सहयोगी और छाया की तरह उनके साथ रहे। अंग्रेजी शासन ने उनके बढ़ते प्रभाव और क्रांतिकारी गतिविधियों को देखते हुए उन पर एक हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया। इतना ही नहीं, उनके पिता की जमींदारी समाप्त कर दी गई, संपत्ति जब्त कर ली गई और उनके घरों को ध्वस्त कर दिया गया। इसके बावजूद निशान सिंह अपने लक्ष्य से विचलित नहीं हुए। करीब आठ माह तक चले संघर्ष के बाद 23 अप्रैल 1858 को क्रांतिकारी जगदीशपुर पहुंचे और विजय का उत्सव मनाया। इस दौरान लगातार युद्ध के कारण निशान सिंह का स्वास्थ्य कमजोर हो चुका था। 26 अप्रैल 1858 को बाबू वीर कुंवर सिंह के निधन के बाद वे पालकी से अपने गांव लौटने लगे। रास्ते में एक रात नोखा के समीप बरांव गांव में ठहरने के बाद वे अपने पैतृक गांव बड्डी पहुंचे। वहां अंग्रेजों द्वारा अपने घर को ध्वस्त देख उन्होंने कैमूर पहाड़ी की एक गुफा में शरण ली। यह गुफा आज भी 'निशान सिंह गुफा' के नाम से जानी जाती है। गुफा में रहकर भी वे अंग्रेजों के खिलाफ रणनीति बनाते रहे, लेकिन एक मुखबिर ने इनाम और लालच के कारण उनकी जानकारी अंग्रेजों को दे दी। इसके बाद 5 जून 1858 को अंग्रेज सैनिकों ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। सैन्य न्यायालय में संक्षिप्त सुनवाई के बाद उन्हें मृत्युदंड की सजा सुनाई गई। 7 जून 1858 को सासाराम में उनके अन्य साथियों के साथ उन्हें तोप के सामने खड़ा कर उड़ा दिया गया। बताया जाता है कि विस्फोट की तीव्रता से उनके शरीर के अंग दूर-दूर तक बिखर गए थे। यह घटना भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सबसे क्रूर दमनात्मक अध्यायों में गिनी जाती है। अखिलेश कुमार ने बताया कि सासाराम के गौरक्षणी मोहल्ले में उनकी शहादत की स्मृति में एक स्मारक स्थापित है। इस स्मारक की आधारशिला 18 मार्च 1956 को तत्कालीन रेल एवं परिवहन मंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने रखी थी। वर्तमान में वहां निशान सिंह पुस्तकालय भी संचालित है। हालांकि विडंबना यह है कि जिस स्थान पर देश के इस महान क्रांतिकारी ने सर्वोच्च बलिदान दिया, वह शहादत स्थल आज उपेक्षा का शिकार है। स्थानीय लोगों के अनुसार स्मारक परिसर जर्जर अवस्था में है। परिसर में अवैध रूप से गौशाला संचालित होने और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों के कारण इसकी गरिमा प्रभावित हो रही है। शहीद की स्मृति को संरक्षित करने और शहादत स्थल के समुचित विकास की मांग लंबे समय से उठती रही है। इतिहास के पन्नों में अपेक्षित स्थान न मिलने के बावजूद निशान सिंह का बलिदान भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की अमूल्य धरोहर है। उनकी शहादत आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रभक्ति, साहस और त्याग की प्रेरणा देती रहेगी।

## करें योग रहें निरोग लक्ष्मी नारायण स्वामी जी महाराज ने दिया स्वास्थ्य का संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज(रोहतास)।** संत श्री लक्ष्मी नारायण स्वामी जी महाराज ने कहा कि 'करे योग रहे निरोग'। नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत और जीवन सकारात्मक होता है। स्वामी जी शनिवार को श्रद्धालुओं योग के बारे में संबोधित कर रहे थे। स्वामी जी ने प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, कपालभाति और विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। साथ ही बताया कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव, बीमारी और अशांति बढ़ रही है। इसका सबसे सरल उपाय योग और संयमित जीवन है। सुबह 30 मिनट का योग भी व्यक्ति को पूरे दिन ऊर्जावान रखता है। स्वामी जी ने युवाओं से आग्रह किया कि मोबाइल और सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से बचें और दिनचर्या में योग को स्थान दें। उन्होंने बताया कि स्वस्थ शरीर से ही धर्म, कर्म और सेवा का मार्ग प्रशस्त होता है। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं ने स्वामी जी के मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया और जीवन में योग को अपनाने का संकल्प लिया।

## ब्रेक फेल, नाले में जा घुसा ट्रक, गार्डों की सतर्कता से टला हादसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** बंजारी स्थित डालमिया सीमेंट फैक्ट्री के गेट संख्या-2 के सामने शनिवार को एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। फैक्ट्री परिसर से बाहर निकल रहा एक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पार करते हुए नाले में जा घुसा और आगे जाकर एक दीवार से टकरा गया। घटना का कारण ट्रक का ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक जैसे ही फैक्ट्री गेट से बाहर निकला, चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया। ट्रक तेज गति से सड़क पार करते हुए नाले में उतर गया। उस समय सड़क के आसपास लोगों की आवाजाही भी थी जिससे किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका पैदा हो गई थी।

पर्यटन मंत्रालय MINISTRY OF TOURISM
BODH GAYA
INSTITUTE OF HOTEL MANAGEMENT BODHGAYA
(AN AUTONOMOUS BODY UNDER MINISTRY OF TOURISM GOVT OF INDIA & DEPT OF TOURISM GOVT OF BIHAR)
NCHMCT
BIHAR TOURISM
DEGREE & DIPLOMA IN HOTEL MANAGEMENT

3 Years B.Sc. in Hotel Management Fee:Rs.3,50,000/- Approx.
1½ Year Diploma in F & B Service Fee:Rs.60,000/- Approx.
1½ Year Diploma in Food Production Fee:Rs.82,000/- Approx.

DRCC Facility Available (बिहार सरकार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड) for Hotel Management Degree Course
Degree Awarded by JNU,New Delhi
100 % Job Assistance (देश एवं विदेश के विभिन्न पांच सितारा होटलों, एयर लाइन्स, क्रूज लाइन्स सहित सरकारी एवं अर्धसरकारी विभागों में नौकरी की सुविधा)



हेल्पलाइन नंबर : +91-8987276070, +91-9608271879, 0631-2952143
पता - गया - डोभी रोड, बोधगया - 824234
वेबसाइट : www.ihmbodhgaya.com
ई-मेल : ihmbodhgaya@gmail.com
आयु सीमा की कोई बाध्यता नहीं है

# टी.एस.कॉलेज, हिसुआ एनसीसी इकाई के 12 कैडेट्स बने अग्निवीर

**प्राचार्य और एएनओ ने दी बधाई**



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** मगध विश्वविद्यालय बोधगया की अंगीभूत इकाई टी.एस.कॉलेज हिसुआ के कॉलेज की एनसीसी इकाई के 12 कैडेटों का भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में चयन होने पर कॉलेज परिवार में खुशी और उत्साह का माहौल है। कैडेटों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि को कॉलेज की एनसीसी इकाई के उत्कृष्ट प्रशिक्षण, अनुशासन और युवाओं की मेहनत का परिणाम माना जा रहा है। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो पवन कुमार शर्मा ने चयनित कैडेटों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता न केवल कैडेटों की लगन और परिश्रम का प्रतिफल है, बल्कि कॉलेज की एनसीसी इकाई की गुणवत्ता और समर्पण को भी दर्शाती है। उन्होंने विश्वास जताया कि चयनित युवा भारतीय सेना में अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए देश और संस्थान का नाम रोशन करेंगे। टी एस कॉलेज एनसीसी इकाई की के एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. सुनील कुमार दुबे ने भी चयनित कैडेटों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनसीसी युवाओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति भावना विकसित करने का सशक्त मंच है। उन्होंने बताया कि कैडेटों ने नियमित प्रशिक्षण, कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। कॉलेज प्रशासन, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने चयनित कैडेटों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कैडेटों की इस सफलता से अन्य विद्यार्थियों को भी भारतीय सेना में सेवा देने और राष्ट्र निर्माण में योगदान करने की प्रेरणा मिलेगी। मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि कॉलेज के 12 कैडेट का भारतीय सेना में चयन हुआ है। इन कैडेट्स का चयन हुआ है उनमें अंशु कुमार, रोमित कुमार, गुलशन कुमार, सागर कुमार, अंकित कुमार, गौतम कुमार, शुभम कुमार, कौशल कुमार, देवा भारती, नवीन कुमार, नीतीश कुमार, अंजनी कुमार। इस सफलता पे वितेक्षक डॉ स्वर्गेश कुमार, डॉ संजय कुमार, डॉ रजनीश देव, एन एस एस पदाधिकारी डॉ संजय कुमार चौहान,दिव्या पाण्डेय, डॉ. मांडवी रानी, प्रधान सहायक राजेश कुमार, अनिल कुमार, शैलेंद्र कुमार, सिन्धुकांत, अजय कुमार शर्मा,शंकर कुमार, रौशन कुमार आदि ने बधाई दी।

# 12वीं जूनियर राज्यस्तरीय रग्बी प्रतियोगिता 2026 का शानदार आगाज़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिले के मिर्जापुर स्थित कृष्णा प्रसाद खेल मैदान नवादा में 12वीं जूनियर राज्य स्तरीय रग्बी खेल प्रतियोगिता 2026 का विधिवत रूप से उद्घाटन व शुभारंभ किया गया । इस प्रतियोगिता का उद्घाटन बिहार राज्य रग्बी एसोसिएशन के महासचिव पंकज कुमार ज्योति एवं बिहार राज्य पैडल एसोसिएशन के महासचिव वंदना कुमारी,स्काउट एंड गाइड के जिला संगठन आयुक्त संतु कुमार, नवादा जिला रग्बी एसोसिएशन के सचिव विक्रम कुमार, बिहार राज्य रग्बी संघ के संयुक्त सचिव विशाल, अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष ओंकारनाथ राय, समाजसेवी पड़ाकन चौधरी आदि लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया । मंच का संचालन शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन हुए मैच का रिजल्ट इस प्रकार है। बालक वर्ग में पटना ने दरभंगा को भोजपुर ने अरवल को मुजफ्फरपुर ने जहानाबाद को नालंदा ने भागलपुर को नवादा ने खगड़िया को शेखपुरा ने दरभंगा को अरवल ने वैशाली को जहानाबाद में पूर्णिया को भागलपुर ने सहरसा को भोजपुर ने वैशाली को मुजफ्फरपुर ने पूर्णिया को नालंदा ने सहरसा को वहीं बालिका वर्ग में पटना ने शेखपुरा को नालंदा ने जहानाबाद को नवादा ने भोजपुर को मुजफ्फरपुर ने दरभंगा को अरवल ने शेखपुरा को जहानाबाद ने भागलपुर को भोजपुर ने सिवान को मुजफ्फरपुर ने दरभंगा को पटना ने अरवल को नवादा ने सिवान को हराया रविवार को क्वार्टर फाइनल सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेला जाएगा इस प्रतियोगिता में पूरे राज्य के विभिन्न जिलों के 400 बालक बालिका खिलाड़ी, तकनीकी पदाधिकारी, कोच ,मैनेजर आदि लोगों ने भाग लिया तकनीकी पदाधिकारी व रेफरी के रूप में तकनीकी कमेटी के अध्यक्ष मधुलिका तिवारी मुस्कान कुमारी स्वीटी कुमारी दीपक कुमार प्रदीप कुमार सौरभ कुमार प्रतीक कुणाल मनजीत कुमार विपुल कुमार रितेश रंजन वही वैशाली जिला रग्बी संघ के सचिव रवि रंजन अकादमी के कोच कीर्ति रंजन राहुल कुमार चंदन कुमार गुलशन कुमार गुड्डू फंटूश काजल बिट्टू आदि लोग सहयोग दे रहे थे ।



# सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों का विरोध, गुणवत्ता पर उठाए सवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 8 स्थित विद्यापुरी मोहल्ला में सड़क निर्माण कार्य को लेकर शनिवार को ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने नगर परिषद द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य पर आपत्ति जताते हुए कार्य को तत्काल रोकने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि मध निषेध थाना से आईटीआई कॉलेज गेट होते हुए कॉलेज के दक्षिण बाउंड्री तक सड़क तक सड़क निर्माण का कार्य बुडको कंपनी द्वारा एक सप्ताह पहले शुरू किया गया था और सड़क का समतलीकरण भी कराया जा चुका था। आरोप है कि बाद में नगर परिषद के एक संवेदक ने यह कहकर कार्य रुकवा दिया कि वर्ष 2022 में उक्त सड़क निर्माण का टेंडर उसके नाम से स्वीकृत हुआ था। विरोध कर रहे ग्रामीणों ने संवेदक की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि चार वर्षों तक सड़क निर्माण का कोई कार्य नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले प्रस्तावित सड़क की चौड़ाई 14 फीट और मोटाई 10 इंच निर्धारित थी, जबकि वर्तमान निर्माण में चौड़ाई 10 फीट और मोटाई मात्र 6 इंच रखी गई है, जिससे गुणवत्ता प्रभावित होगी। ग्रामीणों ने मांग किया कि सड़क निर्माण कार्य पूर्व निर्धारित एजेंसी से ही कराया जाए ताकि निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन जारी रहेगा। इस संबंध में ग्रामीणों ने नगर परिषद कार्यालय और अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन भी सौंपा है। नगर परिषद के सहायक अभियंता रामजी कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है और इसकी जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# विद्युत स्पर्शाघात से मृत युवक की पत्नी को पारिवारिक लाभ योजना के तहत मिली सहायता राशि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखण्ड के सोखोदेवरा पंचायत अंतर्गत पावापुरी गोवरैया गांव निवासी मसुदन मांझी को विद्युत करंट की चपेट में आने से हुई असामयिक मौत के बाद प्रशासन ने उनके परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की है। शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में मृतक की पत्नी अनिशा देवी को मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपये का चेक सौंपा। इस दौरान बीडीओ ने शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने परिजनों को अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का भी आश्वासन दिया। ज्ञात हो कि पावापुरी गोवरैया गांव निवासी गांगलु मांझी के 32 वर्षीय पुत्र मसुदन मांझी की शुक्रवार को करंट लगने से मौत हो गई थी। घटना के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था। प्रशासन द्वारा त्वरित पहल करते हुए पारिवारिक लाभ योजना के तहत सहायता राशि उपलब्ध कराई गई, जिससे परिजनों को कुछ राहत मिल सके। मौके पर समाजसेवी योगी त्यागनाथ, प्रखंड नाजिर गोपाल कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यशाला आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नगरनौसा (नालंदा)।** कृषि भूमि, मृदा स्वास्थ्य और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रखंड कृषि कार्यालय में खेत बचाओ अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कृषि पदाधिकारी जन्मेजय सिंह ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसमें सहायक निदेशक भूमि संरक्षण भुदेव राणा सहित कई विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस मौके पर बीएओ जन्मजेय सिंह ने कहा कि खेत बचाओ अभियान केवल सरकारी योजना नहीं बल्कि कृषि और किसानों के भविष्य को सुरक्षित रखने का जनआंदोलन है। उन्होंने किसानों से मृदा संरक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग, जल संरक्षण और पर्यावरण अनुकूल खेती अपनाने की अपील की। प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिकों ने मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, फसल विविधीकरण, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा जलवायु-अनुकूल कृषि तकनीकों की जानकारी दी। किसानों को मृदा जांच, फसल चक्र, हरी खाद, जैविक खाद निर्माण तथा वर्षा जल संरक्षण के महत्व से भी अवगत कराया गया। बैठक में कृषि कर्मियों को गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाने और किसान चौपाल के माध्यम से अधिकाधिक किसानों तक अभियान की जानकारी पहुंचाने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में किसानों की समस्याओं का समाधान किया गया तथा सभी ने अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रखंड किसान सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष जितेन्द्र प्रसाद, सदस्य मिथलेश कुमार, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक अमीत कुमार, कार्यपालक सहायक संदीप पाण्डेय, कृषि समन्वयक श्रवण कुमार, मनोज कुमार, विश्वकांत कुमार वर्मा, शोभा कुमारी, किसान सलाहकार कमलेश कुमार,चन्द्रमणी कुमार, शिखा शुमन , प्रियंका कुमारी एवं प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।



# लोक संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों की सुनीं गईं समस्याएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश तथा आईजी विकास वैभव के आदेश पर कौआकोल थाना क्षेत्र के केवाली गांव में लोक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कौआकोल थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं दर्जनों ग्रामीणों की उपस्थिति रही। लोक संवाद कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। लोगों ने भूमि विवाद, आपसी झगड़े, शराबबंदी, साइबर अपराध तथा विधि-व्यवस्था से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। पुलिस पदाधिकारियों ने कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया तथा शेष मामलों के शीघ्र निष्पादन का आश्वासन दिया।थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों से पुलिस-जन सहयोग को मजबूत बनाने की अपील करते हुए कहा कि अपराध नियंत्रण एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में आम जनता की सहभागिता महत्वपूर्ण है। उन्होंने लोगों को साइबर ठगी, नशाखोरी और अन्य आपराधिक गतिविधियों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से पुलिस और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित होता है तथा स्थानीय समस्याओं के समाधान में मदद मिलती है।

# लोक संवाद गोष्ठी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज,नवादा।** पुलिस अब थाने से निकलकर सीधे जनता के बीच पहुंच रही है। इसी कड़ी में इंटर विद्यालय ओड़ो में मगध आइजी विकास वैभव के निर्देशानुसार एक विशेष लोक संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने किया। मौके पर एसआई अभिषेक कुमार व धीरेंद्र कुमार भी मौजूद रहे। थानाध्यक्ष ने ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए कहा कि छोटे-मोटे विवादों को कोर्ट-कचहरी ले जाने के बजाय ग्राम कचहरी में आपसी सहमति से सुलझाएं, ताकि आपसी भाईचारा बना रहे। मौके पर ओड़ो पंचायत मुखिया चिंता देवी, सरपंच शीला देवी, समाजसेवी गौरव कुमार छोटी, चंदन कुमार, न्याय सचिव नंदकिशोर राजवंशी, अरुण कुमार सिंह, विक्की कुमार, रविन्द्र मिस्त्री, वार्ड सदस्य महेश यादव, विपिन कुमार, शंकर दयाल शर्मा, मुकेश यादव, ने उपस्थित होकर क्षेत्र की कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए।

# हरनौत कृषि विज्ञान केंद्र में मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** हरनौत बाजार स्थित कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में मशरूम उत्पादन एवं प्रसंस्करण विषय पर आयोजित पांच दिवसीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को प्रमाणपत्र वितरण के साथ संपन्न हो गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रतिभागियों का मूल्यांकन भी किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र की वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ सीमा कुमारी ने बताया कि यह प्रशिक्षण 2 जून से 6 जून तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना तथा उन्हें मशरूम उत्पादन की वैज्ञानिक तकनीकों की जानकारी प्रदान करना था। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मशरूम बीज उत्पादन की प्रक्रिया, खाद तैयार करने की विधि, फसल प्रबंधन तथा आवश्यक उपकरणों के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। गृह विज्ञान की वैज्ञानिक डॉ ज्योति सिन्हा ने कहा कि मशरूम में प्रोटीन, फाइबर, विटामिन एवं खनिज तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। उन्होंने बताया कि मशरूम की खेती कम स्थान में भी आसानी से की जा सकती है, जिससे यह सीमित भूमि वाले किसानों और युवाओं के लिए रोजगार का बेहतर विकल्प बन सकती है। उन्होंने कहा कि मशरूम उत्पादन युवाओं के लिए लाभदायक व्यवसाय साबित हो सकता है। इससे न केवल उनकी आय में वृद्धि होगी, बल्कि कृषि अपशिष्ट का भी बेहतर उपयोग संभव होगा। कार्यक्रम के दौरान उद्यान विज्ञान की वैज्ञानिक कुमारी विभा रानी सहित कृषि विज्ञान केंद्र के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशिक्षण के सफल समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

# नगरनौसा प्रखंड प्रमुख के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नगरनौसा (नालंदा)।** नगरनौसा प्रखंड प्रमुख रंजु कुमारी के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव शनिवार को भारी बहुमत से पारित हो गया। इसके साथ ही प्रखंड प्रमुख की कुर्सी चली गई और प्रमुख का पद रिक्त हो गया। प्रखंड प्रमुख के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद प्रखंड राजनीति में हलचल तेज हो गई है। बैठक की अध्यक्षता उपप्रमुख सुमंती देवी ने की। बैठक में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के बाद मतदान कराया गया जिसमें उपस्थित दस पंचायत समिति सदस्यों ने एक मत होकर प्रखंड प्रमुख पर लाया गया अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया जिसके बाद प्रखंड प्रमुख रंजु कुमारी के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव शनिवार को भारी बहुमत से पारित हो गया। इसके साथ ही प्रखंड प्रमुख की कुर्सी चली गई और प्रमुख का पद रिक्त हो गया। प्रखंड प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद पंचायत समिति सदस्य शुशीला कुमारी ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि प्रखंड प्रमुख कभी भी सदस्यों के साथ बैठकर क्षेत्र के विकास को लेकर चर्चा नहीं करते थे। कार्यालय में भी एक घण्टे से ज्यादा नहीं बैठते थे। बैठक में पंचायत समिति सदस्य सत्येंद्र पासवान, आशा देवी, ललीता कुमारी, अंतरा देवी, शिरोमणि कुमार, संजय कुमार वर्मा,धर्मा कुमारी, मृदुला कुमारी, सुमंती देवी, सुशीला कुमारी उपस्थित थे।



# दलित एवं आदिवासी पंचायत प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** दलित एवं आदिवासी समुदाय के पंचायत प्रतिनिधियों को सशक्त एवं जागरूक बनाने के उद्देश्य से पारा द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ नवादा जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष ने पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की जड़ें पंचायतों में मजबूत होती हैं। जनप्रतिनिधियों को अपने अधिकारों, कर्तव्यों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी होना आवश्यक है, ताकि वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचा सकें। कार्यक्रम में नवादा जिला कल्याण पदाधिकारी प्रकाश प्रिय रंजन सहित कई गणमान्य अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न पंचायतों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों को स्थानीय शासन व्यवस्था, सामाजिक न्याय, सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, नेतृत्व विकास तथा समुदाय के अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

# रजौली नगर पंचायत में सशक्त स्थायी समिति की पहली बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** रजौली नगर पंचायत कार्यालय में विकास की गति तेज करने और बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए सशक्त स्थायी समिति की पहली बैठक आयोजित की गई। नगर पंचायत अध्यक्ष मानती देवी की अध्यक्षता में हुई बैठक में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नगर के समग्र विकास पर गहन विचार-विमर्श किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के समावेशी विकास को सुनिश्चित करना और चल रहे कार्यों की समीक्षा कर आगामी योजनाओं की मजबूत रूपरेखा तैयार करना था। इस दौरान मुख्य पार्षद मानती देवी, उप मुख्य पार्षद फिरोजा खातून और नगर पंचायत पदाधिकारी आतीष रंजन सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई। सशक्त स्थायी समिति के नवनियुक्त सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कमेटी में वार्ड -3 के मुकेश कुमार, वार्ड 14 के धीरज कुमार चौधरी और वार्ड 11 की रेखा कुमारी शामिल हैं। पहली बार चुने गए सदस्यों को नगर पंचायत की कार्यप्रणाली, चल रही व्यवस्थाओं और प्रशासनिक नियमों की जानकारी दी गई। स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार की मौजूदगी में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था और आधुनिक सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण पर प्रमुखता से चर्चा हुई। शौचालय निर्माण की बाधा दूर करने पर सहमति बनी। अस्पताल के समीप रजौली जाने वाले मार्ग पर जमीन चिह्नित की गई है। अधिकारियों ने बताया कि जल्द अतिक्रमण हटाकर एनओसी की प्रक्रिया पूरी कर निर्माण शुरू किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि नगर पंचायत क्षेत्र में करीब 200 विकास कार्य चिह्नित हैं। इनमें से 30 से 35 महत्वपूर्ण कार्य पूरे हो चुके हैं। शेष कार्यों को तेजी से पूरा करने पर जोर दिया गया। लंबित कार्यों के कारणों की पहचान कर जल्द निपटारा करने का निर्देश दिया गया। बैठक के बाद पत्रकारों ने 10 लाख की लागत से बने छठ घाट को तोड़े जाने और ऊंचाई अधिक होने से व्रतियों को हो रही परेशानी का मुद्दा उठाया। नगर पंचायत पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह एजेंडे में शामिल नहीं था, लेकिन लिखित शिकायत मिलने पर निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि सभी प्रस्तावों को अगली सशक्त स्थायी समिति की बैठक में विस्तार से रखा जाएगा। इसके बाद अंतिम मंजूरी के लिए मुख्य बोर्ड की बैठक में भेजा जाएगा। बोर्ड से स्वीकृति मिलते ही नए और रुके हुए विकास कार्यों का क्रियान्वयन शुरू होगा, जिससे रजौली की सूरत बदलेगी।




# राजगीर मलमास मेला आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक आस्था का अद्भुत संगम : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अपने परिवार के साथ राजगीर के ऐतिहासिक एवं विश्वविख्यात मलमास मेला पहुंचें । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजगीर का मलमास मेला सनातन संस्कृति, धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक साधना का अद्भुत संगम है, जो देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक परंपराओं से जोड़ने का कार्य करता है। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि वे रात्रि लगभग 12 बजे अपने परिवार सहित राजगीर पहुंचे तथा ब्रह्ममुहूर्त में पवित्र कुंडों में स्नान कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने राज्य एवं देश की सुख-शांति, समृद्धि, खुशहाली तथा जनकल्याण के लिए देवी-देवताओं से प्रार्थना की। साथ ही उन्होंने जरासंध की पावन धरती पर मां जरा देवी एवं महाराज जरासंध को नमन करते हुए कहा कि मलमास मेले के सुव्यवस्थित आयोजन की परंपरा मगध के चक्रवर्ती सम्राट महाराज जरासंध से जुड़ी हुई मानी जाती है। उन्होंने कहा कि महाराज जरासंध के जीवन में भक्ति और शक्ति दोनों का विशेष महत्व था। स्नान, दान, पूजा एवं कुश्ती उनकी दिनचर्या का अभिन्न अंग था और उनका मल्लयुद्ध आज भी विश्वभर में प्रसिद्ध है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मलमास की अवधि में समस्त देवी-देवता राजगीर में निवास करते हैं, जिसके कारण यहां स्नान, दान एवं पूजा-अर्चना का विशेष महत्व माना जाता है। बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि श्रद्धालुओं की यह अटूट आस्था ही है कि लाखों लोग राजगीर पहुंचकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करते हैं और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए आराधना करते हैं। उन्होंने कहा कि राजगीर धार्मिक महत्व के साथ-साथ ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यटन की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है।



# पर्यावरण दिवस पर भाजपा ने लगाया एक पेड़ मां के नाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सह हरनौत विधानसभा संयोजक धीरेंद्र रंजन ने पर्यावरण दिवस के मौके पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत चंडी प्रखंड के रुखाई ग्राम में अनेकों पौधों का वृक्षारोपण किया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाजपा मंडल महामंत्री निबोध कुमार, युवा भाजपा नेता सौरव कुमार, रोहित कुमार, रजनीश कुमार सहित कई ग्रामीण इस अभियान में सहयोगी थे। इस मौके पर धीरेन्द्र रंजन ने कहा आज विश्व पर्यावरण दिवस है आज के दिन से मानसून खासकर पूरे बरसात के मौसम तक जिले के प्रत्येक नागरिकों को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की जिस तरह गर्मी के दिनों में अधिकतम तापमान साल दर साल बढ़ते जा रहा है, पहले तापमान गर्मी के दिनों में 32 डिग्री सेल्सियस से 38 डिग्री सेल्सियस अधिकतम होता था। आज तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से 42 से 43 डिग्री तक पहुंच जा रहा है। उस स्थिति में वृक्षारोपण ही है जो लगातार बढ़ रहे तापमान को नियंत्रित कर सकता है, आज विकास के इस दौर में पौधे की अत्यधिक कटाई एवं सीमेंट के अत्यधिक प्रयोग से भी गावों में भी तापमान दिन के साथ रात में भी काफी अधिक एवं असहनीय गर्मी पड़ती है।



# सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें, यातायात नियमों का पालन जरूरी : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार शनिवार को गया जिला समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री तथा गया के सांसद जीतन राम मांझी के साथ शामिल हुए। बैठक में जिले में सड़क सुरक्षा व्यवस्था, दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा यातायात प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक प्रत्येक तीन माह पर नियमित रूप से आयोजित की जानी चाहिए, ताकि सड़क सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की निरंतर समीक्षा हो सके। उन्होंने कहा कि केवल सांसद एवं विधायक ही नहीं, बल्कि पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधियों को भी सड़क सुरक्षा अभियान से जोड़ना आवश्यक है। इसके लिए प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर नियमित बैठकों का आयोजन किया जाए तथा गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) के माध्यम से जन-जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाए। डॉ. प्रेम कुमार ने गया शहर में अवैध रूप से संचालित ट्रैक्टरों एवं बालू ढोने वाले वाहनों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बड़ी संख्या में ट्रैक्टर बिना निर्धारित मानकों एवं यातायात नियमों का पालन किए सड़कों पर चल रहे हैं जिससे आम नागरिकों की सुरक्षा गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। उन्होंने बताया कि विगत दिनों गया शहर के उत्तरी भाग छोटकी नवादा क्षेत्र के वार्ड संख्या 4 एवं 5 में चार लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हुई है। ट्रैक्टरों से संबंधित कई सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं जिनमें राहगीरों एवं आम नागरिकों की मृत्यु हुई है। हाल ही में गया रेलवे स्टेशन के समीप शनि मंदिर के पास परीक्षा देकर लौट रहे एक छात्र की ट्रैक्टर दुर्घटना में मृत्यु अत्यंत दुखद एवं चिंताजनक है। उन्होंने जिला प्रशासन, परिवहन विभाग एवं पुलिस प्रशासन को निर्देशित करते हुए कहा कि अवैध रूप से संचालित ट्रैक्टरों तथा बालू ढोने वाले वाहनों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया जाए तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्य सड़कों पर सुरक्षित यातायात के लिए क्रॉसिंग पेंटिंग, रोड साइनेज, रम्बल स्ट्रिप, गति अवरोधक सहित अन्य सुरक्षा उपाय स्थापित किए गए हैं। पथ प्रमंडल संख्या-01, गया द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार ब्लैक स्पॉट वाले मार्गों पर रोड साइन बोर्ड, स्पीड लिमिट बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, जेबरा क्रॉसिंग एवं रोड डेलिनेटर लगाए गए हैं। टंक एरिया, जेल एरिया, दिनेश रोड सहित विभिन्न सड़कों पर रोड साइन बोर्ड स्थापित किए गए हैं तथा मस्तालिपुर, मेहता पेट्रोल पंप के समीप एवं शहर के अन्य स्थानों पर जेबरा क्रॉसिंग की व्यवस्था की गई है। जिला परिवहन पदाधिकारी, गया द्वारा सूचित किया गया कि इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने के लिए सर्वेक्षण कराया गया है तथा जिले के 27 संभावित दुर्घटना स्थलों की पहचान कर प्रतिवेदन तैयार किया गया है। अधिकारियों ने जानकारी दी कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा, अतिक्रमण, अवैध पार्किंग, अनधिकृत निर्माण, दुर्घटना संभावित स्थलों की निगरानी, हाईवे पेट्रोलिंग तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को सुदृढ़ बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। बैठक में यह भी बताया गया कि विभिन्न विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से जिला हाईवे सेफ्टी टास्क फोर्स का गठन किया गया है जो सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं सतत अनुश्रवण सुनिश्चित करेगा। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासनिक विषय नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व भी है। सभी विभागों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के सामूहिक प्रयास से ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है तथा सुरक्षित यातायात व्यवस्था स्थापित की जा सकती है।

## भोला मिश्रा के निधन पर डॉ. प्रेम कुमार ने जताया शोक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं बोधगया निवासी भोला मिश्रा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। डॉ. प्रेम कुमार ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्वर्गीय भोला मिश्रा भारतीय जनता पार्टी के समर्पित, कर्मठ एवं लोकप्रिय कार्यकर्ता थे। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने तथा समाज के विभिन्न वर्गों के बीच पार्टी की विचारधारा को पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका निधन भाजपा परिवार एवं सामाजिक जीवन के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय मिश्रा का सादगीपूर्ण व्यक्तित्व, जनसेवा के प्रति समर्पण तथा संगठन के प्रति उनकी निष्ठा सदैव स्मरणीय रहेगी। उनके द्वारा किए गए सामाजिक एवं संगठनात्मक कार्य आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देते रहेंगे।

## गयाजी रेलवे स्टेशन से तीन चोर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** गया रेलवे स्टेशन पर 'ऑपरेशन यात्री सुरक्षा' के तहत बड़ी कार्रवाई की गई है। रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेल पुलिस की संयुक्त टीम ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। चोरी के 2 मोबाइल और एक लेडीज पर्स बरामद किया गया।

## आईजी विकास वैभव के निर्देश पर लोक संवाद गोष्ठी का आयोजन




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** शनिवार को टिकारी क्षेत्र के सभी थाना द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के सार्वजनिक जगहों पर लोक संवाद गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मगध क्षेत्र के आईजी विकास वैभव के निर्देश पर आयोजित गोष्ठी में पुलिस पदाधिकारियों ने आमजनों की समस्या सुनी व कई का ऑन स्पॉट निपटारा की। टिकारी राज स्कूल के मैदान में टिकारी थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार की ओर से आयोजित गोष्ठी में पहुंचे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुशांत कुमार चंचल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक थाना स्तर पर प्रत्येक माह के पहले शनिवार को लोक संवाद गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य पुलिस व आम जनता के मध्य विश्वास व समन्वय बढ़ाना है ताकि आमजन बिना किसी भय के शिकायत व सुझाव पुलिस अधिकारी तक पहुंचा सके। श्री चंचल ने गोष्ठी के आयोजन से अपराध मुक्त समाज का निर्माण व जनसहभागिता को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण बताया। गोष्ठी में एसआई हिमांशु पप्पू, कन्हैया कुमार, एएसआई साजिद अहमद, रविंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर पंचानपुर एसएचओ पद्माकर उपाध्याय द्वारा पंचायत सरकार भवन में, मउ एसएचओ पीयूष कुमार जायसवाल द्वारा मउ ग्राम स्थित विवाह मंडप में, अलीपुर एसएचओ सत्यम द्वारा चैता पंचायत सरकार भवन, पुरा एसएचओ सुष्मिता राज द्वारा मुसी पंचायत सरकार भवन में लोक संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया।

## फायरिंग प्रतियोगिता में प्रिया कुमारी ने जीता गोल्ड मेडल, क्षेत्र का बढ़ाया मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच (गया)।** प्रखंड की आंती पंचायत अंतर्गत सिमरहुआ गांव निवासी प्रिया कुमारी ने राज्य स्तरीय फायरिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रिया, सुनीता कुमारी एवं संजय यादव की 19 वर्षीय पुत्री हैं और वर्तमान में कर्नाटक के बेंगलुरु में बीटेक में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही है। जानकारी के अनुसार प्रिया ने स्टेट लेवल बटालियन द्वारा आयोजित फायरिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। प्रिया की सफलता पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उल्लेखनीय है कि प्रिया की मां सुनीता कुमारी आंती पंचायत की वर्तमान मुखिया हैं। प्रिया की इस उपलब्धि को क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत माना जा रहा है।

## सिक्किम उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति ने किया महाबोधि महाविहार का दर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बोधगया।** विश्व धरोहर स्थल महाबोधि मंदिर में शनिवार को सिक्किम उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एवं पटना उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश के परिजनों सहित अन्य अतिथियों ने दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर भगवान बुद्ध का आशीर्वाद प्राप्त किया। उच्च न्यायालय पटना से मिली जानकारी के अनुसार सिक्किम उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति भास्कर राज प्रधान अपने परिवार एवं सहयोगी कर्मियों के साथ बोधगया पहुंचे। वहीं पटना उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश मीनाक्षी मदन राय के परिवार के सदस्य एवं अतिथि भी गया भ्रमण के क्रम में महाबोधि मंदिर पहुंचे। दोनों शिष्टमंडलों ने महाबोधि मंदिर में एक साथ भगवान बुद्ध के समक्ष श्रद्धापूर्वक नमन किया तथा विश्व शांति एवं मानव कल्याण की कामना की। महाबोधि मंदिर परिसर पहुंचने पर बीटीएमसी के सचिव डा. महाश्वेता महारथी एवं केयर टेकर भिक्षु दीनानन्द ने अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके उपरांत उन्हें मंदिर के गर्भगृह भगवान बुद्ध के समक्ष पूजा-अर्चना एवं मंगल सुत्रपाठ कराकर इन सभी के सुख, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की गई। इसके उपरांत अतिथियों ने पवित्र बोधि वृक्ष का दर्शन किया तथा महाबोधि मंदिर परिसर के विभिन्न पवित्र स्थलों का भी अवलोकन किया। उन्होंने महाबोधि मंदिर की आध्यात्मिक गरिमा, शांत वातावरण एवं व्यवस्थाओं की सराहना की एवं विजीटर पुस्तिका में अपने भाव व्यक्त किए। अंत में बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से मुख्य पुजारी भन्ते चालिंदा, भंते डा. मनोज एवं सदस्य किरण लामा ने न्यायमूर्ति एवं अतिथियों को भगवान बुद्ध की मूर्ति, पवित्र बोधि वृक्ष का पता, महाबोधि महाविहार से संबधित पुस्तिका एवं मंदिर में चढ़ा हुआ चीवर स्मृति-चिहन के रूप में दिया जिसको उन्होंने ने अत्यंत श्रद्धापूर्वक स्वीकार किया।

## मगध मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों का प्रदर्शन, ओपीडी सेवा ठप


नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** अनुग्रह मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में आज जूनियर डॉक्टरों ने प्रदर्शन किया। इससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुईं। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर डॉक्टरों के प्रदर्शन के कारण अस्पताल की ओपीडी सेवाएं ठप हो गईं। सैकड़ों मरीजों को बिना इलाज के वापस लौटना पड़ा।

मगध मेडिकल कॉलेज में गया सहित आसपास के जिलों और ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए आते हैं। शनिवार को भी सुबह से ही लंबी कतारें लगी थीं। दूर-दराज से आए कई मरीजों को डॉक्टरों के आंदोलन के कारण निराशा हाथ लगी क्योंकि ओपीडी सेवाएं बाधित होने से उन्हें न तो चिकित्सकीय सलाह मिली और न ही उपचार मिली। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के मरीजों ने अपनी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बार-बार अस्पताल आना उनके लिए मुश्किल है और ऐसे आंदोलनों से सबसे ज्यादा नुकसान गरीब मरीजों को होता है। जूनियर डॉक्टरों ने बताया कि वे लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, अस्पताल में पर्याप्त एयर कंडीशनिंग व्यवस्था न होने से भीषण गर्मी में काम करना मुश्किल हो गया था। ओपीडी और ऑपरेशन थिएटर जैसे महत्वपूर्ण विभाग भी प्रभावित हो रहे थे।

## बंद घर का ताला तोड़ लाखों के जेवर की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच (गया)।** थाना क्षेत्र की खजूरी पंचायत अंतर्गत सलेमपुर गांव में शुक्रवार देर रात चोरों ने एक बंद घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये मूल्य के जेवरात की चोरी कर ली। घटना से गांव में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार सलेमपुर निवासी धनंजय पासवान, पिता ऐतवार पासवान अपने परिवार के साथ रोजगार के सिलसिले में राजस्थान के बीकानेर में रहते हैं। इसी दौरान चोरों ने उनके बंद पड़े घर का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और जेवरात सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। बताया जाता है कि चोरी की घटना को अंजाम देने से पहले चोरों ने आसपास के कई घरों के दरवाजों को बाहर से बंद कर दिया था, ताकि कोई जागकर विरोध न कर सके। शनिवार सुबह घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। पीड़ित परिवार द्वारा मामले की लिखित शिकायत स्थानीय थाना में दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## समर्थ पोर्टल के क्रियान्वयन को लेकर कुलपति ने प्राचार्यों के साथ की बैठक

### उच्च शिक्षा संस्थानों में डिजिटल एवं पारदर्शी व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए समर्थ पोर्टल की भूमिका महत्वपूर्ण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के गणित विभाग स्थित रामानुज सभागार में विश्वविद्यालय के सभी अंगीभूत एवं नवस्थापित महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कार्यवाहक कुलपति प्रो दिलीप कुमार केशरी ने की। बैठक में कुलसचिव डॉ. बिनोद कुमार मंगलम, अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो. पी. के. चौधरी, सीसीडीसी डॉ. संजय तिवारी, कुलानुशासक प्रो. के. डी. पी. वर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. प्रतिम पार्थ दास सहित विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी एवं शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-28 से स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में नामांकन की प्रक्रिया को समर्थ पोर्टल के माध्यम से संचालित किए जाने संबंधी निर्देशों के आलोक में महाविद्यालयों की तैयारियों की समीक्षा करना तथा प्राचार्यों की शंकाओं एवं समस्याओं का समाधान करना था। कार्यवाहक कुलपति प्रो. केशरी ने अपने संबोधन में कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप उच्च शिक्षा संस्थानों में डिजिटल एवं पारदर्शी व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए समर्थ पोर्टल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर नामांकन प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं छात्रहितैषी बनाया जाएगा। उन्होंने सभी प्राचार्यों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने महाविद्यालयों में तकनीकी एवं प्रशासनिक तैयारियों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। बैठक के दौरान प्राचार्यों द्वारा समर्थ पोर्टल पर नामांकन से संबंधित विभिन्न तकनीकी एवं प्रशासनिक समस्याओं को विस्तार से रखा गया। कई महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों के पंजीकरण, दस्तावेज सत्यापन, सीट आवंटन, डेटा अपलोडिंग तथा आधार एवं अपार आईडी से जुड़ी समस्याओं की जानकारी दी। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा इन सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के नए स्वरूप पर भी विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि नई व्यवस्था के अंतर्गत स्नातकोत्तर शिक्षा के लिए एक वर्षीय एवं दो वर्षीय दोनों प्रकार के पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

## गया-पटना मुख्य सड़क मार्ग (एनएच 22) पर बिखरा बालू बना जानलेवा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**चाकंद/बेला।** गया-पटना मुख्य सड़क मार्ग (एनएच 22) पर बेला और चाकंद के बीच स्थित रिसौद मोड़ इन दिनों वाहन चालकों, विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए मौत का कुआं बना हुआ है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिखरा बालू किसी बड़ी दुर्घटना को खुला निमंत्रण दे रहा है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार ओवरलोड और बिना तिरपाल ढके तेज रफ्तार से गुजरने वाले बालू लदे ट्रकों से रिसने के कारण यहां सड़क पर बालू की मोटी परत बिछ गई है। इस खतरनाक रिसौद मोड़ पर पूर्व में भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ ही दिनों पहले इस मोड़ पर बालू के कारण एक बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई थी जिसमें बाइक चालक का हाथ बुरी तरह टूट गया था। इसके बावजूद न तो राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और न ही स्थानीय प्रशासन ने इस गंभीर समस्या की सुध ली है। रोजाना यहां दर्जनों बाइक सवार फिसलकर चोटिल हो रहे हैं।

**ग्रामीणों ने की बालू साफ कराने की मांग**

बेला और चाकंद के स्थानीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और एनएचएआइ के वरीय अधिकारियों से मांग की है कि रिसौद मोड़ के पास से तुरंत बालू की सफाई कराई जाए। साथ ही बालू गिराने वाले लापरवाह ट्रक ऑपरेटरों पर भी सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में किसी की जान जोखिम में न पड़े।

## गयाजी में पिकअप पलटी, मजदूर की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** इमामगंज प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को सड़क निर्माण के दौरान एक अनियंत्रित पिकअप वाहन पलट गया। इस कारण एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चालक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना इमामगंज प्रखंड के कुशेश्वर पंचायत अंतर्गत बगही गांव की है। चश्मदीदों और स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक क्षेत्र में सड़क निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है और शनिवार को सड़क पर सफ़ेद रंग की पट्टी (रोड मार्किंग पेंट) बनाने का काम चल रहा था।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति समिति की बैठक में बीसी इबीसी के 409 छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति स्वीकृत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया जी।** शनिवार को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति समिति की बैठक उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार दास की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप 2025-26 बीसी इबीसी के कुल 409 छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति की स्वीकृति दी गई। कुल वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 25-26 में एसी/एसटी/बीसी/इबीसी में कुल 1100 आवेदनों को अंतिम रूप से कमिटी से सत्यापन किया गया। बैठक में गौरव कुमार जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान, जिला कल्याण पदाधिकारी अंकुर कुमार, सदस्य डॉ जितेंद्र कुमार, अरुण कुमार राव, सदस्य रंजन कुमार, शमीम शाह, एपीओ रामाशीष कुमार, रंजन कुमार सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## प्रो. सतीश सिंह चंद्रा ने की मां तारा धाम की धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता की सराहना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**टिकारी।** गया कॉलेज, गया जी के प्राचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्रा अपने भाइयों प्रधानाध्यापक राजेंद्र सिंह चंद्रा एवं जगजीवन कॉलेज, गया जी के प्राध्यापक डॉ. सतेन्द्र सिंह चंद्रा के साथ प्रखंड अंतर्गत केसपा स्थित लोक आस्था का महाकेंद्र प्राचीन मां तारा देवी मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर में उनके आगमन पर मुखिया प्रतिनिधि अमिताभ कुमार, पूर्व कुलसचिव डॉ. गिरजेश नंदन, नगर मध्य विद्यालय, टिकारी के प्रधानाध्यापक रिंटू कुमार सहित कई प्रबुद्धजनों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी वकील पांडेय के आग्रह पर प्रो. चंद्रा ने मंदिर की अतिथि टिप्पणी पुस्तिका में अपने विचार दर्ज किए तथा मां तारा धाम की धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता की सराहना की। ग्रामीण हिमांशु शेखर ने कहा कि मां तारा नगरी केसपा सनातन एवं बौद्ध धर्मावलंबियों की आस्था का प्रमुख केंद्र रही है। उन्होंने कहा कि सभी शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों को इस ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल का भ्रमण अवश्य करना चाहिए, ताकि वे इसकी गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत से परिचित हो सके। उन्होंने बताया कि इस मंदिर में महान साहित्यकार एवं धर्मचिंतक राहुल सांकृत्यायन तथा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी भी पूजा-अर्चना कर चुके हैं। प्रतिवर्ष देश-विदेश से पर्यटक एवं श्रद्धालु इस ऐतिहासिक गांव का भ्रमण करने आते हैं। गांव के प्राचीन ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व को देखते हुए वर्ष 2014 में इसका चयन सांसद आदर्श ग्राम के रूप में किया गया था। ग्रामीणों की मांग और क्षेत्र की धार्मिक पहचान को ध्यान में रखते हुए बिहार सरकार के तत्वावधान में प्रतिवर्ष मां तारा देवी महोत्सव का आयोजन भी किया जाता है।

## तपोवन का विकास एवं संरक्षण हमारी प्राथमिकता : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शनिवार को गया जिले के मोहरा प्रखंड स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के तपोवन धाम पहुंचकर सपरिवार पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश और देशवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस दौरान उन्होंने तपोवन परिसर का भ्रमण कर स्थानीय श्रद्धालुओं और ग्रामीणों से संवाद भी किया। तपोवन धाम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यह स्थल गया जिले की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र है। इसका इतिहास अत्यंत गौरवशाली और पौराणिक महत्व से जुड़ा हुआ है। मान्यता है कि प्राचीन काल में अनेक ऋषि-मुनियों ने यहां तपस्या की थी जिसके कारण इस स्थान का नाम तपोवन पड़ा। प्राकृतिक सौंदर्य, गर्म जलकुंडों और धार्मिक आस्था के कारण यह स्थल लंबे समय से देशभर के श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। उन्होंने कहा कि तपोवन स्थित पांचों पवित्र कुंड श्रद्धालुओं की आस्था के प्रमुख केंद्र हैं। इन कुंडों के संरक्षण, सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार की आवश्यकता है, ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पांचों कुंडों के विकास, स्वच्छता और नियमित रखरखाव के लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने का सुझाव दिया। डॉ. प्रेम कुमार ने तपोवन में निवास करने वाले माल बाबा का उल्लेख करते हुए कहा कि वे जनसेवा और आध्यात्मिक साधना के प्रतीक माने जाते हैं। उनके प्रति लोगों की गहरी आस्था है और दूर-दूर से श्रद्धालु उनके दर्शन के लिए तपोवन पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि तपोवन क्षेत्र में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए राज्य सरकार को अवगत कराया जाएगा तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराने का प्रयास किया जाएगा। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार सरकार धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन स्थलों के संरक्षण एवं विकास के लिए प्रतिबद्ध है। तपोवन जैसे ऐतिहासिक और आस्था के केंद्रों का समुचित विकास होने से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, श्रद्धालु और प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे।

संपादकीय

# दिल्ली में मौत का होटल!

देश की राजधानी नई दिल्ली के मालवीय नगर के एक दड़बेनुमा होटल में लगी आग से 21 लोगों की जानें चली जाना वास्तव में इंसानी जानों का भ्रष्टाचार की आग में जल जाना है। विडंबना तो यह है कि मरनेवाले अधिकांश लोग इस होटल के पास स्थित बड़े अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती अपने परिजनों की तीमारदारी के लिए ठहरे हुए थे। इनमें से एक अग्रवाल परिवार के बीमार बुजुर्ग तो यह भी पता नहीं था कि उसकी देखभाल के आए बेटे और उसका पूरा परिवार इस आग में जलकर राख हो गया है। इस भयंकर अग्नि कांड में मरने वाले आधे से ज्यादा वो विदेशी नागरिक थे, जो अपने परिजनों का इलाज करवाने भारत आए थे। ये सभी गरीब देशों के नागरिक थे, जो भारत में तुलनात्मक रूप से सस्ता इलाज होने के कारण यहां ठहरे थे। इस आगजनी में जो लोग बचाए जा सके, वो होटल के आसपास रहने वाले लोगों की फौरी मदद और जददोहद के कारण बच सके। एक गद्दा व्यापारी ने तो अपनी दुकान के सारे तकिए होटल के नीचे बिछाने के लिए दे दिए ताकि कम से कम कुछ लोग तो अपनी जान ऊपर से कूदकर बचा सकें। पड़ोसियों ने भी हर संभव मदद कर इंसानियत का परचम ऊंचा रखा। इसकी वजह से आठ लोग अपनी जान बचा सके। इस भयावह अग्निकांड में इस देश में चल रहे 'रामराज' की पोल खोलकर रख दी है। हमारे यहां किसी कानून कायदे का कोई मतलब नहीं है। पैसे देकर आप कुछ भी हासिल कर सकते हैं, किसी भी नियम कायदे को ताक पर रख सकते हैं। आपका कहीं कुछ नहीं बिगड़ेगा। इस हादसे में भी जो खुलासे अब हो रहे हैं, वो चौंकाने वाले हैं। मसलन जिस जगह ये होटल ताना गया था, वो रिहाइशी इलाका है और यहां की गलियां इतनी पतली हैं कि चार पहिया गाड़ी अंदर नहीं जा सकती। इसी गली में यह अभिशप्त होटल फ्लीरिश स्टे बीएंडबी बना हुआ है। होटल के गिरफ्तार मालिक ने पुलिस के सामने कबूल किया कि उसके पास बेड एंड ब्रेकफास्ट का ही लायसेंस था। होटल का कोई लायसेंस उसके पास नहीं है। उसे शुरू में परमिशन केवल छह कमरों की मिली थी, लेकिन उसने छोटी सी जगह में 25 कमरे तान दिए। आश्चर्य की बात यह है कि पूरी होटल में कहीं से बाहर निकलने का वैकल्पिक मार्ग नहीं था। यहां तक कि खिड़कियां तक पैक कर दी गई थीं। मानों यहां इंसान नहीं, जानवर ठहरते हों। इससे आग को तेजी से फैलने में मदद मिली और होटल में ठहरे यात्रियों के लिए वह काल बन गया। इस होटल के पास अग्नि सेवा का लायसेंस भी नहीं था। होटल के मालिक लवकेश बजाज का बयान तो और भी चौंकाने वाला है। उसे आग लगने की खबर मिल चुकी थी। लेकिन वह लोगों और होटल को बचाने की जगह वहां से भाग गया और दिल्ली की सड़कों पर घूमता रहा। यह तो संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। पुलिस ने उसके खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मामला दर्ज किया। लवकेश ने होटल शायद ठेके पर दे रखा था। होटल का मैनेजर अभी भी फरार है। दिल दहला देने वाला हादसा हो जाने के बाद अब सरकार सक्रिय हुई है। लेकिन व्यवस्था में कोई परिवर्तन होगा, इसकी संभावना नहीं के बराबर है। क्योंकि हालात को बदलने और सुधारने की चिंता किसी को नहीं है। बताया जाता है कि इस इलाके में ऐसे करीब 20 होटल चल रहे हैं, जिन पर इस हादसे के बाद ताले पड़ गए हैं। भ्रष्टाचार के इस खेल में इंसानी जानें जाती रहेंगी और किसी को कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

# पर्यावरणीय समस्याओं का हल समाज के पास

**पर्यावरण के प्रति हमारे नजरिये को 'साईं इतना दीजिये जामें कुटुम्ब समाये, मैं भी भूखा न रहूं साधु भी भूखा न जाए' से लेकर 'ये दिल मांगे मोर' तक की यात्रा को अलग अलग नजरिये से देखा जा सकता है। समाज का एक वर्ग इसे उपलब्धता, सम्पन्नता और विकास मानकर खुश है, वहीं दूसरे वर्ग के साथी इसे विनाश यात्रा के रुप में देखते हैं। दरअसल, यह मामूली नजर आने वाली बात हमारे राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक सोच और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता पर निर्भर करती है कि हम आखिर चाहते क्या हैं? जोश में आकर वन्दे मातरम और भारत माता की जय का नारा लगाते हैं, जोश अच्छी बात है यदि इसमें होश भी शामिल हो जाये तो सोने में सुहागा हो सकता है। वन्दे मातरम में भारत माता की वन्दना करते हैं। वन्दे मातरम, सुजलाम सुफलाम, मलयज शीतलाम, सस्यश्यामलाम मातरम। वन्दे मातरम। दरुमदल शोभनीम मातरम वन्दे मातरम। मतलब जहां अच्छा और भरपूर जल, खूब अच्छे फल हों; जहां मलय पर्वत से; चन्दन हवा यानी ठण्डी हवा बहती हो; ऐसी मातृभूमि की वन्दना करता हूं। लहलहाती फसलों से हरी भरी भूमि की वन्दना करता हूं। जो वृक्षों के झुण्ड से सुशोभित हो, ऐसी मातृभूमि की वन्दना करता हूं।**

श्याम बोहरे

एक तरफ तो नदियों को गंदा करते रहें, बर्बाद करते रहें, वृक्ष काट-काट कर मातृभूमि को उजाड़ते रहें, कारखानों और वाहनों के धुंयें से मलयज शीतलाम को जहरीला करते रहें और जोश में वन्दे मातरम का नारा भी लगाते रहें? जबानी जमा-खर्च के लिए कि मातृभूमि की वन्दना और व्यवहार में उसे बर्बाद करते रहना। यह कब तक चलेगा? जिन्हें भी वन्दे मातरम प्रेरित करता है, मातृ भूमि से लगाव है, पहले तो वे इसका मतलब समझें। यदि स्वार्थ और लालच से मुक्ति पा सकें तो ही मतलब समझ आयेगा और क्या करना है, वह भी समझ में आ ही जाएगा। इसी तरह की बात गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर ने कही है - देश की माटी देश का जल/ हवा देश की देश के फल/ सरस बनें प्रभु सरस बनें/ देश के घर और देश के घाट/ देश के वन और देश के बाट/ सरल बनें प्रभु सरल बनें। देश के तन और देश के मन/ देश के घर और भाई बहन/ विमल बनें प्रभु विमल बनें। देश की माटी, जल, फल, हवा, सरस कैसे बनेंगे? कौन बनायेगा? यह जानने के लिए क्या किसी भारी-भरकम वर्कशॉप या सेमिनार की जरुरत है? यदि नहीं तो फिर कयामत का इंतजार किस खुशी में किया जा रहा है? जाहिर है इन सभी सद्इच्छाओं के अनुकूल नीति, योजना, कार्यक्रम बनाकर काम करना होगा। ऐसी नीति और कार्यक्रम बनाने के लिए कुदरत के प्रति संवेदनशील और लगाव वाली दृष्टि तथा भावनात्मक लगाव चाहिए, जैसा आदिवासी समाज के पास रहा है। आदिवासियों के साथ जो आज हो रहा है उसकी शुरुआत शताब्दियों पहले अमेरिका के मूल निवासी रेड इंडियनस के संसाधनों की लूट और नरसंहार के साथ हो गई थी। अमेरिका के गोरे शासकों के प्रमुख ने खबर भेजी कि वे रेड इंडियनस की जमीन खरीदना चाहते हैं। रेड इंडियनस कबीले के लोग यह समझते थे कि यदि वे अपनी जमीन नहीं देंगे तो गोरे लोग तोप लेकर आ जायेंगे। रेड इंडियन कबीले के चीफ सिएटल ने अमेरिकन प्रमुख के नाम जो पत्र भेजा वह प्रकृति के साथ




अपने कबीले के लोगों के सम्बन्ध और भावनाओं को व्यक्त करने वाला संभवतः सबसे संवेदनशील दस्तावेज है। पत्र में वे लिखते हैं-

'तुम कैसे बेच या खरीद सकते हो आकाश को? या पृथ्वी के प्यार को? जब हवा की ताजगी और पानी की निर्मलता हमारी मिल्कियत नहीं है तो तुम हवा और पानी के मालिक कैसे बन सकते हो? मेरी मां ने मुझसे कहा था, इस जमीन का एक-एक कतरा मेरे लोगों को पूज्य है। पेड़ों का एक-एक पत्ता, एक-एक रेतीला तट, शाम के कोहरे से ढंका हुआ जंगल, घास का मैदान और भौंरों का गुंजन, पक्षियों का मधुर संगीत ये सभी पवित्र और पूज्य हैं, ये सभी हम आदिवासियों की यादों और जीवन से गुंथे हैं। ये पेड़ अपनी रगों में हमारी अतीत की यादें संजोए हुए हैं। मरने पर भी हम नहीं भूलते अपनी मिट्टी। यहां के सुगन्धित फूल हमारे भाई बहन हैं। ये हिरण, ये घोड़े, ये विशाल पक्षी। सब हमारे भाई हैं। पहाड़ों की चोटियां, मैदानों की हरियाली और घोड़ों के बच्चे- यह सब एक ही परिवार का हिस्सा हैं। हमारे पूर्वजों की आवाज हमसे कहती है कि नदियों और झरनों में बहता हुआ यह निर्मल जल, केवल पानी नहीं - बल्कि हमारे पूर्वजों का लहू है। पानी की कल-कल में सुनाई देती है पूर्वजों की आवाज। यह नदियां हमारी मित्र हैं। यह हमारी प्यास बुझाती हैं। इनकी लहरों पर खेलती हैं हमारी छोटी-छोटी नावें, जो मिटातीं हैं हमारे बच्चों की भूख और प्यास। इसलिए तुम इन नदियों को उतना ही प्यार और दुलार देना जितना तुम अपने सगे भाई को देते हो। मेरे दादा जी ने मुझसे कहा था यह हवा ही सब जीवों का पोषण करती है और सबके साथ अपनी आत्मा बांटती है। इसी हवा में हमारे पुरखों ने ली पहली और आखिरी सांस। तुम इस जमीन और हवा को पवित्र रखना। जिससे तुम लोग भी उसका आन्नद ले सको। मेरे पुरखों ने मुझसे कहा था और हम सभी यह जानते हैं। हम इस धरती के मालिक नहीं हैं। हम इस पृथ्वी का बस एक अंग हैं। मेरी दादी ने मुझसे कहा था, कि तुम अपने बच्चों को वही सिखाना, जो तुमने खुद सीखा है। यह धरती हमारी मां है, जो कुछ धरती का होगा, वही धरती के बच्चों का होगा। सभी चीजें एक दूसरे से जुड़ी हैं। इंसान ने नहीं बुना है जीवन का ताना-बाना। वह तो उसमें सिर्फ कमजोर सा धागा है। हमारे साथ भी वही होगा जो हम ताने-बाने के साथ करेंगे। इस जमीन को, इस हवा को इन नदियों को संभाल कर रखना अपने बच्चों के बच्चों के लिए और इन्हें वही प्यार देना जो उन्हें हमने दिया है।' रेड इंडियन कबीले के चीफ ने जो लिखा है, उसमें कौन सी बात है जो समझ में न आयी हो? यदि समझ में आ गई है तो फिर परेशानी क्या है? परेशानी यह है कि समाज लगातार कमजोर होता जा रहा है और सरकार का शिकंजा कसते ही जा रहा है। कमजोर समाज और मजबूत सरकार स्वस्थ लोकतंत्र नहीं है। जब तक समाज अपनी प्राकृतिक सम्पदा के साथ अपने सम्बंध फिर से स्थापित नहीं कर लेता और अपने प्राकृतिक संसाधनों की देखरेख अपने हाथ में नहीं लेगा, तब तक उसकी सुरक्षा और संवर्धन की बात संभव नहीं है। गांधी जी ने चेतावनी देते हुए कहा कि 'पता नहीं हम अपना यह कर्तव्य कब पूरा करेंग? इसे नहीं निभा पाए तो हमारे समाज पर मुसीबत आने वाली है। और वह आनी ही चाहिए, अगर समाज अपने को सुधारता नहीं है।' समाज की सम्पदा को राज्य की सम्पत्ति में बदलने की नीति ने इसे प्रशासनिक नियंत्रण के दायरे में ला दिया है। प्रशासन समाज की सम्पदा को बाजार को सौंपते ही जा रहा है। महाराष्ट के आदिवासी इलाके मेंढा-लेखा में काम करने वाले मोहन हीराबाई हीरालाल का कहना है कि 'पर्यावरण के अनुरुप कोई भी विकास प्रक्रिया अंततः एक नई संस्कृति की मांग करती है। उस संस्कृति के अनुसार काम करने के लिए कोई व्यक्ति, संस्था या संगठन बदलाव का वाहक बनता है। लोगों के लिए काम करने की जगह लोगों के साथ काम करने की शैली विकसित करने की सतत कोशिश होना चाहिए।' दरअसल, ये समाज के सरोकार और काम हैं, जो औपनिवेषिक ढांचे में ढली हमारी नौकरशाही के मिजाज के माफिक नहीं हैं। इसलिए इन्हें स्वैच्छिक संस्थाओं को करना होता है। किये भी हैं, उदाहरण के लिए उत्तराखण्ड में चिपको आन्दोलन, केरल में साइलेंट वेली और चेलियार नदी को प्रदूषण से बचाने का आन्दोलन, गोवा में मछुआरों का आन्दोलन, बिहार में बोधगया भूमि संघर्ष, मध्य प्रदेश में नर्मदा बचाओ आन्दोलन और मिट्टी बचाओ आन्दोलन, पश्चिम घाट का संघर्ष सहित देशभर में जल जंगल जमीन बचाने के अनेकों अंचलों में हो रहे आन्दोलन पर्यावरण को बचाने के लिए जूझ रहे हैं। विडंबना यह है कि सरकारी अफसर खुद तो कुछ करते नहीं उल्टे इन आन्दोलनों को कुचलने का काम करते रहते हैं। सरकारी अमले की इस प्रवृत्ति पर नकेल, समाज की लोकतांत्रिक चेतना और जन आन्दोलन ही कर सकते हैं। लोक सेवकों को औपनिवेशिक ढांचे से निकाल कर जनोन्मुखी बना सकें, विकेन्द्रियकृत स्वशासन की संवैधानिक संस्थाओं ग्राम पंचायतों और ग्राम सभाओं को सक्रिय कर सकें तो ही जनता की सरकार जनता के द्वारा चलाई जा सकेगी।

अध्यात्म

## आखिर कर्म ही महान है



एक बार बुद्ध एक गांव में अपने किसान भक्त के यहां गए। शाम को किसान ने उनके प्रवचन का आयोजन किया। बुद्ध का प्रवचन सुनने के लिए गांव के सभी लोग उपस्थित थे, लेकिन वह भक्त ही कहीं दिखाई नहीं दे रहा था।

गांव के लोगों में कानाफूसी होने लगी कि कैसा भक्त है कि प्रवचन का आयोजन करके स्वयं गायब हो गया। प्रवचन खत्म होने के बाद सब लोग घर चले गए। रात में किसान घर लौटा।

बुद्ध ने पूछाः कहां चले गए थे? गांव के सभी लोग तुम्हें पूछ रहे थे।

किसान ने कहा, दरअसल प्रवचन की सारी व्यवस्था हो गई थी, पर तभी अचानक मेरा बैल बीमार हो गया। पहले तो मैंने घरेलू उपचार करके उसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन जब उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने लगी तो मुझे उसे लेकर पशु चिकित्सक के पास जाना पड़ा।

अगर नहीं ले जाता तो वह नहीं बचता। आपका प्रवचन तो मैं बाद में भी सुन लूंगा। अगले दिन सुबह जब गांव वाले पुनः बुद्ध के पास आए तो उन्होंने किसान की शिकायत करते हुए कहा, यह तो आपका भक्त होने का दिखावा करता है। प्रवचन का आयोजन कर स्वयं ही गायब हो जाता है। बुद्ध ने उन्हें पूरी घटना सुनाई और फिर समझाया, उसने प्रवचन सुनने की जगह कर्म को महत्व देकर यह सिद्ध कर दिया कि मेरी शिक्षा को उसने बिल्कुल ठीक ढंग से समझा है। उसे अब मेरे प्रवचन की आवश्यकता नहीं है। मैं यही तो समझाता हूं कि अपने विवेक और बुद्धि से सोचो कि कौन सा काम पहले किया जाना जरूरी है। यदि किसान बीमार बैल को छोड़ कर मेरा प्रवचन सुनने को प्राथमिकता देता तो दवा के बगैर बैल के प्राण निकल जाते। उसके बाद तो मेरा प्रवचन देना ही व्यर्थ हो जाता। मेरे प्रवचन का सार यही है कि सब कुछ त्यागकर प्राणी मात्र की रक्षा करो। इस घटना के माध्यम से गांव वालों ने भी उनके प्रवचन का भाव समझ लिया।

# चीन के करीब आते अमेरिका-रूस, क्या भारत के लिए चिंता का विषय है?

**चीन, रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच हाल ही में हुई राजनयिक मुलाकातों ने शक्ति संतुलन के भविष्य पर बहस छेड़ दी है. 14-15 मई 2026 को बीजिंग में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच शिखर सम्मेलन के बाद यह चर्चा और तेज हो गई. उसके एक सप्ताह से भी कम समय बाद शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की बैठक हुई. कुछ टिप्पणीकार इस घटनाक्रम को संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ एक शक्तिशाली चीन-रूस गुट के उभरने के प्रमाण के रूप में देखते हैं. अन्य का तर्क है कि अमेरिकी शक्ति और गठबंधन बेजोड़ बने हुए हैं. सच्चाई इन परस्पर विरोधी विचारों के बीच कहीं छिपी है.**

ब्रिगेडियर राकेश भाटिया

दो शिखर सम्मेलन, दो अलग-अलग उद्देश्य ट्रंप-शी शिखर सम्मेलन से किसी ऐतिहासिक सफलता की उम्मीद नहीं थी. इसका प्राथमिक उद्देश्य संबंधों को स्थिर करना और उन्हें अनियंत्रित टकराव में बदलने से रोकना था. दोनों पक्ष मामूली अपेक्षाओं के साथ वार्ता में शामिल हुए. ताइवान, व्यापार, प्रौद्योगिकी प्रतिबंधों और क्षेत्रीय सुरक्षा पर प्रमुख मतभेद अनसुलझे रहे. शी-पुतिन बैठक का स्वरूप अलग था. इसका मुख्य उद्देश्य स्थापित रणनीतिक साझेदारी को सुदृढ़ करना था. दोनों नेताओं ने एक संयुक्त बयान जारी किया और कई सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर किए. उन्होंने आर्थिक, तकनीकी और राजनयिक क्षेत्रों में गहन समन्वय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सार्वजनिक रूप से दोहराया. इन प्रत्यक्ष परिणामों के आधार पर कई पर्यवेक्षकों ने यह निष्कर्ष निकाला कि चीन-रूस संबंध ट्रंप-शी शिखर सम्मेलन की सीमित उपलब्धियों की तुलना में अधिक मजबूत और ठोस प्रतीत होते हैं. कई विश्लेषण चीन और रूस को एक एकजुट पश्चिमी-विरोधी गुट के रूप में चित्रित करते हैं. हालांकि, सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज और चैथम हाउस जैसे प्रमुख रणनीतिक संस्थान बताते हैं कि चीन और रूस संधि सहयोगी नहीं, बल्कि साझेदार हैं. नाटो सदस्यों के विपरीत, किसी भी देश पर संघर्ष के दौरान दूसरे देश को सैन्य सहायता देने का कोई दायित्व नहीं है. ताइवान इसका एक उपयोगी उदाहरण है. यदि ताइवान जलडमरूमध्य में कोई संकट उत्पन्न होता है, तो रूस पर चीन के साथ मिलकर लड़ने का कोई औपचारिक दायित्व नहीं है. इसी प्रकार, यूक्रेन युद्ध के दौरान मॉस्को को राजनीतिक और आर्थिक सहायता देने के बावजूद, चीन ने प्रत्यक्ष सैन्य हस्तक्षेप से सावधानीपूर्वक परहेज किया है. इससे पता चलता है कि दोनों देश बाध्यकारी गठबंधन प्रतिबद्धताओं के बजाय रणनीतिक लचीलेपन को अधिक महत्व देते हैं.

औपचारिक गठबंधन के अभाव के बावजूद, चीन-रूस संबंध आज शीत युद्ध के बाद से किसी भी समय की तुलना में अधिक मजबूत हैं. दोनों देश अमेरिकी वैश्विक प्रभाव को लेकर चिंतित हैं. दोनों देश उस अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का विरोध करते हैं, जिसे वे अमेरिका-प्रभुत्वयुक्त बताते हैं. दोनों देश एक अधिक बहुध्रुवीय विश्व की वकालत करते हैं, जहां शक्ति वाशिंगटन में केंद्रित होने के बजाय कई प्रमुख देशों के बीच वितरित हो. आर्थिक हित भी इस संबंध को मजबूत करते हैं. चीन को रूसी ऊर्जा, कच्चे माल और रणनीतिक गहराई तक सुरक्षित पहुंच की आवश्यकता है. रूस को चीनी बाजारों, प्रौद्योगिकी, वित्त और निवेश की आवश्यकता है. ये परस्पर हित निरंतर सहयोग के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करते हैं.

फिर भी, इस साझेदारी में कुछ कमजोरियां हैं. सबसे बड़ी चुनौती बढ़ती विषमता है. चीन की अर्थव्यवस्था अब रूस की अर्थव्यवस्था से कई गुना बड़ी है. यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी प्रतिबंधों ने बीजिंग पर मॉस्को की निर्भरता बढ़ा दी है. चीन



रूस का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और प्रौद्योगिकी एवं औद्योगिक संसाधनों का एक महत्वपूर्ण स्रोत है. इस संबंध में, जहां एक ओर मॉस्को को चीनी समर्थन से लाभ मिलता है, वहीं दूसरी ओर अत्यधिक निर्भरता धीरे-धीरे रूस की रणनीतिक स्वायत्तता को कम कर सकती है. यह असंतुलन भविष्य में टकराव का कारण बन सकता है. ऐतिहासिक रूप से, चीन और रूस के बीच सीमा विवाद, वैचारिक प्रतिद्वंद्विता और पूर्वी एवं मध्य एशिया में प्रभाव के लिए प्रतिस्पर्धा रही है. यद्यपि वर्तमान नेतृत्व के संबंध उत्कृष्ट हैं, फिर भी ऐतिहासिक अविश्वास पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है. यह अभी भी सुप्त अवस्था में है.

26 मई 2026 को द डिप्लोमैट में प्रकाशित लिंगगोंग कोंग के एक लेख में तर्क दिया गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की कुछ नीतियों से अनजाने में चीन और रूस को लाभ हुआ होगा. सहयोगियों के साथ व्यापार विवाद और यूरोपीय साझेदारों के साथ मतभेदों ने पश्चिमी गठबंधन के भीतर तनाव पैदा किया. अमेरिका के अधिक एकतरफा दृष्टिकोण ने अमेरिकी नेतृत्व की छवि को कमजोर कर दिया. लेखक के अनुसार, इससे बीजिंग और मॉस्को को स्थिरता, बहुपक्षवाद और संतुलित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के पैरोकार के रूप में खुद को प्रस्तुत करने का अवसर मिला. इससे वैश्विक मंच पर उनकी राजनयिक स्थिति में सुधार हुआ है.

हाल के राजनयिक घटनाक्रमों को अमेरिका के पतन का प्रमाण मानना ??जल्दबाजी होगी. अमेरिकी प्रभाव के निरंतर बने रहने का सबसे मजबूत तर्क उसके अद्वितीय गठबंधनों और रणनीतिक साझेदारियों के जाल में निहित है. आज किसी भी अन्य शक्ति के पास यूरोप और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में फैले संधि सहयोगियों का ऐसा गठबंधन नहीं है. जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन के सदस्यों के साथ संबंध वाशिंगटन को राजनीतिक, सैन्य और आर्थिक समर्थन की व्यापकता प्रदान करते हैं. वर्तमान में न तो चीन और न ही रूस इसकी बराबरी कर सकते हैं. यह गठबंधन संरचना अमेरिका के सबसे स्थायी रणनीतिक लाभों में से एक है और उसके वैश्विक प्रभाव का एक प्रमुख स्तंभ है. इसके अलावा, चीन के सबसे बड़े व्यापारिक संबंधों में संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ और प्रमुख एशियाई अर्थव्यवस्थाएं शामिल हैं. इसलिए बीजिंग के पास मॉस्को के भू-राजनीतिक एजेंडे से पूरी तरह जुड़ने से बचने के लिए मजबूत कारण हैं.

अंतरराष्ट्रीय राजनीति कई प्रमुख शक्तियों के बीच तीव्र प्रतिस्पर्धा के दौर में प्रवेश कर रही है. चीन और रूस अपना प्रभाव बढ़ाने और मौजूदा व्यवस्था के कुछ पहलुओं को चुनौती देने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं. संयुक्त राज्य अमेरिका के पास आर्थिक, सैन्य, तकनीकी और गठबंधन के मामले में अपार लाभ हैं. वर्तमान में किसी भी पक्ष के पास अकेले दम पर अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को निर्णायक रूप से आकार देने की पर्याप्त शक्ति नहीं है. परिणामस्वरूप, रणनीतिक प्रतिस्पर्धा कई वर्षों तक जारी रहने की संभावना है, जिससे एक ऐसी दुनिया का निर्माण होगा जो तेजी से बहुध्रुवीय, प्रतिस्पर्धी और अप्रत्याशित होती जा रही है.

भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम, चीन पर रूस की बढ़ती निर्भरता का दीर्घकालिक रुझान है. यदि व्यापार, प्रौद्योगिकी और वित्त के लिए मॉस्को चीन पर तेजी से निर्भर होता जाता है, तो रूस की स्वतंत्र रणनीतिक गतिविधियों की गुंजाइश धीरे-धीरे कम हो सकती है. साथ ही, भारत को चीन-रूस संबंधों को अटूट गठबंधन के रूप में देखने से बचना चाहिए. महत्वपूर्ण असमानताएं और अंतर्निहित तनाव सतह के नीचे मौजूद हैं. नई दिल्ली के लिए सर्वोत्तम मार्ग रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखना, रूस के साथ मजबूत संबंध बनाए रखना, संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके सहयोगियों के साथ सहयोग का विस्तार करना और अपनी आर्थिक और सैन्य क्षमताओं को मजबूत करना जारी रखना है.

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपकी एक मुस्कान और शांत व्यवहार घर के माहौल को पूरी तरह बदल सकता है। कामों में जल्दबाजी या लापरवाही करने से बाद में उलझनें बढ़ सकती हैं।

**वृषभ**
आज आपको अपने पैसों और फैसलों दोनों पर खास नजर रखने की जरूरत है। निवेश करने से पहले हर पहलू को अच्छे से समझ लें।

**मिथुन**
आज परिवार और अपनों का साथ आपको मानसिक सुकून देगा। लंबे समय से मन में चल रही कोई इच्छा पूरी हो सकती है, जिससे आपका उत्साह बढ़ेगा।

**कर्क**
सरकारी कामों में फायदा मिलने के योग हैं, जरूरी कागजात और योजनाओं पर ध्यान दें। अपने आत्मविश्वास को मजबूत बनाए रखें।

**सिंह**
आज आर्थिक मामलों में राहत और खुशी दोनों मिलने के संकेत हैं। व्यापार में लाभ के अवसर बनेंगे और रुका हुआ धन भी वापस मिल सकता है।

**कन्या**
आज आपका मन दूसरों की मदद करने और अच्छे कार्यों में लगेगा। समाज में आपकी छवि मजबूत होगी और लोग आपकी सराहना करेंगे।

**तुला**
आज आपकी नेतृत्व क्षमता लोगों को प्रभावित करेगी। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी और साथी के साथ रिश्ता पहले से ज्यादा मजबूत महसूस होगा।

**वृश्चिक**
आज धैर्य और समझदारी आपके सबसे बड़े हथियार साबित होंगे। खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी रहेगा, वरना बजट बिगड़ सकता है।

**धनु**
जीवनसाथी के साथ अच्छा तालमेल रहेगा और भविष्य को लेकर महत्वपूर्ण बातचीत हो सकती है। माता-पिता के आशीर्वाद से लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा होने की संभावना है।

**मकर**
आज आपको हर कदम सोच-समझकर उठाना होगा। दूसरों के मामलों में ज्यादा दखल देने से बचें। आपके अंदर भरपूर ऊर्जा रहेगी और आप अपने काम तेजी से पूरे करेंगे।

**कुंभ**
आज भाई-बहनों और करीबी दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। पुराने दोस्तों से मुलाकात पुरानी यादें ताजा कर सकती है।

**मीन**
आज का दिन खुशियों और राहत से भरा रहेगा। परिवार में यदि कुछ समय से तनाव चल रहा था, तो बातचीत के जरिए स्थितियाँ सुधर सकती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से गिरकर मौत

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाथीदह रेल थाना क्षेत्र के लिंक स्टेशन पर शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। एक अज्ञात ट्रेन से गिरकर करीब 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही हाथीदह रेल पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया।हाथीदह रेल थानाध्यक्ष मुनेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। तलाशी के दौरान मृतक की जेब से पटना साहिब से हाथीदह तक का रेलवे टिकट बरामद हुआ है, जिससे अनुमान है कि वह इसी रूट पर यात्रा कर रहा था।शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस आसपास के थानों और रेलवे स्टेशनों पर गुमशुदगी की रिपोर्ट खंगाल रही है। साथ ही मृतक के हुलिए और कपड़ों के आधार पर पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

### धनरूआ का टॉप-10 अपराधी विनोद कुमार गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल कुख्यात विनोद कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी कई वर्षों से फरार चल रहा था। धनरूआ पुलिस को शुक्रवार 6 जून 2026 को गुप्त सूचना मिली कि विनोद कुमार इलाके में छिपा है। सूचना पर थानाध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में टीम ने करीब 5:00 बजे शाम छापेमारी कर उसे दबोच लिया।गिरफ्तार अपराधी की पहचान विनोद कुमार, पिता स्व. रामू प्रसाद, निवासी डोमनबिगहा, थाना धनरूआ, जिला पटना के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार विनोद का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। इसके खिलाफ धनरूआ थाना में कांड संख्या 154/20, 355/25, 201/26, 202/26 समेत एनडीपीएस एक्ट के तहत भी मामले दर्ज हैं। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष पु.अ.नि. अमित कुमार के साथ पु.अ.नि. अजय कुमार, पु.अ.नि. नवीन कुमार, पु.अ.नि. प्रियंका कुमारी, परि.पु.अ.नि. कुमार राहुल और धनरूआ थाना के सशस्त्र बल शामिल रहे।फिलहाल गिरफ्तार अपराधी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अन्य मामलों में भी इसकी संलिप्तता खंगाल रही है। गिरफ्तारी के बाद इलाके में पुलिस की सक्रियता की चर्चा है।

### 1.40 लाख की ठगी, दुकानदार ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी से साइबर ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। यहां डाक बंगला रोड सब्जी मंडी के एक दुकानदार से ऐप के जरिए 5 गुना मुनाफे का झांसा देकर 1 लाख 40 हजार रुपये ठग लिए गए। पीड़ित ने मसौढ़ी थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।जहाँ पीड़ित विशाल कुमार, पिता राजेंद्र प्रसाद, निवासी डाक बंगला रोड, सब्जी मंडी, कुशवाहा मार्केट के सामने, मसौढ़ी ने बताया कि व्यक्तिगत जान-पहचान का फायदा उठाकर तीन लोगों ने उन्हें जाल में फंसाया। जिसमें गुड्डू कुमार, पिता स्व. सकलदीप सिंह, सती स्थान, शिवाजी नगर,शोभा मैडम,एवं उमेश है। आरोपियों ने दावा किया कि ऐप में पैसा लगाने से कम समय में 5 गुना रिटर्न मिलेगा। विशाल ने अलग-अलग किस्तों में कुल 1,40,000 रुपये दिए। पिडित विशाल का आरोप है कि जब ऐप से पैसा वापस नहीं आया और उन्होंने तकादा किया तो आरोपी बोले और पैसा दूसरे ऐप में लगाओ तभी निकलेगा, वरना नहीं देंगे। केस करने पर धमकी दी कि पहले तुम ही फंसोगे, पैसा नहीं देंगे।बहरहाल मसौढ़ी थाने ने आवेदन लेकर जांच शुरू कर दी है। साइबर सेल की मदद से तीनों मोबाइल नंबरों की डिटेल खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि ऐसे फर्जी निवेश ऐप से सावधान रहें। 5 गुना रिटर्न का दावा करने वाले 100% फ्रॉड होते हैं।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के दमडीचक चौक के पास शुक्रवार की देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम दमडीचक टोला,निवासी प्रह्लाद कुमार, पिता स्व. डोमन सिंह के रूप में हुई है।घटना 5 जून 2026 की रात करीब 1:30 बजे की है। बताया जा रहा है कि प्रह्लाद कुमार किसी काम से बाहर गए थे और रात में घर लौट रहे थे। इसी दौरान दमडीचक चौक के पास किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि प्रह्लाद की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही धनरूआ थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में मातम का माहौल है। थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों के आवेदन पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल स्थिति सामान्य है।

### अग्निशमन विभाग का अनोखा अभियान

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आग लगने की घटनाओं को रोकने और लोगों को जागरूक करने के लिए अग्निशमन विभाग ने अब नई पहल शुरू की है। विभाग अब स्टॉल लगाकर जन जागरूकता अभियान चला रहा है। अग्निशमन विभाग की टीम सार्वजनिक स्थानों पर स्टॉल लगाकर लोगों के बीच अग्नि सुरक्षा से जुड़े पंपलेट और जागरूकता सामग्री बांट रही है। साथ ही एनओसी से संबंधित जानकारी भी दी जा रही है।फायरकर्मी लोगों को बता रहे हैं कि घर, दुकान या संस्थान में आग लगने पर क्या करें। गैस सिलेंडर, शॉर्ट सर्किट और पटाखों से लगने



वाली आग से बचाव के उपाय समझाए जा रहे हैं। अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी मंजीत सिंह ने बताया कि अक्सर छोटी सी लापरवाही से बड़ा हादसा हो जाता है। इसी को रोकने के लिए स्टॉल के जरिए सीधे जनता से जुड़कर जागरूक किया जा रहा है। लोगों को फायर एनओसी की प्रक्रिया भी समझाई जा रही है। स्टॉल पर बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं और अग्नि सुरक्षा से जुड़े सवाल पूछ रहे हैं। विभाग का कहना है कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा ताकि हर व्यक्ति आग से बचाव के प्रति सजग हो सके।

### प्राथमिक विद्यालय से 3.80 क्विंटल चावल की चोरी

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खिरीमोड़ थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने स्टोर रूम का दरवाजा तोड़कर करीब तीन क्विंटल 80 किलोग्राम चावल की चोरी कर ली। घटना को लेकर विद्यालय की प्रधान शिक्षिका चंचला कुमारी ने खिरीमोड़ थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। प्राप्त



जानकारी के अनुसार, प्रधान शिक्षिका चंचला कुमारी शुक्रवार दोपहर विद्यालय के सभी कमरों को बंद कर प्रतिदिन की तरह अपने घर चली गई थीं। शनिवार सुबह उन्हें मोबाइल के माध्यम से विद्यालय में चोरी होने की सूचना मिली। सूचना मिलने पर जब वह विद्यालय पहुंचीं तो विद्यालय परिसर में चावल बिखरा हुआ मिला तथा स्टोर रूम का दरवाजा खुला पाया गया। जांच के दौरान पता चला कि चोरों ने स्टोर रूम के लोहे के दरवाजे को जोरदार धक्का देकर उसकी कुंडी मोड़ दी और अंदर रखी चावल की आठ बोरियां चोरी कर लीं। चोरी गए चावल का कुल वजन लगभग तीन क्विंटल 80 किलोग्राम बताया गया है। घटना की सूचना मिलते ही खिरीमोड़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। वहीं प्रधान शिक्षिका द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर पुलिस अज्ञात चोरों की पहचान में जुट गई है। स्थानीय लोगों ने विद्यालयों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

### नगर परिषद की ओर से पर्यावरण दिवस के अवसर पर किया पौधारोपण।

**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद एवं ने मिलकर बालिगा सीनियर सेकेंडरी स्कूल खगौल ने नगर परिषद की ओर से स्वच्छता साथी , छात्राओं, दोनों ने मिलकर वृक्षा रोपण का कार्यक्रम किया गया। वही नगर परिषद के सहायक लोक स्वास्थ्य एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी विजय प्रकाश ने बताया



कि वृक्षारोपण करने से टेंपरेचर की कमी एवं वातावरण की शुद्धता बरकरार रहती है। वही स्कूल के प्रधान लिपिक धर्मेंद्र कुमार , मध्य विद्यालय के प्रबन्ध कारणी समिति सदस्य चंदू प्रिन्स ने बताया कि हर साल बालिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नगर परिषद , एवं महिला कॉलेज की ओर से वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया जाता है ।

# सीपेट हाजीपुर में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सीपेट : सीएसटीएस, हाजीपुर में एक भव्य जागरूकता एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार सरकार के माननीय डॉ. प्रमोद कुमार, मंत्री, खाद्य एवं भूतत्व विभाग सह कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, श्री रामविलास शांडिल्य, संस्थापक, पर्यावरण भारती एवं प्रांत संयोजक, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, बिहार, तथा सीपेट के निदेशक एवं प्रमुख, डॉ. यू. पी. सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर संस्थान परिसर में माननीय डॉ. प्रमोद कुमार, मंत्री, खाद्य एवं भूतत्व विभाग सह




कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार, माननीय अवधेश सिंह, विधायक, हाजीपुर, श्री रामविलास शांडिल्य, संस्थापक, पर्यावरण भारती एवं प्रांत संयोजक, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, बिहार तथा सीपेट के निदेशक एवं प्रमुख, डॉ. यू. पी. सिंह द्वारा पौधारोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए विद्यार्थियों से प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। इस अवसर पर श्री रामविलास शांडिल्य ने अपनी प्रेरणादायक कविता के माध्यम से पर्यावरण के महत्व एवं इसके संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता का संदेश दिया। सीपेट के निदेशक एवं प्रमुख, डॉ. यू. पी. सिंह ने अपने संबोधन में सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा संस्थान द्वारा कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न प्रयासों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी।

# पटना जंक्शन पर रबरयुक्त ट्रैक क्रॉसिंग एक छोटा परंतु महत्वपूर्ण प्रयास

**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना भारत के व्यस्ततम रेलवे स्टेशनों में से एक पटना जंक्शन पर दानापुर मंडल, पूर्व मध्य रेल द्वारा निर्मित नई रबरयुक्त ट्रैक क्रॉसिंग (बैरो क्रॉसिंग) ने यात्री सुविधाओं तथा परिचालन दक्षता को उल्लेखनीय रूप से बढ़ावा दिया है। देखने में साधारण प्रतीत होने वाली ये क्रॉसिंग अब यात्रियों, दिव्यांगजनों, रेलवे कर्मचारियों तथा पार्सल यातायात की आवाजाही को अधिक सुरक्षित, सुगम एवं प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। पटना जंक्शन प्रतिदिन भारी संख्या में यात्रियों एवं पार्सल यातायात का संचालन करता है। बिहार को देश के विभिन्न महानगरों से जोड़ने वाले प्रमुख परिवहन केंद्र के रूप में यह स्टेशन अत्यधिक व्यस्त रहता है। साथ ही स्टेशन के माध्यम से बड़ी मात्रा में पार्सल एवं सामानों का भी आवागमन होता है, जिससे स्टेशन परिसर के भीतर सुचारु आवाजाही एक महत्वपूर्ण परिचालन आवश्यकता बन जाती है। उपर्युक्त अधिकांश ट्रेनें प्लेटफॉर्म संख्या 2, 3, 4 एवं 5 से संचालित होती हैं। महावीर मंदिर की तरफ स्थित प्लेटफॉर्म संख्या 1 के पश्चिमी छोर पर नवनिर्मित रबरयुक्त ट्रैक क्रॉसिंग प्लेटफॉर्म संख्या 2 एवं 3 तथा 4 एवं 5 को जोड़ती है। पारंपरिक बैलेस्ट (गिट्टी) युक्त ट्रैक क्षेत्र की तुलना में यह समतल एवं फिसलन-रोधी सतह प्रदान करती है, जिससे ट्रैक पार करना अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक हो गया है। इसके परिणामस्वरूप पार्सल ट्रॉलियों तथा रेलवे सेवा उपकरणों की आवाजाही तेज और सुरक्षित हुई है, जिससे लोडिंग एवं अनलोडिंग कार्यों में लगने वाला समय भी कम हुआ है। यात्रियों के लिए भी यह सुविधा अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। ये क्रॉसिंग प्लेटफॉर्म संख्या 1 से प्लेटफॉर्म संख्या 2, 3, 4 एवं 5 तक सहज आवागमन सुनिश्चित करती हैं, विशेषकर उन समयों में जब फुट ओवरब्रिज पर अत्यधिक भीड़ होती है। परिणामस्वरूप यात्रियों की सुविधा बढ़ने के साथ-साथ स्टेशन



संचालन भी अधिक सुचारु हुआ है। इस पहल का सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव दिव्यांग यात्रियों की सुगमता में सुधार के रूप में सामने आया है। समतल रबरयुक्त सतह के कारण व्हीलचेयर उपयोगकर्ता अब बिना किसी कठिनाई के विभिन्न प्लेटफॉर्मों के बीच आसानी से आवागमन कर सकते हैं। परिचालन की दृष्टि से भी यह पहल भारतीय रेल के उस व्यापक उद्देश्य के अनुरूप है, जिसके तहत यात्री सुविधाओं में वृद्धि के साथ-साथ स्टेशन प्रबंधन की दक्षता को भी बेहतर बनाया जा रहा है। पार्सलों की तीव्र आवाजाही, भीड़भाड़ में कमी, प्लेटफॉर्म की शीघ्र निकासी तथा बेहतर सुगमता जैसी उपलब्धियां मिलकर एक अधिक यात्री-अनुकूल स्टेशन वातावरण का निर्माण कर रही हैं। पटना जंक्शन, जहां प्रतिदिन लाखों यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार तथा क्षेत्र में पार्सल प्रबंधन का प्रमुख केंद्र बना हुआ है, वहीं इस प्रकार के व्यावहारिक अव संरचनात्मक सुधार यह दशार्ते हैं, कि लक्षित निवेश किस प्रकार व्यापक और दीर्घकालिक लाभ प्रदान कर सकते हैं। दानापुर मंडल द्वारा निर्मित रबरयुक्त ट्रैक क्रॉसिंग इस बात का उत्कृष्ट उदाहरण हैं कि किस प्रकार दूरदर्शी इंजीनियरिंग समाधान सुरक्षा, सुगमता और परिचालन दक्षता को एक साथ सुदृढ़ कर रेलवे यात्रा को सभी हितधारकों के लिए अधिक सहज एवं सुविधाजनक बना सकते हैं।यह रबरयुक्त ट्रैक क्रॉसिंग अभी इस लीची के मौसम में लोडिंग/अनलोडिंग के कार्य में काफी सुविधाजनक साबित हो रही है।

# मोकामा में विश्व पर्यावरण दिवस पर चला वृहद जनजागरण अभियान, यात्रियों को बांटे जूट बैग

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को मोकामा में पर्यावरण संरक्षण को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। रेलवे स्टेशन से लेकर नगर परिषद तक 'हरित रेल, स्वच्छ रेल' और 'पेड़ लगाओ-जीवन बचाओ' का संदेश गूंजा।मोकामा रेलवे स्टेशन एवं रेलवे कालोनी में व्यापक जनजागरण अभियान चलाया गया। स्टेशन प्रबंधक हरिशंकर कुमार के नेतृत्व में स्टेशन परिसर में वृक्षारोपण किया गया। वहीं रेलवे कालोनी स्थित हेल्थ यूनिट परिसर में मेडिकल ऑफिसर डॉ. गोविंद के साथ पौधे लगाकर पर्यावरण बचाने का




संदेश दिया गया।चीफ हेल्थ इंस्पेक्टर दिनेश झा के नेतृत्व में चले इस अभियान में यात्रियों को प्लास्टिक के विकल्प के रूप में जूट बैग वितरित किए गए। आरपीएफ के सौरभ सिंह के साथ शिवम् कुमार, मन्टू कुमार, नीरज सिंह, परदेशी पासवान, सुबोध कुमार, मुकेश कुमार, सुरेश राम, गोपाल कुमार सहित अन्य रेल कर्मियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी कर्मियों ने यात्रियों को सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया और स्टेशन परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की। स्टेशन प्रबंधक ने कहा, पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। रेलवे लगातार हरित पहल को बढ़ावा दे रहा है। नगर परिषद की ओर से सीसीएम स्कूल प्रांगण में वृक्षारोपण कर जागरूकता फैलाई गई। इस मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी संतोष कुमार रजक, सभापति नीलेश कुमार और ब्रांड एंबेसडर छितेंद्र कुमार सिंह समेत कई वार्ड पार्षद मौजूद रहे।एक अन्य कार्यक्रम में मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने भी वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

## मोकामा में दो पैक्स अध्यक्ष निर्विरोध चुने गए

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा प्रखंड में तीन पैक्सों के अध्यक्ष और सदस्य पदों के लिए नामांकन के अंतिम दिन मरांची उत्तरी से एक भी पर्चा दाखिल नहीं हुआ, जबकि औन्टा और मरांची दक्षिणी से केवल एक-एक उम्मीदवार मैदान में उतरे। नतीजतन, दो पैक्सों में अध्यक्ष निर्विरोध चुने जाना तय हो गया है।औन्टा पैक्स के लिए सुबोध सिंह ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया। उनके विरोध में किसी ने पर्चा नहीं भरा।मरांची दक्षिणी पैक्स से गोपाल कुमार ने अध्यक्ष पद का नामांकन किया। यहां भी कोई दूसरा दावेदार सामने नहीं आया।मरांची उत्तरी पैक्स के लिये अध्यक्ष व सदस्य दोनों पदों के लिए एक भी नामांकन नहीं आया। अब यहां की सीटें फिलहाल खाली रहेंगी।सहायक निवार्ची पदाधिकारी मंगत राम ने बताया कि विरोध में नामांकन न होने से औन्टा से सुबोध सिंह और मरांची दक्षिणी से गोपाल कुमार का निर्विरोध निर्वाचन तय है। निर्वाचन आयोग मरांची उत्तरी के लिए बाद में चुनाव प्रक्रिया की नई तारीख घोषित करेगा। सुबोध सिंह औन्टा से दूसरी बार पैक्स अध्यक्ष बनेंगे।

# शोध एवं प्रशिक्षण के लिए टी.पी.एस. कॉलेज का कैंसर सोसाइटी से समझौता

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टी.पी.एस. कॉलेज, पटना और आर.एस. मेमोरियल कैंसर सोसाइटी, जो सवेरा कैंसर एवं मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल की एक इकाई है, के बीच



कैंसर अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर टी.पी.एस. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि यह समझौता महाविद्यालय में अनुसंधान संस्कृति को सुदृढ़ करने तथा विद्यार्थियों को स्वास्थ्य एवं जैव चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह सहयोग विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए नए अवसर उपलब्ध कराएगा। हॉस्पिटल की ओर से प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कैंसर सर्जन डॉ. वी. पी. सिंह तथा डॉ. चंदन उपस्थित रहे। महाविद्यालय की ओर से वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. विनय भूषण कुमार ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के अंतर्गत कैंसर जेनेटिक्स, क्लिनिकल ट्रांसलेशनल रिसर्च, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कार्यशालाओं तथा संयुक्त शोध गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग के स्नातक, स्नातकोत्तर विद्यार्थियों तथा शोधार्थियों को अनुसंधान कार्यों में प्रत्यक्ष सहयोग एवं प्रशिक्षण प्राप्त होगा।

**खरीफ महाभियान-2026 का आगाज**

## 10 जून से प्रशिक्षण और 11 जून से हर पंचायत में चौपाल

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शारदीय खरीफ महाभियान-2026 के तहत किसानों को जागरूक करने की तैयारी पूरी कर ली गई है। कृषि विभाग द्वारा 10 जून 2026 से 25 जून 2026 तक प्रत्येक प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वहीं 11 जून 2026 से 30 जून 2026 तक प्रत्येक ग्राम पंचायत में कृषि जन कल्याण चौपाल-सह-खेती बचाओ अभियान चलाया जाएगा। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सुधीर शाह ने बताया कि इस महाभियान में प्रसार कर्मियों एवं किसानों को कृषि एवं सम्बद्ध विभाग की सभी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही खरीफ मौसम में धान, मक्का, दलहन, तिलहन आदि फसलों के उत्पादन की आधुनिक तकनीक पर प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

# माउंट लिट्रा जी स्कूल क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ियों को मिली रंगीन ड्रेस

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ स्थित माउंट लिट्रा जी स्कूल क्रिकेट अकादमी में शुक्रवार को खिलाड़ियों के लिए विशेष समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रशिक्षुओं को नई कलर ड्रेस प्रदान की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन कौशल किशोर शर्मा, प्राचार्या संगमित्रा दास और प्रबंधक श्वेता कुमारी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। यह अकादमी इसलिए भी खास है क्योंकि यहां प्रशिक्षण की जिम्मेदारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर ईशान किशन के बचपन के कोच और बिहार अंडर-16 टीम के पूर्व कोच संतोष कुमार संभाल रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में क्षेत्र के युवा क्रिकेटरों को पेशेवर प्रशिक्षण मिल रहा है। संतोष कुमार ने बताया कि अकादमी केवल स्कूल के विद्यार्थियों तक सीमित नहीं है।



आसपास के ऐसे बच्चे भी यहां प्रशिक्षण लेते हैं जो माउंट लिट्रा जी स्कूल के छात्र नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अकादमी का उद्देश्य ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों की प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराना है ताकि वे भी बड़े स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। उन्होंने बताया कि अकादमी में खिलाड़ियों के लिए अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध हैं। नियमित नेट प्रैक्टिस, फिटनेस ट्रेनिंग, तकनीकी मार्गदर्शन और मैच अभ्यास जैसी सुविधाओं के माध्यम से खिलाड़ियों को आधुनिक क्रिकेट की जरूरतों के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। चेयरमैन कौशल किशोर शर्मा ने कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ खेल प्रतिभाओं को भी समान महत्व देता है। उनका लक्ष्य है कि बाढ़ और आसपास के क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ी बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त कर राज्य और देश का नाम रोशन करें। नई कलर ड्रेस मिलने के बाद खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

# कई कांडों में वांछित अभियुक्त सन्नी कुमार गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खगौल पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। कई आपराधिक मामलों में फरार चल रहे आरोपी और रीत लाल यादव का मुख्य सहयोगी बताए जा रहे सन्नी कुमार उर्फ रोहित को पुलिस ने देर रात छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कोथवां निवासी सन्नी कुमार उर्फ रोहित, पिता स्वर्गीय विजय प्रसाद के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार, खगौल थाना क्षेत्र में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी की तलाश पुलिस लगातार कर रही थी। इसी क्रम में खगौल थाना के सर्किल इंस्पेक्टर कुमार अभिनव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कोथवां इलाके में देर रात छापेमारी की। छापेमारी के



दौरान आरोपी को उसके ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई में सब इंस्पेक्टर राखी कुमारी, ठाकुर राजेश्वर सिंह, संजीव कुमार और नीतीश कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सन्नी कुमार के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके विरुद्ध रूपसपुर थाना, दानापुर थाना समेत अन्य क्षेत्रों में भी कई संगीन मामलों में प्राथमिकी दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। पुलिस अब उसके आपराधिक रिकॉर्ड को खंगालने के साथ-साथ उससे जुड़े अन्य मामलों और नेटवर्क की भी जांच कर रही है।

## महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, पुलिस ने लाश को लिया कब्जे में पति हिरासत में

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के एकडंगा पंचायत के सीतापुर गांव में 22 वर्षीय विवाहिता अनुराधा कुमारी का शव शनिवार की सुबह संदिग्ध परिस्थिति में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक महिला का मायका नालंदा जिला के नूरसराय थाना अंतर्गत दारूवारा गांव बताया जाता है मायके वाले को घटना की सूचना मिलते ही पुलिस को फोन करके बुलाया गया पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही फॉरेंसिक की टीम को भी बुलाई गई है मृत महिला के हाथ में सलाइन पानी चढ़ाने का नीडल भी लगा हुआ है फॉरेंसिक जांच करने वाली टीम ने भी कई जगह घटना का जायजा लिया और नमूने भी जमा किए, मामले पर सीडीपीओ रामकृष्ण ने बताया कि लड़की के परिजन के द्वारा अभी तक प्राथमिक की दर्ज नहीं कराई गई है आवेदन प्राप्त होते ही मामला दर्ज किया जाएगा।

# श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय में पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण, 'जल-जीवन-हरियाली बचाना युवाओं का कर्तव्य' : प्राचार्य

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर अवस्तिथ श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम और वृहद पौधरोपण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में छात्रों को 'जल-जीवन-हरियाली' के महत्व से जोड़ते हुए नदी, तालाब और जलाशयों के संरक्षण का संदेश भी दिया गया। महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य प्रो. शिवचंद्र सिंह, एनएसएस पदाधिकारी डॉ. पिंकी कुमारी,डॉ0 प्रभात कुमार,प्रधान सहायिका सुभद्रा सिन्हा, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ0 राजीव नयन,कुमार पवन,लेखापाल रोनित रॉय,आलोक कुमार सिंह,बीरेंद्र कुमार, जलेंद्र जी व अन्य कर्मियों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में हरसिंगार, तेजपत्ता, आंवला, तुलसी, लेमनग्रास और पीपल सहित विभिन्न उपयोगी पौधे लगाये और उन्हें सिंचित किए। पौधरोपण के बाद सभी ने नवरोपित औषधीय, छायादार व फलदार पौधों की रक्षा का संकल्प लिया।

**'पौधे बादलों को खींचते हैं, जलस्रोत बचाना जरूरी'**

प्राचार्य प्रो. शिवचंद्र सिंह ने कहा कि पीपल, आम, नीम, बरगद जैसे वृक्ष बड़ी मात्रा में घनी छांव, शुद्ध वायु और ऑक्सीजन देते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा, पौधे बादलों को खींचकर वर्षा लाते हैं। जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग से पृथ्वी को बचाने के लिए पानी, पेड़ और पौधों को बचाना हर युवा और विद्यार्थी का कर्तव्य है। यदि जंगल और जलस्रोत बचेंगे तो पशु-पक्षी भी बचेंगे, वरना यह पृथ्वी दिनोदिन गर्म होकर तपता हुआ रेगिस्तान बन जाएगी।उन्होंने कहा कि मैं अपने जीवन मे कभी भी क्रीम, जेल से दाढ़ी नहीं बनाई, मैं थोड़ी सी दूध के प्रयोग से शेविंग क्रीम सा




अहसास और ताजगी पा लेता हूँ।उन्होंने मोबाइल, ऐसी, बिजली का कम प्रयोग करने और पेड़-पौधों युक्त प्राकृतिक परिवेश में रहने की बात कही।

एनएसएस पदाधिकारी डॉ. पिंकी कुमारी ने बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'जल-जीवन-हरियाली' का भी उल्लेख किया जिसकी सफलता को देखते हुए उन्हीं के नक्शे कदम पर वर्तमान सीएम भी चलकर वृक्षारोपण को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील किया कि अभी से ही बाजार जाते वक्त घरेलू निर्मित कपड़े के थैलों का प्रयोग करें और प्लास्टिक के थैलों का वहिष्कार करें।उन्होंने कहा कि हमारे पूजनीय धार्मिक स्थलों पर भी पीपल,तुलसी,नीम,शम्मी और हरसिंगार,उड़हुल जैसे पौधे पल्लवित और पुष्पित रहते हैं।पूर्व सीएम नीतीश कुमार चाहे जिस गठबंधन की सरकार में रहे उन्होंने वृक्षारोपण, जल प्रवंधन और पर्यावरण संरक्षण के लिए कई गुणवत्तापूर्ण स्कीम चलाई और कार्ययोजना तैयार कर इसको मजबूती प्रदान की।इसी ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत राज्य में 5 करोड़ से अधिक पौधे लगवाए गए और उनके संरक्षण पर विशेष बल दिया गया,जिसके कारण बिहार में ग्रीन फील्ड बढ़ा है और आवोहवा भी बेहतर हुई है। डॉ प्रभात कुमार,डॉ राजीव नयन,कुमार पवन और आलोक कुमार सिंह ने कहा कि आम,पीपल,नीम,वरगद जैसे ज्यादा ऑक्सीजन देने वाले वृक्ष धरती के आभूषण हैं।अभी आम,जामुन इनके बीजों का संग्रह कर उसे मिट्टी में रखकर सीड बॉम्ब के रूप में आगामी वर्षा ऋतु में प्रयोग करें।जो नए पौधों को जन्म देगा।हरियाली ही खुशहाली है इसके लिए हम अपने घर और आसपास से ही पौधरोपण कर हरितिमा लाएं।सामाजिक कल्याण की भावना से हमें नदी, तालाब और पोखरों को भी प्रदूषण से बचाना होगा।

**इको फ्रेंडली क्लब बनाने का संकल्प**

पर्यावरण प्रेमी मधुसूदन कुमार ने महाविद्यालय में 'इको फ्रेंडली क्लब' की स्थापना और वनों के रकबे को 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़ाने का सुझाव दिया, जिसे छात्रों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान के बाद सभी ने शपथ लिया कि वे पौधारोपण के साथ-साथ जलस्रोतों की सफाई और संरक्षण में भी भाग लेंगे ताकि हिलसा क्षेत्र और सूबे बिहार में हरियाली बढ़े और अच्छी वर्षा हो। मौके पर राजू कुमार,मुनील पटेल, शैलेश कुमार,गुड्डू कुमार, नवीन, संगीता,सुजीत कुमार,चिंटू कुमार, सनोज मालाकार,प्रदीप कुमार,रंजीत कुमार,रेखा, शांति,एनएसएस छात्र अविनाश कुमार व अन्य दर्जनों उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### निबंधन कार्यालय का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा जिला निबंधन कार्यालय मोतिहारी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ऑनलाइन निबंधन से संबंधित सारी प्रक्रियाओं को बारीकी से समझा गया एवं जिला अवर निबंधक को सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए, ताकि दस्तावेजों का निबंधन शीघ्र संपन्न हो सके। यहां पर निबंधन के लिए आए हुए व्यक्तियों से पूछताछ की गई तथा निबंधन के क्रम में आ रही परेशानियों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई । निरीक्षण के दौरान स्वच्छता मानकों पर असंतोष व्यक्त किया गया एवं नियमित साफ सफाई का निर्देश दिया गया। डीएम के द्वारा अभिलेखों के डिजिटाइजेशन कार्य की भी समीझा की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए । जिला अवर निबंधक के द्वारा बताया गया कि विभाग द्वारा निबंधन की प्रक्रिया पेपर लेस की जानी है । पेपर लेस प्रक्रिया हेतु की गई तैयारी का भी अवलोकन किया गया। बेहतर कार्य संस्कृति, कर्मियों के समय पर आगमन एवं प्रस्थान, बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



### ईवीएम विविपैट वेयरहाउस का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष/सचिव/प्रतिनिधियों के साथ समाहरणालय स्थित ईवीएम विविपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की सुरक्षा मानकों को देखा गया एवं वहां उपस्थित सुरक्षा गार्ड को जरूरी निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी भी उपस्थित थे।



### कोल काली अमझर में गन्ना मंत्री ने किया पूजा अर्चना

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कोल काली अमझर स्थित मां चरण शक्ति पीठ में आयोजित वार्षिक धार्मिक महोत्सव के तहत बिहार सरकार के गन्ना उद्योग मंत्री सह मुंगेर जिला प्रभारी मंत्री संजय पासवान ने पूजा-अर्चना के बाद मेला एवं अखंड रामधुन का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में भाईचारा, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करते हैं। उन्होंने मां चरण शक्ति पीठ में पूजा-अर्चना कर मुंगेर, जमालपुर, बिहार एवं पूरे देश में अमन-चैन, विकास और समृद्धि की कामना की। साथ ही पर्यावरण दिवस के अवसर पर लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।वहीं मेला व धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम में हजारों की संख्या में भक्त रातभर डटे रहे। मंदिर परिसर में पूजा-पाठ, भजन-कीर्तन और अखंड रामधुन का आयोजन चलता रहा। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण भी किया गया। मौके पर लोजपा नगर अध्यक्ष मनीष कुमार मंडल, वार्ड पार्षद रूपेश कुमार,शैलेन्द्र मंडल, विजय मंडल, सत्तो यादव, पंकज पासवान, रवि पासवान, संतोष, संजीत पासवान, प्रिंस, रूपेश फौजी, सोनू मंडल, रौशन, शंकर, अंकित, घनश्याम साह सहित श्रद्धालु एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



### 20 रेल कर्मियों शिविर में कराया स्वास्थ्य जांच

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे कर्मचारियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के उद्देश्य से जमालपुर रेलवे स्टेशन पर विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व रेलवे चिकित्सक डॉ. संजय कुमार ने किया।जिसमें क्रू लॉबी, स्टेशन प्रबंधन तथा ओपन लाइन से जुड़े रेलकर्मियों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर, पॉइंट्समैन सहित विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों के रक्तचाप और रक्त शर्करा (शुगर) की जांच की गई। जांच के दौरान कई कर्मचारियों में उच्च रक्तचाप और मधुमेह के लक्षण पाए गए। चिकित्सकों ने प्रभावित कर्मचारियों को आवश्यक परामर्श दिए। रेल चिकित्सा ने बताया कि रेलवे के रनिंग स्टाफ और अन्य जिम्मेदार पदों पर कार्यरत कर्मचारियों का स्वास्थ्य सुरक्षित रहना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि उनकी कार्यप्रणाली सीधे रेल परिचालन और यात्रियों की सुरक्षा से जुड़ी होती है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जाता है। इधर शिविर में 20 रेलकर्मियों की जांच की गई। मौके परनर्सिंग सुपरिटेंडेंट विजेंद्र सिंह, हॉस्पिटल अटेंडेंट प्रमोद कुमार तथा हेल्पर आर्यन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



### दो वर्षों से पुलिस को चकमा दे रहा था अभियुक्त

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ईस्ट कॉलोनी थाना पुलिस को गृह उद्वेदन (घर में घुसकर वारदात को अंजाम देने) के एक पुराने मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने करीब दो वर्षों से फरार चल रहे एक और नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी बड़ी आशिकपुर निवासी मनोज राम का पुत्र अनिकेत कुमार है। थानाध्यक्ष वीरभद्र सिंह ने बताया कि अनिकेत कुमार लगातार फरार चल रहा था। वह अपना ठिकाना बदल-बदल कर पुलिस को चकमा दे रहा था। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि फरार आरोपी अपने घर के आसपास देखा गया है। सूचना मिलते ही गश्ती दल में शामिल एसआई पुष्पा कुमारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई की। टीम ने आरोपी के घर और आसपास के क्षेत्र की घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को थाना लाया गया, जहां आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। बाद में उसका स्वास्थ्य परीक्षण कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।




### जब्त वाहन का चक्का चोरी में दो गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रूपसपुर पुलिस ने जब्त वाहन का चक्का चोरी करने के आरोप में दो चोर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार चोरों में राम जयपाल नगर निवासी शिवम कुमार और आकाश कुमार को गिरफ्तार किया। जबकि इस मामले में पुलिस एक किशोर से भी पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया कि रूपसपुर टिओपी के पास जब्त वाहन के चक्का चोरी करने के आरोप में एक किशोर समेत तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। पूछताछ के बाद दो चोर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### एकमा सीएचसी से हरी झंडी दिखाकर चमकी बुखार जागरूकता वाहन रवाना

**लक्षण दिखते ही बच्चे को अस्पताल पहुंचाएं : डॉ. साजन कुमार**

**एकमा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गर्मी के मौसम में बच्चों को प्रभावित करने वाली चमकी बुखार (एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम-एईएस) को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एकमा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. साजन कुमार ने लोगों से सतर्क रहने और बच्चों का विशेष ख्याल रखने की अपील की है। डॉ. साजन कुमार ने शनिवार को सीएससी परिसर से चमकी बुखार से बचाव के लिए एलईडी टीवी युक्त जागरूकता वाहन को झंडी दिखा कर क्षेत्र में रवाना करते हुए बताया कि चमकी बुखार मुख्य रूप से छोटे बच्चों को प्रभावित करता है। यह बीमारी तेज गर्मी, लंबे समय तक खाली पेट रहने जैसी परिस्थितियों में अधिक देखने को मिलती है। बीमारी की शुरूआत अचानक होती है और बच्चे को तेज बुखार, शरीर में ऐंठन, बेहोशी, बार-बार झटके आना, सुस्ती या असामान्य व्यवहार जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि चमकी बुखार से बचाव के लिए अभिभावकों को बच्चों को कभी भी खाली पेट नहीं रहने देना चाहिए। रात में सोने से पहले बच्चों को भोजन अवश्य कराएं तथा सुबह उठने के बाद भी जल्द कुछ खाने को दें। बच्चों को पर्याप्त मात्रा में पानी, ओआरएस, नींबू पानी तथा अन्य तरल पदार्थ देते रहें, ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। तेज धूप और अत्यधिक गर्मी के दौरान बच्चों को घर के अंदर या छायादार स्थान पर रखें तथा अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने दें। उन्होंने कहा कि सीएचसी में चमकी बुखार से पीड़ित बच्चों के उपचार के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। इसके तहत दो बेड का विशेष वार्ड तैयार किया गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर बच्चों को तत्काल और बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जा सके। डॉ. साजन कुमार ने कहा कि समय पर पहचान और त्वरित इलाज से चमकी बुखार से होने वाले गंभीर खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।



# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा मेगा कृषि ऋण जनसंपर्क शिविर का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय मोतिहारी द्वारा कृषि ऋण जनसंपर्क शिविर का आयोजन समाहरणालय स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद सभागार में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं उप विकास आयुक्त डॉ.प्रदीप कुमार ने अपनी सहभागिता दर्ज की ' इस आयोजन में जिले भर के अनेक जीविका समूह के सदस्यों तथा किसान भाइयों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय प्रमुख विवेक कुमार पाण्डेय एवं अग्रणी जिला प्रबंधक राजेन्द्र कुमार पाण्डेय ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। क्षेत्रीय प्रमुख ने बताया कि केंद्रीय कार्यालय के निदेर्शानुसार पूरे भारतवर्ष में सेंट्रल बैंक द्वारा आज दिनांक 06.06.2026 को मेगा कृषि ऋण शिविर का आयोजन किया जा रहा है ' जिलाधिकारी के द्वारा अपने संबोधन में सेंट्रल बैंक के इस तरह के आयोजन की काफी सराहना की गई। उनके द्वारा जिले में कृषि विकास में सेंट्रल बैंक के शाखाओं के माध्यम से किए जा रहे प्रयासों का प्रशंसा किया गया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में बताया कि जिले का अग्रणी बैंक होने के नाते सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया अपने शाखाओं के माध्यम से जिले के विकास में अहम भूमिका निभाते आ रहा है और इस तरह के आयोजन के माध्यम से आगे भी जिले वासियों को वित्त पोषित करता रहेगा। उन्होंने जिविका दिदीयों को सलाह दी कि वे इन ऋण राशि से अपना नया उद्यम स्थापित कर समाज में आत्मनिर्भर होने के लिए मिशाल कायम करें। इस आयोजन में बैंक के मुख्य प्रबंधक श्री सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा बैंक में संचालित विभिन्न कृषि ऋण योजना के बारे में ग्राहकों को विस्तार पूर्वक बताया गया। जिलाधिकारी द्वारा 2026 जीविका समूह के सदस्यों को 51 करोड़ का ऋण वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला स्तरीय जिविका के अधिकारी गण की सहभागिता काफी सराहनीय रही। ऋण शिविर आयोजन का संचालन जिला जिविका कार्यालय के अधिकारी राजु कुमार ने की। इस कार्यक्रम में जीविका समूह के सदस्यों द्वारा अपने-अपने अनुभव साझा किया गया । सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य प्रबंधक अभिनव आनंद तथा सत्येंद्र कुमार पाण्डेय ने भी अपनी सहभागिता दर्ज की।कार्यक्रम के अंत में अग्रणी जिला प्रबंधक राजेंद्र कुमार पाण्डेय द्वारा आए हुए सभी गणमान्य का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।



### सिकरिया फामेर्सी कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उद्योगपति भाजपा नेता यमुना सीकरीया द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन सीकरीया फामेर्सी कॉलेज कैंपस में किया गया। इस अवसर पर यमुना सीकरीया, प्रिंसिपल प्रीति दुबे सभी शिक्षकों छात्रों के द्वारा फलदार औषधि युक्त, छायादार पौधों को लगाया गया। भाजपा नेता यमुना सीकरीया ने कहा प्रधानमंत्री मोदी जी ने समस्त देशवासियों से पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम लगवाने का संदेश दिया है। पर्यावरण का संरक्षण करना हर नागरिक का कर्तव्य है बढ़ती हुई गर्मी से हमें वृक्ष बचा सकते हैं। माता - पिता अपने बच्चों से एक वृक्ष हर शुभ कार्य दिवस पर जरूर से लगवाये । एक सर्वे के अनुसार विश्व में भारत के कई जिले हैं। जहां सबसे अधिक गर्मी पड़ने लगी है। इस ग्लोबल वार्मिंग से हमें वृक्ष ही बचा सकते हैं, ताकि आने-वाले समय में पर्यावरण रूपी बड़े से बड़े आपदा से हम भारतवासी सुरक्षित रहे।

## मोदी सरकार के 12 साल पूर्ण होने पर भाजपा पखवाड़ा के तहत करेगी कार्यक्रम

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी जमालपुर प्रखंड के परहम पंचायत में साप्ताहिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनीष दयाल गोस्वामी ने किया। संबोधित करते हुए प्रखंडध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 साल पूर्ण होने पर 8 जून से 14 जून चलने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम भाजपा प्रदेश एवं भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार पोद्दार के निदेर्शानुसार कार्यक्रम आयोजन होना है। इसको लेकर प्रखंड के सभी बूथ पर कार्यक्रम करना है।कार्यक्रम में सफाई अभियान, जन संपर्क, वृक्षारोपण हर पंचायत एवं हर बूथ पर किया जाना है।यशस्वी प्रधानमंत्री के 12 साल के कार्यक्रम के तहत एनडीए सरकार की उपलब्धि एवं चल रहे योजनाओं की समीक्षा और योजनाओं से सभी जनता को लाभान्वित करना सुनिश्चित करना हैं।हर माह के अंतिम रविवार को हर बूथ पर मन की बात कार्यक्रम कर सरल पोर्टल पर अपलोड करवाना विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर जिन बूथों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम नहीं हुआ है हर बूथ पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम सुनिश्चित करना है।सभी शक्ति केंद्र पर माह के प्रथम सप्ताह एवं अंतिम सप्ताह में निरंतर रूप से बैठक का आयोजन करना सुनिश्चित करें।बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के विकसित बिहार के संकल्प को पूरा करने के लिए हर एक कार्यकर्ता समर्पित रूप से अपनी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।



## फार्मर आईडी नहीं बनवाने वाले किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं के लाभ से होना पड़ेगा वंचित

**फार्मर रजिस्ट्री के लिए 30 जून तक की तिथि है निर्धारित, जिले के किसान फार्मर आईडी बनवाने में करें शीघ्रता**

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विधायक मोतिहारी प्रमोद कुमार, विधायक कल्याणपुर सचिंद्र प्रसाद सिंह सहित सांसद पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण एवं शिवहर के जिला प्रतिनिधि, उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह उपस्थित थे। बैठक में आगामी खरीफ-2026 को लेकर उर्वरक की आवश्यकता एवं उपलब्धता पर विशेष चर्चा की गई। जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा बताया गया पूर्वी चंपारण जिला में सभी तरह के उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता है, कहीं से कोई समस्या नहीं है। एग्री स्टैक परियोजना अंतर्गत सभी किसानों का फार्मर आईडी बनवाना जरूरी बताते हुये उपस्थित जनप्रतिनिधिगण से भी आह्वान किया गया कि अपने स्तर से भी किसानों को जागरूक करें। बैठक में बताया गया जिन किसानों के पास फार्मर आई.डी. उपलब्ध होगा उन्हीं किसानों को उर्वरक एवं कृषि विभाग के अन्य योजनाओं का लाभ भविष्य में मिल सकेगा। जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि फार्मर रजिस्ट्री के लिए 30 जून तक की तिथि निर्धारित है। इस दौरान सभी किसानों को आईडी बनवाना अनिवार्य है। वर्तमान में जिला में 1,80,000 किसानों का फॉर्मर आईडी बनाया जा चुका है जबकि जिला में लगभग 5 लाख किसान हैं जिन्हें पीएम किसान निधि की राशि मिल रही है। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में उर्वरक की कोई कमी नहीं है।किसानों को उर्वरक प्राप्ति की दिशा में विभाग तत्पर है। उर्वरक की कालाबाजारी, अनियमितता पाये जाने पर थोक उर्वरक विक्रेता, खुदरा उर्वरक विक्रेता के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कर्रवाई की जा रही है। उपस्थित जनप्रतिनिधिगण द्वारा बैठक में मांग की गई कि कृषि विभाग से पंजीकृत सभी डीलर एवं सब डीलर अपने दुकान के सामने सूचना पट पर प्रतिदिन के स्टॉक एवं सरकार द्वारा निर्धारित दर को प्रदर्शित करें और पूरी पारदर्शिता बरतें। बैठक में सभी कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक तथा सभी थोक उर्वरक विक्रेता मौजूद थे।



## अपहृत चार नाबालिग लड़कियां को किया गया बरामद, मदरसे का मौलवी गिरफ्तार

**पुलिस प्रेम प्रसंग, मानव तस्करी समेत सभी पहलुओं की कर रही है जांच**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारगंज थाना क्षेत्र के कपूरपकड़ी पंचायत स्थित एक गांव से लापता हुई चार नाबालिग लड़कियों को पुलिस ने महज 36 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। इस मामले में पुलिस ने अपहरण के आरोप में मदरसा के एक मौलवी को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है। पुलिस प्रेम प्रसंग के साथ-साथ मानव तस्करी के संभावित पहलू की भी जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, एक अपहृत बच्ची के पिता के आवेदन पर शिकारगंज थाना में 3 जून को चार नाबालिग लड़कियों के अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। आवेदन में उनकी पुत्री के अलावा गांव की तीन अन्य लड़कियों के भी लापता होने तथा किसी अप्रिय घटना की आशंका जताई गई थी। मामला दर्ज होते ही शिकारगंज पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान और गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई शुरू की। जांच के क्रम में पुलिस ने ढाका थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव से चारों नाबालिग लड़कियों को सकुशल बरामद कर लिया। वहीं ढाका थाना क्षेत्र के करसहिया गांव निवासी फिरोज आलम के पुत्र 25 वर्षीय मदरसे का मौलवी मो. अशफाक को गिरफ्तार किया गया। शिकारगंज थानाध्यक्ष गोपाल कुमार ने बताया कि आरोपी संबंधित गांव के एक मदरसे में पढ़ाता था। इसी दौरान उसका संपर्क एक लड़की से हुआ था। प्रारंभिक जांच में उस लड़की के साथ उसके कथित प्रेम संबंध की बात सामने आई है। पुलिस का मानना है कि उसी के प्रभाव में अन्य लड़कियां भी उसके साथ चली गईं। हालांकि मामले के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, आरोपी की निशानदेही पर एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।



**मेला घुमाने के बहाने बुलाया था गंगापीपर चौक पर**

ग्रामीणों और जांच में सामने आई जानकारी के अनुसार, आरोपी ने 2 जून को चारों लड़कियों को मेला घुमाने का झांसा देकर मोतिहारी-ढाका मुख्य मार्ग स्थित गंगापीपर चौक पर बुलाया था। चारों लड़कियां गांव से करीब चार किलोमीटर पैदल चलकर वहां पहुंचीं। इसके बाद आरोपी उन्हें ऑटो से मोतिहारी ले गया। बाद में किसी कारणवश वह उन्हें ढाका थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव स्थित एक घर में ले जाकर रखा हुआ था, जहां से पुलिस ने उन्हें बरामद किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मामले में मानव तस्करी गिरोह से संभावित संबंधों की भी जांच की जा रही है। हालांकि थानाध्यक्ष ने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का प्रतीत होता है, लेकिन किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। बताया जाता है कि अपहृत लड़कियों में दो सगी बहनें भी शामिल हैं। इनमें तीन लड़कियां मदरसे में पढ़ती थीं, जबकि उनकी एक सहेली गांव के सरकारी विद्यालय की छात्रा है। ग्रामीणों ने बताया कि करीब पांच माह पूर्व एक लड़की और आरोपी के बीच कथित प्रेम प्रसंग की जानकारी परिजनों को हुई थी। इसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से आरोपी को गांव स्थित मदरसे से हटा दिया गया था।

### पैक्स चुनाव का नामांकन समाप्त, अध्यक्ष पद के लिए 13 प्रत्याशी मैदान में

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के चार पंचायतों में होने वाले पैक्स अध्यक्ष एवं प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य पद के चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शनिवार को समाप्त हो गई। नामांकन के अंतिम दिन अध्यक्ष पद के लिए छह अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया, जबकि प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए 32 उम्मीदवारों ने दावेदारी पेश की। निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि दीपही धरहरवा पैक्स से अध्यक्ष पद के लिए सुनीता देवी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं मीरपुर पैक्स से संतोष कुमार एवं शंभू शरण प्रसाद ने अपना नामांकन कराया। कपूरपकड़ी पैक्स से अध्यक्ष पद के लिए अभिनंदन कुमार सिंह, अर्चना सिंह तथा सुधीर कुमार सिंह ने नामांकन पत्र भरा। उन्होंने बताया कि प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए दीपही धरहरवा पैक्स में छह, मीरपुर पैक्स में 16 तथा कपूरपकड़ी पैक्स में 10 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। बीडीओ ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद अध्यक्ष पद के लिए कुल 13 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनमें मीरपुर पैक्स से दो, दीपही धरहरवा पैक्स से पांच, कपूरपकड़ी पैक्स से चार तथा पटजिलवा पैक्स से दो उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है।

## जन शिक्षण संस्थान में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जन शिक्षण संस्थान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर निदेशक ने पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास तथा स्वच्छ वातावरण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान संस्थान परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। वही प्रशिक्षणार्थियों, प्रशिक्षकों एवं संस्थान के कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने तथा अपने आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने पौधों की नियमित देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में हरित वातावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रेरित करना था। वृक्षारोपण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सभी प्रतिभागियों ने इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

## बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग की 'अधिनायक लिपिक' परीक्षा स्वच्छ वातावरण में कराई जाएगी : जिला प्रशासन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अध्यक्ष, बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग पटना से प्राप्त पत्र के आलोक में बिहार गृह रक्षा वाहिनी सेवा संवर्ग में 'अधिनायक लिपिक' के पद पर नियुक्ति हेतु प्रारंभिक लिखित प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक 10.06.2026 को जिला में निर्धारित है। परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में अपर समाहर्ता श्री मुकेश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता समाहरणालय स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद सभागार में परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं केंद्र अधीक्षकों की संयुक्त ब्रीफिंग संपन्न हुई जिसमें बताया गया कि बिहार गृह रक्षा वाहिनी सेवा संवर्ग में अधिनायक लिपिक के पद पर नियुक्ति हेतु परीक्षा के लिए कुल 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जहां पर 7896 परीक्षार्थी भाग लेंगे। परीक्षा 10:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे तक एक पाली में आयोजित की जाएगी। अपर समाहर्ता के द्वारा इस महत्वपूर्ण परीक्षा को शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचार रहित वातावरण में संपन्न कराने को लेकर प्रतिनियुक्ति सभी मजिस्ट्रेट एवं केंद्राधीक्षकों को सभी जरूरी निर्देश दिया गया और कहा गया कि सभी परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरा एवं जैमर की व्यवस्था करा लें। केंद्र अधीक्षक परीक्षा केंद्रों के सभी कक्ष में घड़ी की व्यवस्था रखेंगे और समय का मिलान कर लेंगे। सभी परीक्षा केंद्र पर बिजली की समुचित व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था एवं साफ - सफाई पर विशेष ध्यान रखें। परीक्षा केंद्र पर प्रतिनियुक्त स्टेटिक दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी/पुलिस बल को निर्देश दिया गया कि 08:00 बजे पूर्वाह्न में एलॉटेड परीक्षा केंद्र पर उपस्थित रहेंगे। परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों का प्रवेश 08:30 बजे पूर्वाह्न से कराया जाएगा। 09:30 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थियों का दो लेयर में फ्रीस्किंग का निर्देश दिया गया।पहला मुख्य द्वार से अंदर प्रवेश के समय एवं दूसरा परीक्षा केंद्र के अंदर फ्रीस्किंग कराई जाएगी। परीक्षार्थी परीक्षा का प्रवेश पत्र एवं फोटोयुक्त पहचान पत्र के साथ प्रवेश करेंगे। संयुक्त ब्रीफिंग में बताया गया कि परीक्षा के सफल व शांतिपूर्ण आयोजन लिए सभी प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है । विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। महिला अभ्यर्थियों की जांच हेतु महिला कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल फोन, घड़ी, इरेजर, शार्पनर एवं अन्य किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस/गजट ले जाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षार्थियों के प्रवेश के बाद सभी परीक्षार्थियों को आवंटित रोल नंबर के आधार पर बैठना होगा। परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी में प्रतिनियुक्त कर्मी/पदाधिकारी/ दंडाधिकारी को अपने पास मोबाइल फोन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को रखने की अनुमति नहीं होगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर 200 गज की परिधि में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा - 163 के तहत संपूर्ण परीक्षा अवधि तक निषेधाज्ञा लागू रहेगी। सदर अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा परीक्षा केंद्र के 200 मीटर की दूरी के अंतर्गत स्थित सभी फोटो स्टेट / साइबर कैफे की दुकान को परीक्षा की तिथि को पूर्वाह्न 8:00 बजे से परीक्षा की समाप्ति तक बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। परीक्षा केंद्र पर मीडिया के प्रवेश को वर्जित किया गया है। परीक्षा को स्वच्छ एवं निष्पक्ष वातावरण में संचालन को लेकर आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जो दूरभाष संख्या 06252-242418 पर परीक्षा के दिन कार्यरत रहेगा। संयुक्त ब्रीफिंग में सदर अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वरीय उप समाहर्ता अमरेश कुमार सहित प्रतिनियुक्त पदाधिकारी,पुलिस पदाधिकारी एवं सभी केंद्र अधीक्षक उपस्थित थे।



# ग्रामीण क्षेत्रों के दौरे पर निकले विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, सुनीं समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने शनिवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण इलाकों का दौरा कर लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों द्वारा उठाई गई समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा लोगों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। अपने जनसंपर्क एवं क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के तहत विधायक ने पोखराहां, फेसरा, देवरिया कला, बघोई कला, बगैया, दिल मोहम्मदगंज और सोहरैया सहित कई गांवों का दौरा किया। गांवों में पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया और अपनी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीणों ने सड़क, जल निकासी, पेयजल, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। समस्याओं



को गंभीरता से सुनते हुए त्रिविक्रम नारायण सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कहा कि जनहित से जुड़े मामलों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। विधायक ने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे और यथासंभव कम समय में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराने का प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा और क्षेत्र का विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। दौरे के दौरान कई ग्रामीणों ने कहा कि पिछले दस वर्षों में कोई जनप्रतिनिधि उनकी समस्याओं को सुनने गांव नहीं पहुंचा था। लोगों ने विधायक के गांवों में पहुंचकर समस्याएं सुनने और उनके समाधान के प्रति गंभीरता दिखाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। ग्रामीणों की भावनाओं को समझते हुए त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के विकास और लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए वे लगातार सक्रिय रहेंगे तथा हरसंभव सहयोग प्रदान करेंगे। विधायक के दौरे के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। लोगों ने क्षेत्रीय विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और अपने गांवों की समस्याओं के समाधान की मांग रखी।

# ओबरा विधायक को प्रजापति समाज ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति की प्रखंड इकाई द्वारा ओबरा विधायक डॉ. प्रकाश चंद्र को सम्मानित किया गया। प्रजापति समाज के हित में किए गए सराहनीय प्रयासों के लिए उन्हें भगवान प्रसाद शिवनाथ प्रसाद बीएड कालेज में सम्मानित किया गया। बताया गया कि विधायक ने प्रजापति समाज के विकास एवं माटी कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वतंत्र माटी कला बोर्ड के गठन हेतु एक पत्र उद्योग मंत्री को लिखा था। उनके इस प्रयास से प्रभावित हो प्रजापति समाज ने उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष विनोद प्रजापति, सचिव गुप्तेश्वर प्रजापति, कोषाध्यक्ष लौकेश प्रजापति, संयोजक अजय प्रजापति, संरक्षक लालबहादुर प्रजापति एवं अन्य सदस्यों ने विधायक को फूलमाला, अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ



एवं महाराजा दक्ष प्रजापति जी के स्मृति-चिह्न (मोमेंटो) देकर सम्मानित किया। समारोह के दौरान सुनील कुमार प्रजापति, प्रधान शिक्षक द्वारा अपनी स्वलिखित कविता धातु-अधातु व शिक्षक दर्पण भेंट किया। यह पुस्तक यूनीक फील पब्लिकेशन के माध्यम से प्रकाशित हुई है, जिसमें देशभर के 30 से अधिक नवाचारी शिक्षकों के लेख एवं रचनाएं संकलित हैं। डॉ. प्रकाश चंद्र ने कहा कि प्रजापति समाज ने हमेशा मुझे समर्थन दिया है, इसलिए समाज की हर समस्या का समाधान करना उनका कर्तव्य है। उन्होंने मिट्टी के दीयों के उपयोग को बढ़ावा देते हुए कहा कि वे स्वयं दीपावली में सर्वाधिक मिट्टी के दीयों का उपयोग करते हैं तथा सभी लोगों से इसके प्रयोग की अपील भी करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि माटी कला बोर्ड के गठन के संबंध में मंत्री से वार्ता हेतु पांच सदस्यीय प्रजापति प्रतिनिधिमंडल को पटना आने का आमंत्रण दिया जाएगा।

# सूखा नशा, चोरी, सुरक्षा को ले लोग चिंतित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। बढ़ती अपराधिक घटनाओं, सूखे नशे के विस्तार और घटते पुलिस-प्रशासन-पब्लिक समन्वय के बीच शनिवार को नगर परिषद कार्यालय सभागार में लोक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोगों ने यहां अपनी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव पुलिस अधिकारियों के समक्ष रखा। यह आयोजन पुलिस महकमे के निर्देश पर सभी थाना स्तर पर हो रहा है। मगध प्रक्षेत्र के आईजी विकास वैभव के निर्देशानुसार कार्यक्रम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) अशोक कुमार दास, प्रशिक्षु डीएसपी अपर्णा भारती, पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार एवं थानाध्यक्ष विकास कुमार उपस्थित रहे। उपस्थित नागरिकों ने सूखा नशा, बढ़ती चोरी की घटनाओं और सुरक्षा व्यवस्था



को लेकर अपनी चिंताएं व्यक्त की। लोगों ने सूखा नशा पर रोक लगाने के लिए कड़ी कार्रवाई की मांग की। कहा कि इसकी गिरफ्त में आकर युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। साथ ही शहर में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर भी चिंता जताते हुए पुलिस गश्ती बढ़ाने और संकीर्ण गलियों में बाइक गश्ती शुरू करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं, शिकायत और सुझाव अधिकारियों के समक्ष रखा। एसडीपीओ अशोक कुमार दास ने कहा कि औरंगाबाद जिले के सभी थाना क्षेत्रों में प्रत्येक माह के प्रथम शनिवार को लोक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करना, सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर खुली चर्चा करना तथा अपराध नियंत्रण में आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि समाज और पुलिस के बीच बेहतर तालमेल से अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। इस अवसर पर भाजपा जिला प्रवक्ता अश्विनी कुमार तिवारी, जदयू प्रखंड प्रवक्ता पप्पू गुप्ता, जदयू नगर अध्यक्ष प्रशांत कुमार तांती, भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम पाठक, डॉ. राजेंद्र प्रसाद सर्राफ सहित कई जनप्रतिनिधि, वार्ड पार्षद और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## आपसी विवाद में हुई मारपीट, एक घायल

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। मदनपुर थाना क्षेत्र के श्रीरामपुर गांव में शुक्रवार की देर रात आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में एक पक्ष के 41 वर्षीय गोपाल यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल गोपाल यादव को उपचार के लिए मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया गया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में उनका उपचार किया गया। घायल गोपाल यादव ने बताया कि गांव के ही अमित कुमार, दीपक कुमार, गुड्डू कुमार एवं श्रवण कुमार समेत अन्य लोगों ने आपसी विवाद को लेकर उनके साथ मारपीट की। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपियों ने डंडे से उनके सिर पर वार किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

# लोक संवाद गोष्ठी में पुलिस-जन सहभागिता पर दिया गया बल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। बिहार पुलिस के जनविश्वास अभियान के तहत शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के कुटुंबा, अंबा, रिसियप एवं सिमरा थाना क्षेत्रों में लोक संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस और आम जनता के बीच संवाद स्थापित कर कानून-व्यवस्था, सुरक्षा तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करना था। अंबा थाना ने सतबहिनी मंदिर परिसर तथा कुटुंबा थाना द्वारा पश्चिम बाजार में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनीं तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। गोष्ठी में



कानून-व्यवस्था सुदृढ़ीकरण, अपराध नियंत्रण, साइबर अपराध से बचाव, महिला सुरक्षा, नशामुक्ति, सामाजिक सौहार्द तथा जनसहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने तथा समाज में शांति एवं भाईचारा बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय से अपराध पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। इस दौरान आपातकालीन सहायता के लिए डायल 112 सेवा की जानकारी देते हुए आवश्यकता पड़ने पर इसका उपयोग करने का आग्रह किया गया। गोष्ठी के दौरान उपस्थित लोगों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और सुझावों को साझा किया। पुलिस पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के संवाद कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाएंगे ताकि जनता और पुलिस के बीच विश्वास एवं सहयोग का संबंध और अधिक मजबूत हो सके।

# पुलिस-पब्लिक के बीच बढ़ेगा भरोसा, गोष्ठी आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज शहर के आरबीआर हाई स्कूल परिसर में शनिवार की शाम रफीगंज थाना की ओर से पुलिस-पब्लिक लोक संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने की। गोष्ठी का उद्देश्य आम लोगों और पुलिस के बीच संवाद बढ़ाकर अपराध नियंत्रण में जनसहयोग को मजबूत करना था। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच सीधा संपर्क स्थापित होने से आपसी दूरी कम होगी तथा किसी भी अपराध या संदिग्ध गतिविधि की सूचना समय रहते पुलिस तक पहुंच सकेगी। उन्होंने बताया कि लोगों के सहयोग से अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और त्वरित कार्रवाई संभव हो सकेगी। साथ ही उपस्थित लोगों की समस्याएं और सुझाव भी सुने गए। गोष्ठी में मौजूद लोगों ने स्थानीय सुरक्षा व्यवस्था, कानून-व्यवस्था और जनसरोकार से जुड़े मुद्दों पर अपनी बातें रखीं। पुलिस अधिकारियों ने उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। यह अभियान प्रत्येक महिना के पहली शनिवार को आयोजित किया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक लोग शामिल होकर समस्या का समाधान करवाएं। इस अवसर पर एसआई मिथलेश कुमार, एएसआई बबनजीत कुमार, भाजपा जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष एवं प्रखंड कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू सहित दर्जनों फरियादी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। पुलिस-पब्लिक संवाद की इस पहल को लोगों ने सराहा और इसे क्षेत्र में बेहतर कानून-व्यवस्था तथा आपसी विश्वास बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# 15 जून के धरना-प्रदर्शन की तैयारी को लेकर माले कार्यकर्ताओं का कन्वेंशन आयोजित

**हसपुरा (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। प्रखंड के धमनी गांव में भाकपा (माले) कार्यकर्ताओं की ओर से आगामी 15 जून को प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन की तैयारी को लेकर एक कन्वेंशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाकपा (माले) के प्रखंड सचिव कामता प्रसाद यादव ने की। कन्वेंशन में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने स्थानीय समस्याओं और जनसरोकार से जुड़े मुद्दों को लेकर 15 जून को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष आयोजित होने वाले धरना-प्रदर्शन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने अधिक से अधिक संख्या में किसानों, मजदूरों एवं आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस दौरान पूर्व अंचल सचिव दिनेश राम, किसान सभा के नेता कृष्णा भारती, राम अयोध्या पांडेय, सादुल्लाह खां, रामप्रवेश सिंह एवं बसंत कुमार ने प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया।

# ओबरा में पुलिस-जन संवाद संगोष्ठी आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा**। आम जनता और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा स्थानीय समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से ओबरा मुख्यालय स्थित पुनपुन नदी तट के सामुदायिक भवन में पुलिस-जन संवाद संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता थानाध्यक्ष नीतिश कुमार ने की। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष नीतिश कुमार ने कहा कि पुलिस और आम जनता के बीच की दूरी कम करना तथा कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने लोगों से कहा कि वे अपनी समस्याओं को लेकर बिना किसी संकोच के पुलिस के पास आएं। उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुना जाएगा और निष्पक्ष, पारदर्शी तथा भ्रष्टाचारमुक्त तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। थानाध्यक्ष ने विशेष रूप से उपस्थित महिलाओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना और उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस-जन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और समाज के प्रबुद्ध लोगों के साथ नियमित संवाद स्थापित किया जाएगा, ताकि क्षेत्र की समस्याओं का समय पर समाधान हो सके। संगोष्ठी के दौरान पारिवारिक विवाद, पति-पत्नी के बीच उत्पन्न होने वाले मतभेद, भूमि विवाद तथा अन्य सामाजिक समस्याओं से संबंधित मामलों को लोगों ने प्रमुखता से उठाया। थानाध्यक्ष ने सभी मामलों का निष्पक्ष और कानूनी तरीके से समाधान कराने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी नागरिक पुलिस के लिए सम्मानित हैं और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाएगा। साथ ही उन्होंने अवैध शराब के कारोबार, नशे के प्रसार तथा अन्य असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए आम लोगों से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के संयुक्त प्रयास से ही अपराधमुक्त एवं सुरक्षित समाज का निर्माण संभव है।

# प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक

## पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध, किसानों को नही होगी परेशानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। प्रखंड कृषि सभागार में प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक खाद विक्रेताओं के साथ आयोजित की गई। अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधी सह उर्वरक निगरानी समिति के अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने की। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार अश्विनी, अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह, बीसीओ अरुण कुमार,उर्वरक निगरानी समिति राजीव कुमार सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अमृता मौर्या, विधायक प्रतिनिधि, सहित प्रखंड क्षेत्र के लाइसेंसधारी खाद विक्रेता एवं व्यवसायी शामिल हुए। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने बताया कि प्रखंड में किसानों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि प्रखंड में डीएपी की कुल आवश्यकता 46,250 बैग तथा यूरिया की आवश्यकता 1,29,000 बैग है। वर्तमान में 4,060 बैग डीएपी एवं 30,375 बैग यूरिया उपलब्ध है। इसके अलावा वैकल्पिक उर्वरक के रूप में 7,040 बैग एनपीके तथा 16,940 बैग एएसपी भी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि खेती का शुरुआती दौर चल रहा है और खरीफ मौसम के लिए अभी लगभग चार माह का समय शेष है। आवश्यकता के अनुसार आगे भी उर्वरकों की आपूर्ति होती रहेगी। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। स्पष्ट किया गया कि सभी उर्वरकों की बिक्री निर्धारित दर पर की जाएगी। किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या अधिक कीमत वसूलने की शिकायत मिलने पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य प्रदीप चौरसिया, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर कुशवाहा, भाजपा मंत्री सुबोध कुमार सिंह, जदयू नेता विजय विश्वकर्मा, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेश पासवान, अनिल जैन सहित कई खाद व्यवसायी एवं समिति सदस्य उपस्थित थे।

# स्कॉर्पियो और कार की टक्कर में छह घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। ओबरा थाना क्षेत्र के एनएच-139 पर तेज रफ्तार एक स्कॉर्पियो ने कार में टक्कर मार दी जिसमें छह लोग गंभीर रूप से ज़ख्मी हो गए। घायलों की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के इस्लामपुर निवासी मो. मुख्तार अंसारी (45), मो. अली (14), मो. आलमगीर, मो. पप्पू, मो. सोहेल और मो. राजू के रूप में की गई है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। ये सभी शादी समारोह में शामिल होने जा रहे। घटना के बाद आसपास के लोग बड़ी संख्या में जुट गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला। इलाज के लिए ओबरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने मो. मुख्तार अंसारी, मो. अली, मो. आलमगीर और मो. पप्पू सदर अस्पताल रेफर कर दिया। मो. पप्पू और मो. आलमगीर की हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है।

घटना को लेकर थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि दुर्घटना में घायल सभी लोगों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया है। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों की पहचान और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# जम्होर थाना ने किया लोक संवाद गोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के मध्य विद्यालय के प्रांगण में जम्होर थाना के तत्वावधान में जिला प्रशासन औरंगाबाद के निर्देश पर लोक संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया।जम्होर थाना के थानाध्यक्ष सूर्यवीर कुमार गुप्ता के अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में उपस्थित लोगों ने विचार समन्वय किया एवं पुलिस पब्लिक के बीच में समन्वय स्थापित कैसे हो इस बात पर चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने अपने-अपने सुझाव देते हुए कहा कि जम्होर थाना क्षेत्र में अनुग्रह नारायण स्टेशन मार्ग तक ट्रकों की एंट्री की समय सीमा का निर्धारण हो। जगह-जगह




पर पब्लिक को जागृत कर सीसीटीवी लगाया जाए। थानाध्यक्ष ने बताया कि वर्तमान परिदृश्य में पुलिस और पब्लिक के बीच जो सहयोगपूर्ण जागृति आई है इस निरंतरताता को बरकरार रखी जाए। किसी भी प्रकार के अपराध नियंत्रण में पब्लिक का सहयोग अपेक्षित है। संवाद गोष्ठी में जम्होर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य अनिल अग्रवाल, भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता,वर्तमान अध्यक्ष संजय गुप्ता,जम्होर विकास मंच के सचिव राणा सुनील सिंह, समाजसेवी डॉ नेहाल अहमद, सोनू सहित अन्य उपस्थित थे।गोष्ठी के सफल क्रियान्वयन में एस आई नितिन मिश्रा एवं मुकुल आनंद मांझी ने सराहनीय भूमिका निभाई।

# सड़क निर्माण विवाद में आठ लोग घायल, एक रेफर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)**। मदनपुर थाना क्षेत्र के श्रीरामपुर गांव में कंक्रीट निर्माण कार्य चलने के क्रम में गांव के ही एक युवक द्वारा रोड़ पर साइकिल चढ़ाया जिसको लेकर विवाद खड़ा हो गया। दोनों पक्षों में लाठी डंडे से जम कर मारपीट हुई। दोनों पक्षों से आठ लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया। घायलों में एक व्यक्ति की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों द्वारा सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया। घायलों में उस गांव निवासी गोपाल यादव, सहेन्द्र यादव की पत्नी शीला देवी, संजय यादव की पत्नी विमली देवी, राजू यादव की पत्नी सविता देवी, जीतेन्द्र यादव की पत्नी संगीता देवी, केवाली सिंह के पुत्र धनंजय कुमार और उपेन्द्र यादव की पत्नी विजान्ती देवी, बिलेन्द्र यादव की पत्नी सोनामती देवी शामिल हैं। घायलों में गोपाल यादव को गंभीर चोट होने के कारण बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना पर पूर्व मुखिया सुरेन्द्र प्रसाद ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने का प्रयास किया गया है।

# लोक संवाद गोष्ठी में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं गईं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। गया मगध क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक के निर्देशानुसार औरंगाबाद जिले के सभी थानों में प्रत्येक माह के प्रथम शनिवार को निर्धारित स्थल पर शाम 4 बजे से 6 बजे तक लोक संवाद गोष्ठी आयोजित की जाएगी। इसी क्रम में शनिवार को हसपुरा प्रखंड के अमझर शरीफ गांव स्थित टीओपी परिसर में हसपुरा थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस-पब्लिक लोक संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना, सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर खुलकर चर्चा करना तथा अपराध नियंत्रण में जनसहभागिता को बढ़ावा देना है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि वे बिना किसी संकोच के अपनी समस्याएं पुलिस के समक्ष रखें। पुलिस का दायित्व है कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित और निष्पक्ष निराकरण किया जाए, जिससे जनता का विश्वास और मजबूत हो सके।

# उच्च विद्यालय भवन मरम्मत का एमएलए ने दिया आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। प्रखंड के केरा स्थित बनवारी मदन उच्च विद्यालय प्रांगण में शनिवार को विधायक डॉ. प्रकाशचंद्र के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में अष्टम एवं नवम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों सहित अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कहा कि विद्यार्थियों की उपलब्धियां पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय हैं। विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विधायक निधि से विद्यालय में खिड़की, दरवाजे एवं कक्षाओं के



प्लास्टर निर्माण कराने का आश्वासन दिया। साथ ही भविष्य में भी विद्यालय की आवश्यक मूलभूत सुविधाओं एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। विधायक ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम है। क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

# लोक संवाद गोष्ठी के माध्यम से समस्या समाधान की पहल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह**। देवकुंड स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में बिहार पुलिस द्वारा आम जनता और पुलिस के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से "लोक संवाद गोष्ठी" का आयोजन किया गया। थानाध्यक्ष निरंजन सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, साइबर अपराध से बचाव, महिला सुरक्षा, नशामुक्ति, सामाजिक सौहार्द तथा जनसहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही आम नागरिकों की समस्याओं, सुझावों एवं



शिकायतों को सुनकर उनके समाधान का प्रयास किया गया। पुलिस प्रशासन ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस और जनता के सहयोग से ही सुरक्षित, जागरूक और सशक्त समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को कानून का सम्मान करने, अपराध पर रोक लगाने, महिलाओं के सम्मान की रक्षा करने, नशामुक्त समाज बनाने तथा सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान एसआई धनंजय कुमार, अनिल कुमार, एएसआई देवकांत पांडेय, अजय झा, मोहम्मद रईस कौसर अली, उपेंद्र कुमार, रामकुमार, गौरव मिश्रा, सुमित कुमार, दीपू यादव, रामकृपाल विश्वकर्मा, सोनू द्विवेदी, राकेश रंजन, हीरा दास, मोहमद सिराजुद्दीन अंसारी, अक्षय पटेल, प्रकाश कुमार, सोनू यादव, मनीष जयसवाल, लगनदेव पासवान, संकलदेव सिंह, मृत्युंजय कुमार, मनीष कुमार सहित थाना क्षेत्र के अन्य लोग उपस्थित रहे।

# दो वारंटी गिरफ्तार भेजे गये जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। पौथु पुलिस ने लट्टा गांव निवासी उपेंद्र शर्मा एवं रमाकांत शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि रफीगंज थाना में दर्ज प्राथमिकी संख्या 113/2005 में आरोपित हैं। दोनों के विरुद्ध औरंगाबाद न्यायालय से वारंट निर्गत है। इसी के आलोक में टीम गठित कर दोनों को इनके घर गिरफ्तार कर लिया गया तथा कागजी कार्रवाई पूरी कर अग्रेतर हेतु औरंगाबाद न्याय भेज दिया गया।

# रफीगंज अंचल कार्यालय में लगा जनता दरबार मामलों का निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को भूमि विवाद मामलों के निष्पादन को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह की देखरेख में लगाया गया, जिसमें भूमि संबंधी विवादों की सुनवाई की गई। जनता दरबार में कुल छह आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से तीन मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन कर दिया गया, जबकि शेष 3 मामलों में सुनवाई के लिए अगली तिथि निर्धारित की



गई। अंचलाधिकारी ने बताया कि भूमि विवाद मामलों को त्वरित निष्पादन के उद्देश्य से नियमित रूप से जनता दरबार लगाया जा रहा है। जानकारी दी गई कि पूर्व में रफीगंज थाना, पौथू थाना एवं कासमा थाना में अलग-अलग जनता दरबार आयोजित किया जाता था, लेकिन अब प्रत्येक शनिवार को रफीगंज प्रखंड मुख्यालय में ही पूरे प्रखंड के भूमि विवाद मामलों की सुनवाई की जाएगी। इस दौरान रफीगंज थाना के एसआई पप्पू कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# 2,32,415 पेंशनरों का बायोमेट्रिक ई-केवाईसी पूर्ण

## डीएम ने की जिला समन्वय समिति की बैठक की समीक्षा, दिये कई निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** समाहरणाल स्थित कारगिल विजय सभा भवन में शनिवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोक सेवा का अधिकार अधिनियम, बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, मुख्यमंत्री सचिवालय से प्राप्त संदर्भ, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, जन्म एवं मृत्यु निबंधन, नगर निकायों की विकास योजनाएं, सात निश्चय कार्यक्रम तथा विभिन्न तकनीकी विभागों द्वारा संचालित विकासात्मक योजनाओं की संचिकावार समीक्षा की गई। बिहार लोक सेवा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि माह मई के दौरान जिले में कुल 1,50,481 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से 1,25,392 आवेदनों का निष्पादन किया गया है। वर्तमान में 25,081 आवेदन समय-सीमा के भीतर प्रक्रियाधीन हैं। जबकि 08 मामले कालबाधित पाए गए। समीक्षा के दौरान यह भी बताया गया कि बेगूसराय अंचल में सर्वाधिक 27,424 आवेदन प्राप्त हुए। जबकि बरौनी एवं तेघड़ा अंचल में क्रमशः 13,986 एवं 12,364 आवेदन प्राप्त हुए हैं। बैठक में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत दर्ज परिवादों की भी समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि फरवरी से मई की अवधि में कुल 1,689 परिवाद दर्ज किए गए। जिनमें से 1,253 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है। वर्तमान में अधिकांश मामले निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रक्रियाधीन हैं। जबकि केवल दो मामले 60 कार्य दिवस से अधिक अवधि से लंबित पाए गए। जिला पदाधिकारी ने दोनों मामलों का तत्काल निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी के जनता दरबार सेवा-संवाद-समाधान कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान पाया गया कि कुल 611 मामलों में से 229 मामलों का निस्तारण किया जा चुका है। जबकि 382 मामले विभिन्न स्तरों पर लंबित हैं। अपर समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय तथा अनुमंडल पदाधिकारी सदर के स्तर पर सर्वाधिक मामले लंबित पाए गए। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि जनता दरबार से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण केवल प्रतिवेदन भेजकर नहीं बल्कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि सुनिश्चित करते हुए धरातल पर किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री सचिवालय के ''जनता के दरबार में मुख्यमंत्री'' कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त संदर्भों की समीक्षा के दौरान जिले का प्रदर्शन संतोषजनक पाया गया। कुल 1,880 संदर्भों में से 1,798 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है तथा जिला स्तर पर अनुपालन प्रतिशत 95.64 दर्ज किया गया है। इसके बावजूद लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए। ई-कंप्लायंस डैशबोर्ड की समीक्षा के दौरान भी विभिन्न कार्यालयों में लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर बल दिया गया। नगर परिषद् तेघड़ा एवं नगर परिषद् बखरी के कार्यों की समीक्षा के दौरान शहरी स्वच्छता, जल निकासी, अतिक्रमण नियंत्रण, सीसीटीवी आधारित निगरानी, स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापन, पार्क निर्माण, सामुदायिक शौचालय निर्माण एवं वेंडिंग जोन विकास की प्रगति की समीक्षा की गई। नगर परिषद् तेघड़ा द्वारा मुख्य बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर डस्टबीन अधिष्ठापित किए गए हैं तथा घर-घर कचरा पृथक्करण के लिए जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। नगर क्षेत्र में नालों की सफाई वार्डवार रोस्टर के आधार पर कराई जा रही है तथा जलजमाव वाले क्षेत्रों में सक्शन मशीनों की सहायता से जल निकासी सुनिश्चित की जा रही है। नगर परिषद् क्षेत्र में 3,600 स्ट्रीट लाइटों के अधिष्ठापन का कार्य प्रगति पर है। बुडको द्वारा तालाबों के सौंदर्यीकरण का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है तथा विभिन्न स्थलों पर पार्क निर्माण कार्य संचालित है। वहीं नगर परिषद् बखरी की विभिन्न आधारभूत संरचना परियोजनाओं के लिए भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया लंबित पाए जाने पर अंचलाधिकारी बखरी को एक सप्ताह के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की समीक्षा के दौरान पाया गया कि जिले में कुल 3,09,008 पेंशनधारियों में से 2,32,415 लाभार्थियों का बायोमेट्रिक ई-केवाईसी पूर्ण किया जा चुका है। जबकि 76,580 लाभार्थियों का सत्यापन अभी शेष है। जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को विशेष अभियान चलाकर शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में ग्रामीण कार्य विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, भवन निर्माण निगम, खेल विभाग, लघु सिंचाई प्रमंडल, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, जीविका तथा लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत संचालित योजनाओं की भी विस्तृत समीक्षा की गई।

# इंटर्नशिप कर रहे छात्रों ने किया पौधारोपण




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**उदवंतनगर (भोजपुर)।** पर्यावरण दिवस पर नई आशा द्वारा चैराई स्थित निर्माणाधीन छात्रावास परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस दरमियान इंटर्नशिप कर रहे छात्र-छात्राओं द्वारा शीशम, अमरूद, रातरानी और गोल्ड मोहर आदि पौधे लगाए गए। इस अवसर पर नई आशा के संरक्षक डॉ. भीम सिंह भवेश ने कहा कि आज पर्यावरण एक विश्वस्तरीय मुद्दा बन चुका है। ऐसी स्थिति में हम सब का दायित्व है कि पर्यावरण को बचाए रखने के लिए सामूहिक प्रयास करें। अधिक से अधिक वृक्ष लगाए, ताकि वर्तमान एवं भावी पीढ़ी बेहतर जीवन जी सके। मौके पर दीपक कुमार, मनीष वत्स, कुंदन कुमार सिंह, शाम्भवी, अमन बिहारी, सुशांत राज, कुमार कार्तिक, विष्णु, समीर, अभिनव कुमार सिंह, अमन, मोहित, श्रुति, शिवानी, शीतल सिंह, रुचि यादव, मोहित कुमार, मो अनवर आदि काफी संख्या में लोग थे।

# बरौनी रिफाइनरी ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** बरौनी रिफाइनरी ने शुक्रवार को बीआर टाउनशिप के ऑफिसर्स क्लब में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य इस साल की थीम, प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। विश्व पर्यावरण दिवस के अंतर्गत 27 मई से 5 जून तक कई गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें बीआर डीएवी और केंद्रीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, रिफाइनरी कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन क्विज़, और कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों के लिए हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में नारा-लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं। बरौनी रिफाइनरी ने 31 मई को रिफाइनरी टाउनशिप में वृक्षारोपण अभियान भी चलाया जिसका नेतृत्व कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश ने




किया और इसमें वरिष्ठ अधिकारीगण भी मौजूद थे। पुरस्कार वितरण और समापन समारोह का उद्घाटन कार्यकारी निदेशक (परियोजना व कोर ग्रुप) संजय रायजादा ने किया। इस मौके पर मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) भास्कर हजारिका, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) एस के सरकार, मुख्य महाप्रबंधक (टीएस एवं एचएसई) हंसराज गणवीर, मुख्य महाप्रबंधक (कोर ग्रुप) राजू माशाहरी, शामिल थे। इनके अलावा महाप्रबंधकगण, उप प्रबंधकगण, ऑफिसर्स एसोसिएशन एवं बीटीएमयू के प्रतिनिधि, अन्य अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य मौजूद थे। इस अवसर पर संजय रायजादा ने विश्व पर्यावरण दिवस की शपथ दिलाई और पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ दिलाई। अध्यक्ष, इंडियन ऑयल एवं निदेशक (रिफाइनरीज) के संदेश क्रमशः हंसराज गनवीर और भास्कर हजारिका ने साझा किए। अपने संबोधन मे रायजादा ने सस्टेनेबल भविष्य बनाने में व्यक्तिगत जिम्मेदारी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने समारोह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में कर्मचारियों और उनके परिवारों की उत्साहपूर्ण भागीदारी की सराहना की। पर्यावरण संबंधी पहलों को बताते हुए, उन्होंने कहा कि रिफाइनरी ने 2,520 केवीपी की सोलर पावर क्षमता स्थापित की है और पिछले कुछ वर्षों में लगभग 1.36 लाख पेड़ लगाए हैं। इसके अलावा हर साल 5,000 से 10,000 पौधे लगाए जाते हैं। इन प्रयासों को और मजबूत करते हुए।हाल ही में बीआर-09 सबस्टेशन-44 में 140 केवीपी का सोलर रूफटॉप पीवी सिस्टम चालू किया गया। कार्यक्रम के दौरान संजय रायजादा ने 50 से अधिक विजेताओं को सम्मानित किया। ऐसी पहलों के जरिए बरौनी रिफाइनरी एक मिसाल कायम करते हुए, ज़्यादा हरे-भरे और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सार्थक कदम उठा रही है।

## जनता दरबार में निपटाए गए मामले

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल के विभिन्न राजस्व ग्रामों में उत्पन्न भूमि विवाद निपटारे के लिए अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें पुराने लंबित भूमि विवाद के नौ मामले की सुनवाई की गयी। जिसमें आज तीन मामला का निष्पादन किया गया। आज दरबार में सुनवाई के दौरान एक नया मामला दखल कब्जा भूमि विवाद का आवेदन आया। नया मामला में डफरपुर पंचायत के गोविंद कुमार बनाम शिव सेवक सिंह के बीच जमीनी दखल कब्जा का मामला दर्ज हुआ है। जिस पर सुनवाई करते हुए अंचलाधिकारी ने दोनों आवेदकों को अगले तारीख में आने का नोटिस जारी किया है।निष्पादन हेतु कुल नौ भूमि विवाद के मामले लंबित है। मौके पर सीओ सूरज कुमार, थानाध्यक्ष मोहम्मद फिरदौस, राजस्व कर्मचारी, साहा, कार्यालय सहायक अमरजीत कुमार, नरेंद्र कुमार सहित अन्य फरियादी मौजूद थे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर साक्षी हुई सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और गंगा स्वच्छता अभियान में उल्लेखनीय योगदान के लिए महाराजा कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग की छात्रा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की स्वयंसेवक साक्षी कुमारी को जिला प्रशासन, जिला गंगा समिति तथा जिला स्तरीय जलवायु परिवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा सम्मानित किया गया। शहर के करमन टोला निवासी राजेश कुमार की पुत्री साक्षी कुमारी को समाहरणालय सभागार में आयोजित समारोह में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में भोजपुर के उप विकास आयुक्त ने उन्हें सम्मानित कर प्रशस्ति प्रदान की। साक्षी कुमारी पिछले कई वर्षों से एनएसएस के माध्यम से समाज सेवा, पर्यावरण जागरूकता और




गंगा स्वच्छता अभियानों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को भी उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रभावी जनजागरूकता अभियान चलाया था, जिसकी सराहना करते हुए जिला प्रशासन ने उन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया। समारोह में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति युवाओं की ऐसी प्रतिबद्धता समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। साक्षी जैसे युवा न केवल जागरूकता फैला रहे हैं, बल्कि लोगों को प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित भी कर रहे हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद साक्षी कुमारी ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए गर्व का विषय है। परिवार और मोहल्ले में खुशी का माहौल है।

# महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री से मिले शाहपुर विधायक राकेश ओझा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**शाहपुर।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक ई. राकेश रंजन ओझा ने मुंबई प्रवास के दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने मुख्यमंत्री को बिहार आने का निमंत्रण दिया। विधायक राकेश ओझा ने बताया कि मुंबई में आयोजित इंडिया 2047 कॉन्क्लेव में भाग लेने के दौरान उनकी मुख्यमंत्री से मुलाकात हुई। यह कार्यक्रम युवा संगठन यूथ फॉर डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में देश के युवाओं के बेहतर भविष्य, कौशल विकास एवं



रोजगार सृजन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक ने कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को लेकर युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कॉन्क्लेव में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने तथा उनके सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों और योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने आयोजन को युवाओं के लिए प्रेरणादायक एवं उपयोगी बताया।

## पुलिस ने अपह्त महिला, दो बच्चे सहित चार को किया बरामद

**चांदन (बांका) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना पुलिस ने अलग-अलग कांडो के एक अपहृत महिला व उसके दो बच्चे सहित चार को सकुशल बरामद कर लिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष श्रीकांत भारती ने बताया कि अपहृत महिला के पति ने अपनी पत्नी और दो बच्चों के अपहरण को लेकर चांदन थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। गुप्त सूचना के आधार पर चांदन थाना पुलिस ने छापेमारी कर अपहृत महिला व उसके दो बच्चे को मोहनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचमुखी मोड़ के समीप से बरामद कर बयान दर्ज कराने बांका न्यायालय भेज दिया। वहीं बिरनियां पंचायत के लूरीटाड़ गांव के पीयूष कुमार बीते 22 मई को चांदन बाजार से गुम हो गया था।

# बच्चों को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में दिया जाएगा निःशुल्क प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिले के कंकौल स्थित प्रेक्षागृह सह आर्ट गैलरी परिसर में कला एवं संस्कृति विभाग बिहार सरकार द्वारा संचालित आम्रपाली कला प्रशिक्षण केंद्र में गायन, वादन एवं नृत्य की विभिन्न विधाओं का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ कर दिया गया है। इस प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण आरंभ होते ही बच्चों एवं अभिभावकों के बीच विशेष उत्साह का वातावरण देखा जा रहा है। अब तक लगभग 60 छात्र-छात्राओं द्वारा नामांकन कराया जा चुका है। तथा नामांकन की प्रक्रिया निरंतर जारी है। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रत्येक मंगलवार से रविवार तक संचालित किया जा रहा है। नियमित रूप से कक्षाओं का समय दोपहर 12 बजे से संध्या 6 बजे तक निर्धारित है। जबकि वर्तमान में बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों की सुविधा हेतु प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। केंद्र में नामांकन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए न्यूनतम आयु सीमा 06 वर्ष निर्धारित की गई है। विभिन्न कला विधाओं में अधिकतम 40-40 छात्र-छात्राओं के नामांकन का प्रावधान है। इच्छुक छात्र-छात्राएं आधार कार्ड, जन्म प्रमाण-पत्र तथा तीन पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ के साथ आवेदन प्रस्तुत कर नामांकन करा सकते हैं। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्याम कुमार सहनी ने बताया कि आम्रपाली कला प्रशिक्षण केंद्र का मुख्य उद्देश्य जिले के बच्चों एवं युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट अवसर उपलब्ध कराना तथा उनकी अंतर्निहित प्रतिभा को विकसित करना है। उन्होंने कहा कि संगीत, नृत्य एवं वादन जैसी कलाएं बच्चों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास की वृद्धि तथा रचनात्मक सोच के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विभाग का सतत प्रयास है कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे भविष्य में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर जिले एवं राज्य का नाम गौरवान्वित कर सकें। उन्होंने अभिभावकों से अधिकाधिक संख्या में बच्चों का नामांकन कराने की अपील करते हुए कहा कि बच्चों को कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ना उनके सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इससे उनकी सृजनात्मक क्षमता, अनुशासन, अभिव्यक्ति कौशल एवं सांस्कृतिक समझ का भी विकास होता है।बेगूसराय स्थित इस केंद्र में अनुभवी एवं प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा शास्त्रीय संगीत, शास्त्रीय नृत्य तथा विभिन्न वाद्ययंत्रों का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी के मार्गदर्शन में चित्रकला एवं नाट्यकला के प्रशिक्षण की भी समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे विद्यार्थियों को कला की विविध विधाओं का समग्र ज्ञान प्राप्त हो सके।नामांकन, प्रशिक्षण अथवा अन्य आवश्यक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी एवं अभिभावक कला एवं संस्कृति कार्यालय, अटल खेल भवन, गांधी स्टेडियम में संपर्क कर सकते हैं।

# मारपीट में दो जख्मी

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना के रजाकपुर में कोचिंग जाने का रास्ता बंद करने से उत्पन्न विवाद में हुई मारपीट में दो व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गयें। जख्मियों में रायबहादुर सहनी तथा उसका पुत्र राम जतन सहनी है। जख्मियों को इलाज के लिए स्थानीय पीएचसी लाया गया। राम जतन की गंभीर स्थिति होने से बेहतर इलाज के लिए बेगूसराय रेफर कर दिया गया। राम जतन ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराकर गांव के ही कुछ लोगों पर मारपीट कर जख्मी कर देने, गले से चकती छीनने का आरोप लगाकर नामजद किया है। उसने बताया कि गुरुवार को उपरोक्त सभी नामजद उसके कोचिंग जाने का रास्ता बंद कर रहा था। रास्ता बंद करने का कारण पूछने पर सभी गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर वे लोग मारपीट करने लगे। जान मारने की नीयत से सिर पर लोहे की छड़ से प्रहार किया जिससे उसका सिर फट गया। शोर होने पर आसपास के लोग जमा होने लगे। लोगों को आते देखकर गले से हनुमानी चकती छीन कर फरार हो गये। लोगों ने इलाज कराने के लिए पीएचसी लाया। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बेगूसराय भेज दिया। उसी रात पिताजी (राम बहादुर सहनी) घर पर अकेले थे। उपरोक्त सभी धारदार हथियार से लैस होकर घर पर आ पहुंचे तथा उनका गला रेतने की कोशिश की। शोर सुनकर लोगों के जमा हो जाने से उन्हें छोड़ कर फरार हो गयें।

# रंग उमंग कार्यशाला का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बीहट।** बरौनी प्रखंड के असुरारी स्कूल के प्रांगण में ग्रीष्मकालीन रंग-उमंग कार्यशाला का शुभारंभ राजकीयकृत मध्य विद्यालय असुरारी में किया गया। अलग-अलग 11 गांवों के टोले- मोहल्ले और विद्यालयों से आए 65 बच्चों ने ओम के उच्चारण के साथ अपने कार्यशाला की शुरुआत की। इस अवसर पर सभी बच्चों के पदचिह्न लाल रंगों में उजले कपड़े पर लिए गए। कार्यशाला का उद्घाटन नगर परिषद बीहट की मुख्य पार्षद बबीता कुमारी, बेगूसराय कला संस्कृति पदाधिकारी श्याम कुमार सहनी, बीडीओ अनुरंजन कुमार, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, वार्ड पार्षद अशोक कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर श्याम कुमार सहनी ने कहा कि रंग- उमंग कार्यशाला के बहाने बच्चों में सांस्कृतिक चेतना का प्रसार होगा और ये बच्चे इसी बहाने कुशल व्यक्तित्व के धनी बन पाएंगे। उन्होंने आकाश गंगा रंग चौपाल की सराहना करते हुए कहा कि इन कार्यशालाओं से बच्चों को अपना सुंदर जीवन जीने का मौका मिलेगा। कहा कि आकाश गंगा आज की तिथि में सबसे जीवंत संस्था के रूप में जनउपयोगी कार्य कर रही है। बीडीओ अनुरंजन कुमार ने कहा कि आज गांवपन खत्म हो रहा है। ऐसे दौर में यह कार्यशाला गांव में आयोजित हो रहा है। इससे गांव की संस्कृति सबल हो पाएगी। मुख्य पार्षद बबीता देवी ने कहा कि नगर परिषद बीहट क्षेत्र में यह आयोजन यहां के लिए एक मील का पत्थर साबित हुआ। एसोसिएशन के सचिव गणेश गौरव ने वर्कशाप के सम्बन्ध में कहा कि इसमें पूरी तन्मयता के साथ बच्चे सीखे और अपने व्यतित्व में बदलाव लाए। कार्यशाला का संचालन करते हुए अध्यक्ष डॉ कुन्दन कुमार ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य केवल बच्चों की मस्ती और कलाकारी सिखाना ही नहीं है बल्कि हम रंगमंच के बहाने पिछले 18 वर्षों से बच्चों के जीवन में एक बेहतर करियर बनाने का अवसर प्रदान कर रहे हैं। बच्चे अपने आप को इस क्षेत्र में भी राह बना सकते हैं। इस अवसर पर आकाशगंगा के कलाकार आनंद कुमार, राजू कुमार, संतोष कुमार, अंकित कुमार, मनीष कुमार, राधे कुमार, रवि वर्मा, जितेंद्र शर्मा, अनिमेष सहित अन्य कलाकारों की उपस्थिति में बाल गीतों की प्रस्तुति की गयी। जिसे सुन बच्चे काफी मंत्र मुग्ध हुए। वही इस अवसर पर शिक्षक कृष्णनंदन कुमार, गौरी कुमारी, सुनील कुमार, मिथिलेश कुमार, संतोष कुमार, टाटा इश्यूचिट ऑफ सोशल साइंस मुंबई से आई उन्मेषा, रुही, श्रृष्टि, श्रेजल, वैष्णवी, युवकृष ओवराय सहित अन्य उपस्थित थे।

पृष्ठ 1 का शेष

## अन्तर्राष्ट्रीय खेलों को ...

कहा कि पंचायत स्तर पर नियमित खेल उत्सवों एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया जाए। पंचायत खेल क्लबों से पुराने खिलाड़ियों, युवाओं एवं स्थानीय नागरिकों को जोड़कर खेल संस्कृति को विकसित किया जाए। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा हेतु खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, खेल उपकरण, कोचिंग एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएं। जिला एवं प्रखंड स्तर पर खेल सुविधाओं का विस्तार कर ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर दिया जाए। बैठक में खेल मंत्री श्रेयसी सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, खेल विभाग के सचिव विनोद सिंह गुंजियाल, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रण शंकरण, खेल विभाग के निदेशक आरिफ अहसन सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# छह बच्चों की मां की पीट-पीटकर हत्या

**सासाराम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रोहतास जिला के शिवसागर थानान्तर्गत क्षेत्र के मचवार गांव में छह बच्चों की मां की पीट पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक महिला की उम्र लगभग 44 साल थी। पुलिस का कहना है कि मृतका का उसके पड़ोस के ही रहने वाले कमलेश बिंद से कई वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसको लेकर दोनों परिवार में तनाव रहता था। उधर मृतका का पति परदेस में मजदूरी करता है। घटना के बारे में बताया जाता है कि महिला जब आज खेत में साग तोड़ने गई थी, उसी के बाद कुछ विवाद हो गया और इस विवाद में प्रेमी कमलेश बिंद ने मृतका के साथ मारपीट कर दी। जिसमें उसकी मौत हो गई। मृतका के पति ने बताया कि मारपीट में कमलेश बिंद के अलावा उसके परिवार के अन्य लोग भी शामिल थे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को अपने कब्जे में ले लिया।

# बच्चों के समग्र स्वास्थ्य संरक्षण पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** शनिवार को सदर अस्पताल में एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बच्चों के समग्र स्वास्थ्य संरक्षण एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी तथा तकनीक-सक्षम बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा जारी नई गाइडलाइन 'आरबीएसके 2.0' के आलोक में आयोजन किया गया। अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार द्वारा की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आरबीएसके 2.0 के विभिन्न प्रावधानों, डिजिटल प्लेटफॉर्म की कार्यप्रणाली तथा बच्चों के स्वास्थ्य प्रबंधन में इसके महत्व पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उपस्थित चिकित्सकों, नर्सों एवं फार्मासिस्टों को नई प्रणाली के संचालन, डेटा प्रबंधन एवं उपचार अनुश्रवण से संबंधित तकनीकी जानकारियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम में बताया गया कि आरबीएसके 2.0 के तहत विकसित पोर्टल को शिक्षा विभाग के यू-डायस प्लस तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के पोषण ट्रैकर प्लेटफॉर्म के साथ एकीकृत किया गया है। इस महत्वपूर्ण डिजिटल एकीकरण के माध्यम से विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित बच्चों से संबंधित स्वास्थ्य सूचनाओं का रीयल-टाइम आदान-प्रदान संभव हो सकेगा। इससे बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति की सतत निगरानी, समयबद्ध उपचार एवं बेहतर फॉलो-अप सुनिश्चित होगा। प्रशिक्षण के दौरान आरबीएसके 2.0 की प्रमुख विशेषताओं की जानकारी देते हुए बताया गया कि अब कार्यक्रम का दायरा केवल अर्थात जन्मजात दोष, रोग, कमियां एवं विकासात्मक विलंब तक सीमित नहीं रहेगा। बल्कि इसके अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य, गैर-संचारी रोगों, व्यवहार संबंधी समस्याओं तथा किशोर स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं को भी शामिल किया गया है।

# उपायुक्त ने बरही में विभिन्न संस्थानों एवं विकास कार्यों का लिया जायजा

## प्रोसेसिंग प्लांट, फूड कोर्ट, गेस्ट हाउस, इंडोर स्टेडियम एवं परीक्षा भवन का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** उपायुक्त हेमंत सती ने शनिवार को बरही प्रखंड के विभिन्न महत्वपूर्ण संस्थानों एवं स्थलों का भ्रमण कर वहां संचालित गतिविधियों, आधारभूत संरचनाओं तथा विकास कार्यों का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। भ्रमण के क्रम में उपायुक्त सर्वप्रथम गौरिया करमा स्थित आईसीएआर (इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च) केंद्र पहुंचे। वहां उन्होंने बागवानी, मत्स्य पालन एवं पशु विज्ञान सहित कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा से संबंधित गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की तथा परिसर का विस्तृत अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने प्रोसेसिंग



प्लांट, फूड कोर्ट, गेस्ट हाउस, इंडोर स्टेडियम एवं परीक्षा भवन का निरीक्षण किया। आईसीएआर प्रबंधन द्वारा परिसर में स्ट्रीट लाइट लगाने का अनुरोध किए जाने पर उपायुक्त ने सहमति प्रदान करते हुए शीघ्र स्ट्रीट लाइट स्थापना सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने आईसीएआर द्वारा संचालित आम बागान का भी निरीक्षण किया तथा विभिन्न प्रजातियों के आमों की विशेषताओं की जानकारी प्राप्त की।

**मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण**

इसके उपरांत उपायुक्त ने गौरिया करमा स्थित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां आयोजित वीएचएसएनडी के तहत संचालित टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा की। उन्होंने सेविका एवं सहिया से बच्चों के टीकाकरण की स्थिति, केंद्र में नामांकित बच्चों की संख्या एवं पोषण संबंधी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक निर्देश दिए। भ्रमण के क्रम में उपायुक्त ने पशुपालन विभाग द्वारा संचालित बीज प्रसंस्करण संयंत्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने राजकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र, सांढ़ पोषण प्रक्षेत्र, सुकर प्रजनन प्रक्षेत्र तथा पशुपालन प्रशिक्षण विद्यालय का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने रेड सिंधी नस्ल की गायों के रखरखाव, दुग्ध उत्पादन एवं उपलब्ध मानव संसाधन की जानकारी ली। साथ ही राजकीय पशुपालन प्रक्षेत्र के समग्र विकास हेतु विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर भेजने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उपायुक्त ने केदारूत डैम एवं पेयजल आपूर्ति के लिए संचालित इंटेक वेल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने गौरिया करमा से केदारूत डैम तक जाने वाली जर्जर सड़क की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे शीघ्र सुदृढ़ एवं व्यवस्थित सड़क के रूप में विकसित करने की आवश्यकता बताई, ताकि पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा हो सके।

भ्रमण के अंतिम चरण में उपायुक्त बरही चौक पहुंचे, जहां उन्होंने लगातार लगने वाले जाम की समस्या का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि विभिन्न माध्यमों से बरही चौक पर प्रतिदिन जाम, दुर्घटनाओं एवं गंदगी की शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं। ऐसी स्थिति में चौक के आसपास संचालित अव्यवस्थित बाजारों को व्यवस्थित वेंडिंग जोन में स्थानांतरित करना आवश्यक है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विस्तृत प्रतिवेदन तैयार करने का निर्देश देते हुए कहा कि सड़क किनारे लगने वाले सब्जी बाजार एवं ठेला-खोमचा विक्रेताओं के लिए उपयुक्त स्थान का चयन कर उन्हें वहां स्थानांतरित करने की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इससे बरही चौक को सुंदर, स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था को भी सुगम बनाया जा सकेगा। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी बरही, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी बरही मौजूद थे।

# लोकनायक स्मारक समिति द्वारा कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** जून सम्पूर्ण क्रांति दिवस के 52 वें वर्षगाँठ के अवसर पर लोकनायक स्मारक समिति धनबाद के तत्वावधान में जे.पी. चौंक धनबाद पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। आज ही के दिन 74 में जे.पी. आदोंलन के दौरान गांधी मैंदान पटना की महती सभा में लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने देश के समुचित विकास हेतु सम्पूर्ण क्रांति की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि सात आयामों, राजनीतिक, सामाजिक, आथिर्क, शैक्षणिक, सास्कृतिक, नैतिक व आध्यात्मिक स्तर पर सुधार कर के ही हम सम्पूर्ण क्रांति के सपनों को साकार कर सकते हैं। भ्रष्टाचार, शिक्षा में सुधार, सामाजिक व राजनीतिक कुरितियों के खिलाफ 74 में जे.पी. के नेतृत्व में छिड़े क्षात्रों व युवाओं का यह आदोंलन जो बाद में पुरे देश में एक जन आंदोलन बना। आपातकाल की घोषणा हुई। तत्पश्चात तत्कालीन ईंदिरा सरकार का पतन हुआ। सत्ता बदली पर सम्पूर्ण क्रांति का सपना आज भी अधुरा है। उपस्तिथ लोगो ने उसे पुरा करने का संकल्प दुहराया।इस अवसर पर उपस्तिथ लोगो ने जे.पी. चौंक पर स्थापित लोकनायक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कि गयी। उपस्थित विशिष्ट अतिथियों में पूर्व सांसद पशुपति नाथ सिंह, धनबाद के महापौर संजीव सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, लोकनायक स्मारक समिति के सरंक्षक के. बी. सहाय, संयोजक विजय झा, कृष्ण लाल रूगंटा, श्यामा नंद त्यागी, लाल वर्मा, अरूण राय, जयकिशन, जावेद अख्तर, राजीव रंजन गोगो, गौतम मंडल, नीलम मिश्रा, बी.ब.सिन्हा, बिन्देश्वरी प्रसाद अशोक बागी, नारायण महतो, राकेश सहाय, दीपक सिंह, अनुग्रह सिंह, संजय सिन्हा, वासुदेव गोस्वामी, आदि उपस्थित थे।

# डीसी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों का लिया जायजा, भोजन की गणवत्ता की जांच

## बच्चों को परोसा हलवा, टॉफियां भी बांटी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रामगढ़।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने शनिवार को रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत नावाडीहह-1 एवं नावाडीह 2 आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य केंद्रों में संचालित पोषण, शिक्षा, स्वच्छता एवं आधारभूत सुविधाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करना था। इसी क्रम में उन्होंने पोषण ट्रैकर की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने स्टॉक रजिस्टर, उपस्थित बच्चों की संख्या, पोषण ट्रैकर में निबंधित लाभार्थियों से संबंधित जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि



सभी अभिलेख समय पर अद्यतन एवं शुद्ध रूप से संधारित किए जाये।

निरीक्षण के दौरान बच्चों के नाश्ते का समय रहने के कारण उपायुक्त श्री शेखावत ने स्वयं अपने हाथों से बच्चों को सूजी का हलवा परोसा तथा भोजन की गुणवत्ता, पोषण मानक एवं स्वच्छता की जांच की। इस दौरान उन्होंने बच्चों के बीच विभिन्न फल व टॉफी का भी वितरण किया। उपायुक्त ने बच्चों के लर्निंग आउटकम का आकलन करने हेतु उनसे गिनती, सरल गणित एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे। उन्होंने पाया कि बच्चों के बुनियादी शिक्षण स्तर में और सुधार की आवश्यकता है। इस पर उन्होंने आंगनबाड़ी सेविका एवं महिला पर्यवेक्षिका को निर्देश दिया कि बच्चों को रटने के बजाय समझ-आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने पेयजल, शौचालय एवं स्वच्छता व्यवस्था का भी गहन निरीक्षण किया। उन्होंने पेयजल स्रोत की उपलब्धता एवं उसकी स्वच्छता, जल की नियमित आपूर्ति, बच्चों हेतु सुरक्षित पेयजल की व्यवस्था की जांच की। साथ ही शौचालय की साफ-सफाई, उपयोग की स्थिति, जल उपलब्धता तथा बाल-अनुकूल व्यवस्था का अवलोकन किया।

उन्होंने निर्देश दिया कि केंद्र परिसर में साफ-सफाई, कचरा निपटान एवं हाइजीन पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि बच्चों को स्वस्थ वातावरण मिल सके। क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्थानीय मुखिया द्वारा निर्माणाधीन चेक डैम के संबंध में मौखिक शिकायत प्रस्तुत की गई, जिसमें निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर प्रश्न उठाया गया। उपायुक्त ने संबंधित विभाग को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने वहां स्थापित सोलर जल मीनार का भी जायजा लिया तथा उसकी कार्यशीलता एवं जलापूर्ति की स्थिति की समीक्षा की। डीसी द्वारा अन्य कई निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सेविका लिली रोशनी दांग, मॉयलोन टोपनो, सहायिका अनास्तासीया हेंब्रम एवं फुलमनी तीरु समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# लंबित मामलों के निष्पादन और फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी पर जोर

## एसपी ने किया कटकमसांडी थाने का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** पुलिस अधीक्षक हजारीबाग ने शनिवार को कटकमसांडी थाना का निरीक्षण कर थाना की विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं लंबित मामलों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय ज्ञान रंजन, पेलावल अंचल के पुलिस निरीक्षक सपन कुमार महथा, कटकमसांडी थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश कुमार सहित थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने थाना के विभिन्न पंजियों का अवलोकन



किया तथा लंबित कांडों, वारंटों और कुर्की मामलों की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने थाना क्षेत्र के सभी फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा अवैध मादक पदार्थों से जुड़े मामलों में लंबित अभियुक्तों की गिरफ्तारी में तेजी लाने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने नशे के खिलाफ व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने पर बल देते हुए लोगों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आम जनता और जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय एवं संवाद बनाए रखने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के निष्पादन और जनता के साथ बेहतर पुलिसिंग को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की।

# पारदर्शी एवं समयबद्ध वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश

## जविप्र का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** शनिवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद कुमार द्वारा जन वितरण प्रणाली विक्रेता श्री बिरेन्द्र कुमार तिवारी, चियांकी के दुकान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकान में साफ-सफाई की स्थिति, कार्डधारियों को समय पर राशन उपलब्ध कराने, धोती-साड़ी-लुंगी वितरण, राशन वितरण उपरांत लाभुकों को रसीद उपलब्ध कराने, योजनावार खाद्यान्न के सुरक्षित एवं व्यवस्थित रख-रखाव सहित विभिन्न बिंदुओं की जांच की गयी। निरीक्षण के क्रम में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी लाभुकों को निर्धारित मात्रा में समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए तथा वितरण प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए। उन्होंने कहा कि राशन



वितरण के बाद प्रत्येक कार्डधारी को अनिवार्य रूप से रसीद उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए, ताकि लाभुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त दुकान में लाभुकों की सूची, स्टॉक एवं वितरण संबंधी सूचनाओं का स्पष्ट प्रदर्शन करने तथा योजनावार खाद्यान्न का समुचित रख-रखाव बनाए रखने का भी निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न अभिलेखों की भी जांच की गयी।

## आधार एवं जन्म प्रमाण पत्र सुधार शिविर का निरीक्षण

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नीलांबर-पिताम्बरपुर प्रखंड अंतर्गत शनिवार को कोटखास एवं कुराइन पतरा पंचायत सचिवालय में आयोजित आधार एवं जन्म प्रमाण पत्र सुधार शिविर का जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान एवं डीपीओ यूआईडी उदय प्रताप सिंह ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने शिविर में पहुंचकर आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटि सुधार कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित कर्मियों को आमजनों को सरल एवं पारदर्शी तरीके से सेवा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। पदाधिकारियों ने विशेष रूप से 05 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों, आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़े बच्चों एवं अन्य लाभुकों के आधार अद्यतन एवं जन्म प्रमाण पत्र सुधार कार्य को प्राथमिकता देने पर बल दिया। साथ ही शिविर में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि, कर्मी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# बाढ़ एवं आपदा की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु जिलास्तरीय तैयारियों की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** शनिवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में संभावित बाढ़ एवं आपदा की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु जिलास्तरीय तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा की गई तैयारियों, संसाधनों की उपलब्धता, राहत एवं बचाव कार्यों की रणनीति तथा संवेदनशील क्षेत्रों में की जा रही व्यवस्थाओं का विभागवार मूल्यांकन किया गया। नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा जिले के सभी नगर निकायों में आमजन को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु कुल 162 स्थायी एवं अस्थायी प्याऊ संचालित किए जाने की जानकारी दी गई। इसमें नगर निगम बेगूसराय, नगर परिषद बरौनी, बीहट, तेघड़ा, बलिया एवं बखरी



क्षेत्र शामिल हैं। जिला पदाधिकारी ने सभी प्याऊ केंद्रों के नियमित संचालन एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संभावित आपदा के दौरान त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु व्यापक तैयारी की गई है। सदर अस्पताल से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर तक कुल 94 कूल बेड की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त 22 चलंत चिकित्सा दल तथा 55 एम्बुलेंस को विभिन्न क्षेत्रों में तैनात रखने की योजना बनाई गई है ताकि आपातकालीन स्थिति में प्रभावित लोगों को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सके। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि जिले में कुल 3,542 खराब चापाकलों के विरुद्ध अब तक 2,421 चापाकलों की मरम्मती का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। बेगूसराय एवं तेघड़ा प्रमंडल के भू-जल स्तर की स्थिति का भी विश्लेषण प्रस्तुत किया गया तथा शेष चापाकलों की मरम्मती शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। जल संसाधन विभाग द्वारा संभावित कटाव एवं बाढ़ से सुरक्षा हेतु आवश्यक सामग्रियों के भंडारण की जानकारी दी गई। प्रमंडलीय एवं केंद्रीय स्टोर्स में 5.29 लाख ईसी बैग, पर्याप्त संख्या में जियो बैग, वायर क्रेट्स तथा पॉर्क्यूपाइन सेट्स सुरक्षित रखे गए हैं। इन सामग्रियों का उपयोग संवेदनशील तटबंधों एवं कटाव प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यकता अनुसार किया जाएगा। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा अंचलवार संवेदनशील आबादी का अद्यतन डाटाबेस तैयार किया गया है।

# मंत्री ने किया बेली ब्रिज का स्थल निरीक्षण

## डीएम व एसपी ने तैयारियों का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** राज्य के पथ निर्माण मंत्री ईंजीनियर शैलेन्द्र कुमार ने आज यहां पूर्व बिहार की जीवनरेखा विक्रमशिला गंगा सेतु पर निर्मित बेली ब्रिज का स्थल निरीक्षण कर आवागमन चालू होने के सभी तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान पथ निर्माण मंत्री श्री कुमार ने नवनिर्मित बेली ब्रिज पर रविवार से आवागमन चालू करने हेतु सभी तैयारियों का जायजा लेने के बाद विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने उम्मीद जताई है कि फिर से विक्रमशिला सेतु पर दोपहिया और चारपहिया वाहनों के परिचालन होने से भागलपुर और नवगछिया के तरफ़ की एक बड़ी आबादी (लाखों लोगों) को आवाजाही में सुविधा होगी। मौके पर जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी, जिला भाजपा अध्यक्ष संतोष कुमार सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

जिला प्रशासन द्वारा बेली ब्रिज पर रविवार से आवागमन प्रारंभ कराने के लिए सुरक्षा, यातायात प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा कर अंतिम तैयारियों को



सुनिश्चित किया गया है। इधर देर शाम को पथ निर्माण विभाग के सचिव, पंकज कुमार पाल द्वारा भी स्थल का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

इसी क्रम में जिलाधिकारी, भागलपुर डॉ. नवल किशोर चौधरी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने बेली ब्रिज का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा प्रबंध, यातायात संचालन, संकेतक व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। रविवार को ग्यारह बजे से विक्रमशिला सेतु पर निर्मित बेली ब्रिज से छोटे दो एवं चारपहिया वाहनों का आवागमन प्रारंभ कर दिया जाएगा। बेली ब्रिज के चालू होने से विक्रमशिला सेतु क्षेत्र में यातायात का दबाव कम होगा तथा आमजन को आवागमन में सुविधा प्राप्त होगी। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से निर्धारित यातायात नियमों एवं प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने तथा सुरक्षित एवं सुगम आवागमन बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की।

# अपराधमुक्त समाज के निर्माण में करें सहयोग

## गोष्ठी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पुलिस एवं आमजन के बीच बेहतर संवाद एवं आपसी विश्वास सुदृढ़ करने के लिए शनिवार को नगर एवं मुफ़स्सिल थाना में लोक-संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन मगध क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक विकास वैभव के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के नेतृत्व में




आयोजन किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों और पुलिस प्रशासन के बीच प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करना है, जिससे स्थानीय समस्याओं, कानून-व्यवस्था से संबंधित मुद्दों, सामाजिक चुनौतियों एवं जन-सुरक्षा संबंधी विषयों पर खुलकर चर्चा की जा सके। गोष्ठी के माध्यम से लोगों ने अपने सुझाव, शिकायतें एवं समस्याएँ सीधे पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं जिनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान किया गया तथा कुछ मामलों में समाधान का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि लोक-संवाद गोष्ठी के माध्यम से पुलिस और जनता के बीच नियमित संवाद एवं सहभागिता से न केवल कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनेगा। साथ ही समाज में सुरक्षा, विश्वास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बढ़ेगा। उन्होंने लोगों से अपील कि है कि लोक-संवाद गोष्ठी में सक्रिय रूप से भाग लेकर अपने बहुमूल्य सुझाव एवं विचार साझा करें तथा सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं अपराधमुक्त समाज के निर्माण में सहयोग प्रदान करें।

# हथियारों के जखिरे के साथ एक धराया

भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। बिहार में भागलपुर जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र में आज पुलिस ने हथियारों के जखीरे के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। भागलपुर के नगर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने शनिवार को यहां बताया कि इस क्षेत्र के राघोपुर गांव में आज एक अपराधी द्वारा किसी बड़े अपराध को अंजाम देने हेतु अपने घर पर अवैध आग्नेयास्त्र जमा करने की सूचना पर वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक की निगरानी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (नगर)- दो तथा नाथनगर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने उक्त अपराधी के घर पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि इस दौरान अपराधी के पास से एक देशी कट्टा, एक देशी राइफल, एक देशी बंदूक, राइफल का टुटा एक बट और सात जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। वहीं पकड़े गए अपराधी की पहचान सुरेश मंडल उर्फ़ अशोक कुमार के रुप में हुई है और वह राघोपुर गांव का रहने वाला है। नगर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस सिलसिले में पुलिस ने एक प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस ने उक्त अपराधी की अपराधिक गतिविधियों की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# रेलवे ने लगाए तीन सौ पौधे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर धनबाद रेल मंडल ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत साइकिल रैली से हुई, जिसमें रेलवे अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली बच्चे और स्काउट्स एंड गाइड्स के सदस्य शामिल हुए। साइकिलिंग करते हुए सभी प्रतिभागी धनबाद स्टेशन के पिछले छोर तक पहुंचे, जहां करीब 300 पौधे लगाए गए। रेलवे द्वारा 15 मई से शुरू किए गए पर्यावरण



अभियान का समापन 5 जून, विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ। इस अभियान के तहत रेलवे ने 5000 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया था। इसी कड़ी में स्टेशन परिसर और उसके आसपास के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोगों को केवल पौधे लगाने ही नहीं, बल्कि उनकी देखभाल और पेड़ों को बचाने का भी संदेश दिया गया। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की जिम्मेदारी है। हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण को संतुलित रखने के उद्देश्य से यह पहल लगातार जारी रहेगी।

CMYK

# औरंगाबाद में उद्यमिता की मिसाल बना मशरूम उत्पादन

## कोरोना काल में शुरू हुई पहल आज बनी बिहार की सबसे बड़ी मशरूम उत्पादन इकाई | दो सौ से अधिक लोगों को मिला रोजगार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जब अधिकांश युवा सरकारी नौकरी की तलाश में शहरों की ओर रुख कर रहे हैं तब औरंगाबाद के युवा उद्यमी परमानंद सिंह ने खेती को आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जोड़कर सफलता की ऐसी कहानी लिखी है, जो आज पूरे बिहार के लिए प्रेरणा बन चुकी है। वर्ष 2020 में कोरोना महामारी के दौरान जब आर्थिक गतिविधियां ठप पड़ रही थीं, तब उन्होंने आपदा को अवसर में बदलते हुए मशरूम उत्पादन की शुरुआत की। आज यह पहल न केवल बिहार की सबसे बड़ी मशरूम उत्पादन इकाई बन चुकी है बल्कि 200 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार भी उपलब्ध करा रही है। औरंगाबाद सदर प्रखंड के यारी गांव स्थित न्यूट्री एग्रो फ्रेश कंपनी का मशरूम उत्पादन केंद्र लगभग आठ एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। छोटे स्तर से शुरू



"औरंगाबाद के उद्यमी परमानंद सिंह की ये पहल औरंगाबाद को मशरूम उत्पादन हब में बदल चुकी है और अब बेहतर मार्केटिंग की सहायता से उत्पादित मशरूम के लिए बाज़ार की कमी नहीं है। शुरूआती दौर में बागवानी मिशन से इन्हें सहयोग दिया गया था लेकिन अब यह यूनिट काफी विस्तृत हो गया है। कृषि विभाग किसानों को प्रशिक्षण के लिए इस यूनिट में भेजता रहा है। यह पूरे बिहार के लिए गर्व की बात है।"

**संदीप राज**
**जिला कृषि पदाधिकारी**

हुआ यह उद्यम आज राज्य में मशरूम उत्पादन का बड़ा केंद्र बन गया है। यहां प्रतिमाह औसतन 200 से 250 मीट्रिक टन मशरूम का उत्पादन किया जा रहा है। कंपनी के देखरेखकर्ता अमरजीत बताते हैं कि शुरुआती दौर में इकाई को आर्थिक और तकनीकी दोनों तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा। मशरूम उत्पादन की बारीकियों को समझने में समय लगा और आर्थिक संकट भी सामने आया। बाद में बैंक से ऋण लेकर उत्पादन को विस्तार दिया गया। धीरे-धीरे व्यवसाय लाभदायक हुआ और प्राप्त मुनाफ़े को पुनः उत्पादन क्षमता बढ़ाने में निवेश किया गया। आज इस इकाई में सैकड़ों श्रमिक कार्यरत हैं, जिनमें

**● वर्ष 2020 में कोरोना काल के दौरान की मशरूम उत्पादन की शुरुआत ● अब तक किया जा चुका लगभग 10 करोड़ रुपये का निवेश ● प्रतिमाह 200 से 250 मीट्रिक टन मशरूम का हो रहा उत्पादन ● बिहार की सबसे बड़ी मशरूम उत्पादन इकाई के रूप में हो चुका विकसित ● 200 से अधिक लोगों को रोजगार मिला है, जिनमें लगभग 80 प्रतिशत महिलाएं हैं ● कोलकाता, ओडिशा, जमशेदपुर, रांची, वाराणसी, पटना और गया सहित कई शहरों में की जा रही आपूर्ति ● व्यवसाय का विस्तार कर स्थानीय स्तर पर और अधिक रोजगार सृजित करना है लक्ष्य**

लगभग 80 प्रतिशत महिलाएं हैं। महिलाएं मशरूम उत्पादन से जुड़े कटाई, कंपोस्ट निर्माण, पैकिंग और विद्युत संचालन जैसे कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। अमरजीत के अनुसार मशरूम उत्पादन की प्रक्रिया पूरी होने में लगभग 51 दिन लगते हैं जिसके बाद फसल कटाई के लिए तैयार हो जाती है। परमानंद सिंह ने लगभग नौ वर्षों की मेहनत और करीब 10 करोड़ रुपये के निवेश से इस विशाल उत्पादन इकाई को विकसित किया है। उन्होंने पारंपरिक रोजगार की राह छोड़कर कृषि आधारित उद्यमिता को अपनाया और उसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनकी प्रारंभिक शिक्षा औरंगाबाद के सरस्वती शिशु मंदिर में हुई जबकि स्नातक की पढ़ाई पटना स्थित मगध विश्वविद्यालय की शाखा से वाणिज्य विषय में पूरी की। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बलिया जिले से संबंध रखने वाले परमानंद सिंह का जन्म औरंगाबाद में हुआ। उनके पिता वर्षों पहले व्यवसाय के सिलसिले में यहां आए थे और उन्होंने यहां भूमि खरीदी



थी। उसी भूमि पर आज न्यूट्री एग्रो फ्रेश कंपनी स्थापित है। परमानंद सिंह बताते हैं कि मशरूम उत्पादन इकाई स्थापित करने के दौरान कई बार परिस्थितियां ऐसी बनीं जब उनका मनोबल डगमगाया लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। लगातार प्रयास और दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर उन्होंने अपने लक्ष्य को हासिल किया। आज बटन मशरूम का यह व्यवसाय न केवल उनकी आर्थिक मजबूती का आधार बना है बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार का भी बड़ा स्रोत बन गया है। आधुनिक तकनीक से संचालित इस इकाई में तापमान नियंत्रण की अत्याधुनिक व्यवस्था की गई है। वैज्ञानिक पद्धति से उत्पादन होने के कारण मौसम और मानसून का प्रभाव उत्पादन पर नहीं पड़ता। वर्तमान में यहां उत्पादित मशरूम की आपूर्ति कोलकाता, ओडिशा, जमशेदपुर, रांची, वाराणसी, पटना और गया सहित कई प्रमुख शहरों में की जा रही है। स्थानीय स्तर पर उपभोक्ताओं को घर तक ताजा मशरूम पहुंचाने की सुविधा भी दी जा रही है। जहां बाजार में 200 ग्राम मशरूम का पैकेट लगभग 50 रुपये में उपलब्ध है, वहीं यह इकाई 35 से 40 रुपये में उपभोक्ताओं को ताजा मशरूम उपलब्ध करा रही है। बेहतर गुणवत्ता के कारण बाजार में इसकी मांग लगातार बढ़ रही है। परमानंद सिंह का लक्ष्य इस व्यवसाय का और विस्तार करना है ताकि स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने सरकार से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि यदि आवश्यक समर्थन मिले तो मशरूम उत्पादन के क्षेत्र में बिहार राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान बना सकता है।

# सड़क दुर्घटनाओं में तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में शनिवार को हुई सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुटुंबा थाना क्षेत्र के अंबा-नवीनगर मुख्य मार्ग पर तमसी मोड़ के पास दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई जबकि एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान कुटुंबा थाना क्षेत्र के झिकटिया गांव निवासी नवल मौआर के 25 वर्षीय पुत्र अमन कुमार पांडेय उर्फ कइल के रूप में की गई है। वहीं घायल किशोर मुकेश का इलाज चल रहा है। परिजनों और स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार मुकेश को अपनी बाइक में पेट्रोल भरवाना था। वह गांव के ही अमन कुमार पांडेय को साथ लेकर बाइक से पेट्रोल पंप जा रहा था। इसी दौरान जब दोनों तमसी मोड़ के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने तत्काल दोनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने अमन कुमार पांडेय की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि सदर अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसकी मौत हो गई। कुटुंबा थानाध्यक्ष मो. इमरान आलम ने बताया कि दो बाइकों की टक्कर की सूचना मिली थी। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया जहां एक युवक की मौत हो गई। पुलिस दुर्घटना में शामिल वाहनों की पहचान और मामले की जांच में जुटी हुई है। वहीं उपहारा थाना क्षेत्र के हरिगांव मिडिल स्कूल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल बाइक सवार महिला ने इलाज के लिए ले जाते समय उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतका की पहचान मियांपुर गांव निवासी रणविजय यादव की 38 वर्षीय पत्नी अनिता देवी के रूप में हुई है। वह अपने गांव के छोटू कुमार के साथ बाइक से समूह का पैसा निकालने गोह जा रही थीं। जैसे ही उनकी बाइक हरीगांव मिडिल स्कूल के पास पहुंची, तभी एक अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़े और अनिता देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था लेकिन स्थिति गंभीर होने के कारण उन्होंने रास्ते में ही तेयाप गांव के पास दम तोड़ दिया। वहीं ओबरा थाना क्षेत्र के बेल गांव में खुदवा-फ़ेसर पथ पर गुड्डू मेडिकल के समीप एक तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान दाउदनगर थाना क्षेत्र के महावर गांव निवासी स्वर्गीय ईश्वरधारी राम की पत्नी हेवंती कुंवर के रूप में की गई है। ग्रामीणों के अनुसार हेवंती कुंवर बेल गांव में शिक्षक रामजन्म राम के घर आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने आई थीं। समारोह से लौटने के दौरान जब वह बेल बाजार पहुंचीं तभी पचरुखिया की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी गंभीर थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

# मुख्यमंत्री से मिले रफीगंज विधायक प्रमोद सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** रफीगंज के विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से शिष्टाचार एवं सकारात्मक मुलाकात की। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों, जनसमस्याओं तथा विभिन्न महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। मुलाकात के दौरान विधायक ने बलीगांव में शहीद जगदेव प्रसाद की आदमकद प्रतिमा के अनावरण के लिए मुख्यमंत्री से समय देने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने इस प्रस्ताव को सहर्ष स्वीकार करते हुए जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में कार्यक्रम में शामिल होने का आश्वासन दिया। विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र के विकास, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर भी मुख्यमंत्री से सकारात्मक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने सभी मुद्दों



पर संवेदनशीलता दिखाते हुए आवश्यक पहल का भरोसा दिलाया। मुलाकात के बाद विधायक ने मुख्यमंत्री के स्नेह, मार्गदर्शन और विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए आभार व्यक्त किया। राजनीतिक गलियारों में इस मुलाकात को रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। लोगों का कहना है कि इससे रफीगंज के विकास को नई गति मिलेगी।

# सड़क हादसे में जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पटना-औरंगाबाद एनएच 139 पर जम्होर थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव के समीप शनिवार को तेज रफ्तार और ओवरटेक करने के दौरान एक अर्टिगा कार के चालक ने स्कॉर्पियो में जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में औरंगाबाद के प्रसिद्ध चिकित्सक एवं जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन घायल हो गये। हालांकि स्कॉर्पियो का एयरबैग समय पर खुल जाने के कारण वे गंभीर हादसे से बाल-बाल बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अर्टिगा कार तेज गति से चल रही थी और ओवरटेक करने के प्रयास में चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया जिससे स्कॉर्पियो को जोरदार टक्कर लग गई। टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। बताया जाता है कि दुर्घटना में स्कॉर्पियो को काफी क्षति पहुंची है जबकि डॉ. रवि रंजन को हल्की चोटें आई हैं। चिकित्सकों ने उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई है। इस घटना ने एक बार फिर एनएच-139 पर सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लगातार हो रही दुर्घटनाओं से लोगों में चिंता बढ़ती जा रही है।

# स्टेट प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहे खिलाड़ियों से विधायक ने की मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पटना रवाना हो रहे खिलाड़ियों से औरंगाबाद के विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान खिलाड़ियों ने खेल मैदान, खेल सामग्री तथा अन्य खेल संबंधी समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। विधायक ने खिलाड़ियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि खेल मैदान एवं आवश्यक खेल सामग्री की व्यवस्था के लिए जल्द से जल्द प्रयास किया जाएगा। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे



राज्य एवं अंतरराज्यीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर औरंगाबाद जिले का नाम रोशन करें। साथ ही खिलाड़ियों को पूरी मेहनत, अनुशासन और लगन के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। यह मुलाकात एथलेटिक्स कोच कृष्ण बल्लभ सिंह एवं कोच अमृत प्रकाश के प्रयास से आयोजित की गई। दोनों कोच खिलाड़ियों को उनकी खेल संबंधी समस्याओं से अवगत कराने के लिए विधायक से मिलने लेकर पहुंचे थे। मौके पर एथलेटिक्स खिलाड़ी आयुष कुमार, युवराज, परिधि सिंह, अनुप्रिया, माही, हर्ष, अभिषेक सहित अन्य खिलाड़ी उपस्थित रहे। वहीं कोच अंकित एवं शारीरिक शिक्षक रवि शंकर भी मौजूद थे। खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी समस्याओं और सुझावों को विधायक के समक्ष रखा जिस पर विधायक ने सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया तथा सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। अंत में खिलाड़ियों ने विधायक का आभार व्यक्त किया और प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लिया।

# अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ करने व अपराध पर नियंत्रण के उद्देश्य से शुक्रवार की रात पूरे जिले में पुलिस ने विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान से अपराधियों में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्रमुख सड़कों, चौक-चौराहों तथा संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती कर वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच की गई। पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के तहत दो पहिया, चार पहिया तथा मालवाहक वाहनों को रोककर उनके दस्तावेजों की जांच की गई। साथ ही वाहनों की तलाशी लेकर यह सुनिश्चित किया गया कि उनमें शराब, नशीले पदार्थ अथवा अन्य प्रतिबंधित सामग्री का अवैध परिवहन न हो रहा हो। देर रात तक चले अभियान के दौरान यात्रियों की पहचान भी सत्यापित की गई तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई।

# अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर होगी सख्त कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** हालिया गंभीर अग्निकांड की घटनाओं को दृष्टिगत बिहार के राज्य अग्निशमन पदाधिकारी सह निदेशक के निदेशानुसार जिले में संचालित अस्पतालों एवं नर्सिंग होम्स का अग्नि सुरक्षा प्रबंधन ऑडिट कराया गया। यह कार्य जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के मार्गदर्शन में जिला अग्निशमन पदाधिकारी प्रभा कुमारी, सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी अंतरा कुमारी एवं सदर अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी रामाकांत सिंह द्वारा संयुक्त रूप से कराया गया। ऑडिट के दौरान अग्नि सुरक्षा मानकों का अनुपालन नहीं करने वाले परिसरों



के विरुद्ध सीलिंग नोटिस निर्गत करने की कार्रवाई की गई। साथ ही जिले में संचालित सभी होटल, लॉज, गेस्ट हाउस एवं अन्य आवासीय एवं लॉजिंग प्रतिष्ठानों का भी तत्काल अग्नि सुरक्षा प्रबंधन ऑडिट किया गया तथा संबंधित प्रतिष्ठानों को 15 दिनों के भीतर अग्नि सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने एवं विधिवत अनुमतियों के प्रमाण सहित एलपीजी सिलिंडरों के उपयोग से संबंधित अनिवार्य स्व-घोषणा पत्र उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में शनिवार को जिले में संचालित नवजात शिशु चिकित्सा केन्द्र, आस्था नर्सिंग होम सहित अन्य पांच नर्सिंग होम्स एवं अस्पतालों तथा दो होटलों का अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अग्नि सुरक्षा संबंधी आवश्यक मानकों, उपलब्ध संसाधनों, आपातकालीन निकास व्यवस्था, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता एवं उनके संचालन की स्थिति का आकलन कर संबंधित संस्थानों को निर्धारित मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

# अलग-अलग अपराधों में 40 लोग गये जेल

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में शुक्रवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 57 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 40 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हत्या के शीर्ष में दो, दुष्कर्म मामले में दो, एसटी-एसटी एक्ट में 5, हत्या के प्रयास में 15, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 13 तथा अन्य मामलों में 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# एसडीआरएफ टीम ने बाढ़ सुरक्षा पर दी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय परिसर स्थित जिला योजना भवन में बाढ़ सुरक्षा संबंधी एक व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार के मार्गदर्शन में एवं जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार 01 से 07 जून तक आयोजित बाढ़ सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता (विशेष कार्यक्रम) मो. सादुल हसन खान के साथ अपर समाहर्ता (लोशिनि) जय प्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन उपेन्द्र पंडित तथा सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी अंतरा कुमारी भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का आयोजन जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में किया गया तथा इसका संचालन राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य संभावित बाढ़ आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों, कर्मियों एवं आमजन को प्रशिक्षित एवं जागरूक करना था। मॉक ड्रिल के दौरान एसडीआरएफ टीम द्वारा बाढ़ की स्थिति में बचाव कार्य, सुरक्षित निकासी, प्राथमिक उपचार, जीवनरक्षक उपकरणों के उपयोग तथा आपदा के समय अपनाई जाने वाली सावधानियों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के प्रति सजग रहने तथा आपदा के समय प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मॉक ड्रिल से आपदा के समय बेहतर समन्वय स्थापित करने एवं जनहानि को न्यूनतम करने में सहायता मिलती है। आयोजित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, बिहार अग्निशमन सेवा, कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कर्मी, एनसीसी, स्काउट एंड गाइड के बच्चे एवं अन्य प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

पशुधन द्वारा
जीवन में गुणात्मक सुधार

**पशुपालकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना**

**पशुओं की बेहतर सेहत—पशुपालकों की खुशहाली**

बिहार के समस्त पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, पटना की आधुनिक प्रयोगशालाओं में आपके पशुओं के स्वास्थ्य की जाँच हेतु निम्नलिखित सुविधाएँ नियमित रूप से नि:शुल्क उपलब्ध हैं–

उपलब्ध नि:शुल्क जाँच सुविधाएँ:

| जाँच का प्रकार | प्रमुख परीक्षण |
|---|---|
| खून की जाँच | ब्लड प्रोटोजोआ, T.C., D.C., ESR, हीमोग्लोबिन |
| संक्रामक रोग | जोन्स डिजीज, T.B., ब्रुसेलोसिस, ग्लैंडर्स टेस्ट |
| दूध एवं मूत्र | मिल्क कल्चर सेंसिटिविटी, यूरिन रूटीन एवं यूरिन कल्चर |
| पोल्ट्री (मुर्गी पालन) | P.M., पैरासिटोलॉजिकल, पैथोलॉजिकल बैक्टीरियोलॉजिकल एवं जल जाँच |
| अन्य महत्वपूर्ण जाँच | गोबर (Fecal) जाँच, स्किन स्क्रेपिंग, लिम्फ नोड बायोप्सी<br>पशु आहार टेस्ट (सशुल्क) |

अपने बीमार पशुओं के सटीक उपचार और बेहतर उत्पादन के लिए आज ही संस्थान की सेवाओं का लाभ उठाएं। नि:शुल्क जाँच हेतु सैंपल के साथ पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना से संपर्क करें।




PR No.- 005115 (Animal)D. 2026-27

स्थान: पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय के समीप, पटना।

पशुपालन निदेशालय
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार

@BiharDFARD